
हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

नव वर्ष की शुभकामनाएं 2024



### इसरो की नए साल के पहले दिन ही

# अंतरिक्ष में 'नई छलांग'

## रचेगा इतिहास, पीएसएलवी-सी 58 फ्लाइट के जरिए चार स्टार्ट-अप की होगी अंतरिक्ष में एंट्री

*उपग्रह को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सुबह 9 बजकर 10 मिनट पर ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान रॉकेट पर लॉन्च किया जाएगा।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नए साल के पहले दिन ही इसरो इतिहास रचेगा। पीएसएलवी-सी58 फ्लाइट के जरिए चार स्टार्ट-अप की अंतरिक्ष में एंट्री होगी। ध्रुव स्पेस पीएसएलवी-सी58 मिशन के तहत आकांक्षी पेलोड के लिए लॉन्चिंग अभियान एलईएपी-टीडी पेलोड के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष कक्षा में पी-30 नैनोसैटेलाइट प्लेटफॉर्म की मजबूती को दर्शाएगा। ये एक्सपीओसेट उपग्रह लॉन्च करेगा। चार भारतीय अंतरिक्ष अंतरिक्ष आधारित स्टार्ट-अप और अन्य अनुसंधान संस्थानों के पेलोड को ▶▶ शेष पेज 7 पर






## ब्लैक होल की जानकारी जुटाएगा भारतीय उपग्रह

*एक्सओसेट का लक्ष्य उज्ज्वल खगोलीय एक्स-रे स्रोतों की जटिलताओं को उजागर करना, चरम स्थितियों में उनकी जटिल गतिशीलता की जांच करना है। अंतरिक्ष यान निम्न-पृथ्वी कक्षा अन्वेषण के लिए डिजाइन किए गए दो अत्याधुनिक वैज्ञानिक पेलोड ले जाता है। प्राथमिक उपकरण, पोलिक्स (एक्स-रे में पोलारिमीटर उपकरण) को ध्रुवीकरण की डिग्री और कोण जैसे पोलारिमेट्री मापदंडों को मापने का काम सौंपा गया है। खगोलीय उत्पत्ति के 8-30 केवी फोटॉन की मध्यम एक्स-रे ऊर्जा रेंज में काम करते हुए, पोलिक्स आकाशीय पिंडों से एक्स-रे उत्सर्जन की हमारी समझ में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है। एक्सओसेट में एक्सपेक्ट (एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोपी और टाइमिंग) पेलोड भी है, जिसे 0.8-15 केवी की ऊर्जा रेंज में स्पेक्ट्रोस्कोपिक जानकारी प्रदान करने के लिए इंजीनियर किया गया है, जो ब्लैक होल, न्यूट्रॉन सहित विभिन्न खगोलीय स्रोतों के उत्सर्जन तंत्र में अमूल्य अंतर्दृष्टि, तारे, सक्रिय गैलेक्टिक नाभिक, पल्सर पवन नीहारिकाएं और बहुत कुछ प्रदान करता है। जबकि मौजूदा अंतरिक्ष-आधारित वेधशालाओं ने स्पेक्ट्रोस्कोपिक और टाइमिंग डेटा प्रस्तुत किया है। पोलारिमेट्री माप के अलावा दो महत्वपूर्ण आयाम पेश किए गए हैं - ध्रुवीकरण की डिग्री और कोण। डेटा की यह अतिरिक्त परत एक असाधारण निदान उपकरण के रूप में कार्य करती है, जो संभावित रूप से खगोलीय उत्सर्जन के आसपास के रहस्यों को उजागर करती है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि एक्सपीओसैट मिशन* ▶▶ शेष पेज 7 पर

### मोदी के मुकाबले कौन, के सवाल पर नेता विहीन नजर आता है विपक्षी खेमा

# लोकसभा चुनावः मोदी के सामने पस्त नजर आ रहा है कमजोर और बिखरा हुआ विपक्ष

### उत्तर भारत भाजपा की ताकत, यहां कांग्रेस बेहद कमजोर हालत में

### आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल दल एकजुटता की बजाय खुद को बड़ा दिखाने के फेर में उलझे, कांग्रेस को अपने राज्यों में महत्त्व देने के मूड में नहीं ममता, नीतीश, अखिलेश, उद्धव और केजरीवाल

### भाजपा की बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक पर पैनी नजर





आनंद राणा ▶▶ नई दिल्ली

हरिभूमि स्पेशल स्टोरी

राजनैतिक नजरिये से देखें तो 2024 का इंतजार बड़ी बेसब्री से था। सबसे बड़ी वजह इस साल होने वाला लोकसभा चुनाव है। राजनैतिक पार्टियां पिछले कई महीनों से चुनावी रंग में रंगी हुई हैं। पिछले साल दिसंबर में तीन बड़े राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ का विधानसभा चुनाव जीतने के बाद उत्साहित भाजपा इस बात को लेकर निश्चित नजर आ रही है कि नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालेंगे। भाजपा नेता दावा कर रहे हैं कि 2024 की ▶▶ शेष पेज 7 पर

### मोदी के मुकाबले कौन?

भाजपा के पास मोदी हैं विपक्ष के पास कौन है? आम मतदाताओं से लेकर राजनैतिक विचारकों को यह सवाल 2019 में भी मंथन पर मजबूर कर रहा था और 2024 में भी यह अपना जवाब तलाश रहा है। सवाल सीधा है, चुनावी रण में मोदी के कद का कौन नेता विपक्ष के पास है जो अपनी नेतृत्व क्षमता के बल पर लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने की कुव्वत रखता हो? आईएनडीआईए गठबंधन की घोषणा करने के बाद ▶▶ शेष पेज 7 पर

### विपक्ष का प्लानः हर सीट पर एक साझा उम्मीदवार

आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल दल इस बात पर तो सहमत है कि लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करनी है तो हर सीट पर भाजपा के मुकाबले एक ही सांझा उम्मीदवार उतारा जाए पर राज्यों में गठबंधन के सहयोगी सीट शेयरिंग में कांग्रेस को महत्त्व देने के मूड में ही नहीं हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और पंजाब जैसे राज्यों में कांग्रेस को कोई भी सहयोगी ▶▶ शेष पेज 7 पर

### भाजपा की इन राज्यों की लोकसभा सीटों पर पैनी नजर

भाजपा बंगाल की 42, महाराष्ट्र की 48, बिहार की 40,कर्नाटक की 28 और झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर पैनी नजर बनाए हुए है। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि इन राज्यों में अगर योजना और उम्मीद के अनुसार सीटें नहीं आई तो 272 के जादुई आंकड़े के पास पहुंचने में दिक्कत आ सकती है। इन पांच राज्यों में कुल 172 सीटें हैं। 2019 के चुनाव में हालात दूसरे थे। पिछले लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना का मजबूत गठबंधन था। बिहार में भाजपा और जदयू साथ थे। तब एक साथ राजग गठबंधन में ▶▶ शेष पेज 7 पर

### उत्तर भारत में अब हुई भाजपा बेहद ताकतवर

*भाजपा की असल ताकत उत्तर भारत है। राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की जीत ने भाजपा की ताकत को और बढ़ा दिया है। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे, शरद पवार और कांग्रेस एकजुटता से लड़ें तो भाजपा को मुश्किल हो सकती है ऐसी ही स्थिति बिहार में जदयू और राजद से मुकाबला करते समय भाजपा को झेलनी पड़ सकती है। कांग्रेस के पास अपने खुद के दम पर कुछ पाने के लिए सिर्फ कर्नाटक और तेलंगाना ही हैं जो लोकसभा चुनाव में उसके लिए उम्मीद की किरण बन सकते* ▶▶ शेष पेज 7 पर

## सरकार ने 16वें वित्त आयोग का किया ऐलान, अरविंद पनगढ़िया होंगे अध्यक्ष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने 16वें वित्त आयोग का गठन कर दिया है। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया को वित्त आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है।

इसके अलावा ऋत्विक रंजनम पांडे को आयोग का सचिव बनाया गया है। आयोग के अन्य सदस्यों के नाम बाद में घोषित किए जाएंगे। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के हिसाब से आयोग के सदस्यों का कार्यकाल 31 अक्टूबर, 2025 तक या रिपोर्ट प्रस्तुत करने की तारीख तक के लिए होगा।

### आयोग के सदस्यों का कार्यकाल 31 अक्टूबर, 2025 तक

ऋत्विक रंजनम पांडे को आयोग के सचिव



### इन विषयों पर राय देगा वित्त आयोग

केंद्र सरकार द्वारा गठित 16वां वित्त आयोग संघ और राज्यों के बीच करों के बंटवारे, राजस्व अनुदान और राज्य के वित्त आयोगों द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर राज्य में पंचायतों और नगर पालिकाओं के संसाधनों के संपूरण के लिए राज्य की संचित निधि को बढ़ने के लिए आवश्यक ▶▶ शेष पेज 7 पर




**महाराष्ट्रः छत्रपति संभाजीनगर में घटना**

## फैक्ट्री में लगी आग, सो रहे छह मजदूरों की हुई जलकर मौत

एजेंसी ▶▶ मुंबई



महाराष्ट्र में साल के आखिरी दिन दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां छत्रपति संभाजीनगर में रविवार तड़के दस्ताने बनाने वाली एक फैक्ट्री में भीषण आग लगने से कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई है। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया।

और फैक्ट्री में फंसे मजदूरों को बाहर निकाला। आग की चपेट में आकर झुलसे मजदूरों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वाले मजदूरों का आंकड़ा और बढ़ने की आशंका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फैक्ट्री महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम के वालुज क्षेत्र में स्थित है। यहां काम करने वाले मजदूरों ने बताया कि फैक्ट्री में रात 2:00 बजे के आसपास आग लगी। तब काम बंद था और अंदर 10-15 मजदूर अंदर सो रहे थे।

उन्होंने बताया कि फैक्ट्री में अचानक आग की लपटें देख मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ लोग बाहर निकलने में कामयाब रहे, लेकिन 5-6 लोग अंदर ही फंसे रह गए। नवंबर में भी महाराष्ट्र के रायगढ़ में स्थित एक ▶▶ शेष पेज 7 पर

**भारतीय सीमा के पास छिटपुट गोलीबारी**

## म्यांमार से भागकर मिजोरम पहुंचे 151 सैनिक, भारत में शरण लेने को मजबूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पड़ोसी देश म्यांमार में शिविरों पर एक सशस्त्र जातीय समूह द्वारा कब्जा कर लिए जाने के बाद म्यांमार के लगभग 151 सैनिक मिजोरम के लांग्टलाई जिले में भागकर आ गए। म्यांमार की सेना के जवानों को 'टाटमाडॉ' के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपने हथियारों के साथ भागकर भारत में शरण लिया।

असम राइफल्स के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि लांग्टलाई जिले के तुइसेंटलांग में असम राइफल्स के पास पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से भारतीय सीमा के करीब के इलाकों में म्यांमार सेना और अराकान सेना के लड़ाकों के बीच छिटपुट गोलीबारी हो रही थी। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को मिजोरम में प्रवेश करने वाले म्यांमार सेना के कुछ जवान गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें असम राइफल्स द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया। अधिकारी ने कहा कि म्यांमार के सैनिक अब म्यांमार सीमा के पास लांग्टलाई जिले के पारवा में असम राइफल्स की सुरक्षित हिरासत में हैं। ▶▶ शेष पेज 7 पर

## सड़कों पर उत्पात मचाने और हुड़दंग करने वालों पर रही पुलिस की नजर

# नए साल के जश्न में डूबी दिल्ली, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी









हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नव वर्ष की पूर्व संध्या पर नए साल के जश्न में दिल्ली के लागे डूब नजर आए। दिल्ली के कनॉट प्लेस, कर्तव्य पथ और इंडिया गेट पर दोपहर बाद से ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। देर शाम तक कनॉट प्लेस, इंडिया आदि प्रमुख जगहों पर भारी संख्या में लोग एकत्रित हुए।

वहीं दिल्ली के रेस्टोरेंटों और मॉलों में भी लोगों की काफी भीड़ देखी गई। उधर रेस्टोरेंटों और मॉल भी नए साल के स्वागत के लिए पूरी तैयार थे। उधर पुलिस ने लोगों सुरक्षा के लिए व्यापक तैयारियां कर रखी हैं। वहीं जाम की स्थिति से निपटने के लिए भी दिल्ली यातायात पुलिस ने व्यापक प्रबंध किए हुए हैं।




### रात 12 बजते ही लोगों ने फोड़े पटाखे

दिल्ली वाले वर्ष 2023 के अंतिम दिन जश्न मनाने के लिए रात बारह बजने का इंतजार करते रहे और जैसे ही 12 बजे तो लोगों ने नववर्ष 2024 का स्वागत धूमधान तरीके से किया। दिल्ली में कहीं युवाओं ने रात को पटाखे फोड़े तो कहीं पर रिसोर्ट, होटलों, रेस्टोरेंट और क्लबों में आयोजित रंगारंग पार्टियों में फिल्मी धुनों पर जमकर नाचे और अपने अपने अंदाज में सेल्फी के साथ नव वर्ष का स्वागत हर्षोल्लास और धूमधाम से किया।

### 10 हजार से अधपुलिस कर्मी रहे तैनात

दिल्ली पुलिस नये वर्ष 2024 की पूर्व संध्या पर दिल्ली में कोई अप्रिय घटना ना घटे और कानून व्यवस्था बनी रहे इसके लिए दिल्ली पुलिस ने 10 हजार पुलिसकर्मी तैनात रहे। वहीं वाहनों की सुगम आवाजाही के लिए 2,500 से अधिक यातायात कर्मी तैनात रहे। इस बात की जानकारी रविवार को अधिकारियों ने दी। उपायुक्त (उत्तर पूर्व) जॉय तिर्की ने कहा कि हम चाहते हैं कि सभी हर्षोल्लास के साथ नववर्ष का स्वागत करें। नव वर्ष की संध्या पर सड़कों पर उत्पात मचाने वालों पर दिल्ली पुलिस के जवान पैनी नजर बनाए हुए है। अगर कोई सड़कों पर उत्पाद मचाता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### मोटरसाइकिल पर स्टंट करने पर सख्त पाबंदी

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दिल्ली में नशे में गाड़ी चलाना, मोटरसाइकिल पर स्टंट करना और किसी भी वाहन के जरिये कर्कश ध्वनि उत्पन्न करने पर सख्त पाबंदी है।

अधिकारी ने कहा कि किसी को भी नियमों का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि नशे में गाड़ी चलाने पर अंकुश लगाने के लिए दिल्ली यातायात पुलिस की लगभग 250 टीम तैनात रहीं। वहीं 450 मोटरसाइकिल सवार जवान भी विभिन्न स्थानों पर नजर बनाए हुए थे।

### आग की घटनाओं से निपटने के लिए तैनात रही दमकल की गाड़ियां

नए साल के जश्न में कोई दखल न पड़े इसके लिए आग की घटनाओं को रोकने लिए दिल्ली अग्निशमन विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर रखी थीं। अग्निशमन विभाग के प्रमुख अतुल गर्ग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि डीएफएस ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर दिल्ली के नागरिकों की सुरक्षा के लिए विस्तृत व्यवस्था कर रखी है और दमकल केंद्रों को अलर्ट पर रखा है। वहीं अंसल प्लाजा, लाजपत नगर, कनॉट प्लेस, पालिका बाजार, गांधी नगर मार्केट, पैसिफिक मॉल, रानी बाग मार्केट, छतरपुर, मजनू का टीला, हौज खास विलेज मार्केट, गुरु हनुमान मार्ग, एयरो सिटी, मुखर्जी नगर और कालकाजी मंदिर क्षेत्र अग्निशमन की गाड़ियों को तैनात किया गया। गर्ग ने पूर्व में से कहा था कि हमारा उद्देश्य सभी लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए खुशी का माहौल बनाए रखना है।

## नववर्ष के कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री सौरभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नववर्ष की पूर्व संध्या पर दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज अपने विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मंत्री के प्रयासों से हिंदी अकादमी द्वारा एक कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। जिसमें आए कवियों के प्रस्तुतियों को सुनकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इस बात की सोशल मीडिया मंच एक्स से मिली है। एक्स पर लिखा गया कि शेख सराय फेस 1, एसएफएस फ्लैट्स के सी पॉकेट पार्क में नववर्ष के कार्यक्रम में केजरीवाल सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज शामिल हुए। मंत्री सौरभ के प्रयासों से कार्यक्रम में केजरीवाल सरकार के हिंदी अकादमी द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया।

## संबोधन...



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की गारन्टी वाली गाड़ी दक्षिणी दिल्ली के श्रीनिवासपुरी, कालकाजी, बिजवासन पहुंचने पर दक्षिणी दिल्ली से सांसद रमेश बिधूडी ने स्वागत किया। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत कैंप आयोजित किये गए। कैंप में लाभार्थियों को उज्जवला योजना से रसोई गैस कनेक्शन तथा पोषण अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को संपूर्ण आहार किट प्रदान की गई। इस मौके पर सांसद ने केंद्र सरकार की योजनाओं से लोगों को अवगत कराया।

## सरकारी स्कूलों में जाकर बच्चों का हौसला बढ़ा रहे हैं मंत्री

हरिभूमि न्यू ⏭ नई दिल्ली





दिल्ली के मंत्री इन दिनों अपनी अपनी विधानसभा क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में जाकर बच्चों के हौसला बढ़ा रहे हैं। रविवार की बात करें तो दिल्ली के परिवहन मंत्री और नजफगढ़ से विधायक कैलाश गहलोत ने नजफगढ़ स्थित राजकीय बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए वहीं समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने अपनी विधानसभा पटेल नगर के सर्वोदय कन्या विद्यालय के कार्यक्रम में पहुंचे।

वहीं इससे एक दिन पहले खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने अपने विधानसभा क्षेत्र बल्लीमारान के तीन स्कूलों के कार्यक्रम में शिरकत कर बच्चों को हौसला बढ़ाया। मंत्री कैलाश गहलोत ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिख कर बताया कि नजफगढ़ स्थित राजकीय बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूलमें आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों, एसएमसी के सदस्यों और स्कूल के सभी शिक्षकों से मिलकर बहुत खुशी हुई। दिल्ली के सभी सरकारी स्कूलों में बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा दी जा रही है। इसी का परिणाम है कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों के बच्चे आज हर क्षेत्र में बढ़िया प्रदर्शन कर रहे सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

वहीं मंत्री राजकुमार आनंद ने एक्स पर पटेल नगर स्कूल के कार्यक्रम में शिरकत करने बारे में लिखा कि पटेल नगर का यह स्कूल दिल्ली के बेहतरीन स्कूलों में से एक है और दिल्ली के शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रतीक है। यहां के शिक्षक, छात्र व नॉन टीचिंग स्टाफ में बेहतरीन समन्वय है। शिक्षा का हमारे जीवन में खास महत्व है। बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा के महत्व को सर्वोपरि मानकर ही देश में शिक्षा के अधिकार को संविधान में निहित कर हमारा मूलभूत अधिकार बनाया। दिल्ली सरकार का शिक्षा के क्षेत्र में विश्वस्तरीय बदलाव अनूठा है। केजरीवाल सरकार बाबा साहब के इस सपने को पूरा करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इसलिए आज देश ही नहीं दुनिया भी केजरीवाल के शिक्षा के मॉडल की प्रशंसा कर रही है।

## सड़क दुर्घटना में दोषी चालक को सजा के कानून के खिलाफ चालक बुधवार को करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा वाहन चालकों द्वारा दुर्घटना करने के दोषी होने पर 5 साल व 10 साल की सजा तथा 7 लाख तक जुर्माना के नए प्रावधान के खिलाफ दिल्ली के चालक संगठनों ने मोर्चा खोलते हुए 3 जनवरी 2024 को विरोध प्रदर्शन की घोषणा कर दी है।

इस बारे में ऑल दिल्ली ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन व ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस प्रकोष्ठ दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चेयरमेन किशन वर्मा ने बताया कि नए कानून में वाहन चालक से दुर्घटना होने पर 5 साल से 10 साल की सजा प्रावधान करने का मतलब कानून लागू करना है। वर्मा ने बताया कि यह कानून देश के 23 करोड़ चालकों के खिलाफ है। मोदी सरकार ने हाल ही में लोकसभा में जो कानून पास किया गया है, उसमें वाहन चालकों से दुर्घटना होने पर 5-10 साल की सजा व 7 लाख तक जुर्माना करना शामिल है। यह गरीब चालकों के लिए एक तरह से फांसी के फंदे की तरह होगा। इसकी आड़ में जमकर पुलिस व प्रशासन चालकों का जमकर शोषण करेगा, जिससे निपटना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इस देशव्यापी काले कानून के खिलाफ सबसे पहले कांग्रेस की यूनियन ने हल्ला बोला है। संगठन ने घोषणा कर दी है कि इस काले कानून के खिलाफ 3 जनवरी 2024 को जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें दिल्ली ही नहीं बल्कि देशभर के राज्यों से यूनियन प्रतिनिधि एवं चालक भारी संख्या में हिस्सा लेंगे। जिसमें जिसमें ऑटो टैक्सी चालक गुड्स व्हीकल ट्रक टेंपो इत्यादि वाहन चालक शामिल होंगे।

### यात्री मोबाइल से वीडियो बनान में लगे रहे

## मेट्रो में दो महिलाओं की आपसी लड़ाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो अक्सर यात्रियों के बीच मारपीट, कहा सुनी व युवा जोड़ो द्वारा अश्लील हरकत करने जैसे मामले को लेकर सुर्खियों में रहती है। ऐसे एक मामले को लेकर दिल्ली मेट्रो एक बार फिर चर्चा में बन गई है। मामला है मेट्रो में दो महिलाओं की आपसी मारपीट को जिसको लेकर सोशल मीडिया में लोग जमकर टिप्पणी कर रहे है।



इस वीडियो में दो महिलाएं आपस में भिड़ी हुई है, और एक दूसरे के बाल खिंचने में लगी है। दो महिलाओं की फाइट का यह वीडियो दिनभर चर्चा में बना रहा। इस वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कोच में बहुत ज्यादा भीड़ है। इसी बीच दो महिलाओं के बीच न मालूम किस बात पर कहासुनी शुरू हो जाती है। आपसी तू तू मैं मैं के बीच एक महिला ने दूसरी महिला को एक तमाचा जड़ दिया। जिसके बाद दूसरी महिला भी भिड़ गई और फिर दोनों के बीच जमकर मार पिटाई होने लगी। दोनों एक दूसरे के बालों को खींचते हुए जोर जोर से अनाप शनाप बोल रही है। पलड़ा उस महिला का भारी दिखा जिसकी अन्य सहेलियां भी अकेली महिला पर हमला करने लगती है। ताजुब की बात है कि जिस समय दोनों महिलाएं आपस में लड़ रही थी, उस समय कोच में मौजूद अन्य यात्री अपने अपने मोबाइल से वीडियो शूट करने में लगे रहे। लेकिन काफी देर तक किसी भी यात्री ने उनको छुड़ाने की कोई कोशिश नहीं की। लेकिन कुछ देर बाद अन्य महिला यात्री इन दोनों महिलाओं को अलग अलग करने की कोशिश करती है लेकिन उसमें सफल नहीं हो पाती। यह वीडियो कब का है इसका फिलहाल पता नहीं चला लेकिन आए दिन दिल्ली मेट्रो में ऐसे नजारे देखने को मिल जाते है। डीएमआरसी समय समय पर ऐसे मामलों को देखते हुए यात्रियों को जागरूक भी करती है और कई मामलों में उन पर जुर्माना आदि की भी बात कहती है। लेकिन डीएमआरसी की अपील का यात्रियों पर कोई खास असर होता दिखाई नहीं देता।

## दिल्ली सरकार ईवी नीति की मियाद और तीन माह बढ़ाएगी


हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने रविवार को समाप्त हो रही इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति की मियाद और तीन महीने बढ़ाने का फैसला किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह नीति अगस्त 2020 में अधिसूचित की गई थी जिसका लक्ष्य 2024 तक दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी को 25 प्रतिशत तक बढ़ाना है। एक अधिकारी ने कहा कि अब इसे 31 मार्च 2024 तक बढ़ाया जाएगा और मंत्रिमंडल इसकी आवश्यक मंजूरी देगा। दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति, 2020 इस साल आठ अगस्त को समाप्त हो गई और तब से इसे बार-बार बढ़ाया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक नयी इलेक्ट्रिक वाहन नीति पर काम चल रहा है लेकिन यह कब लागू होगी यह तय नहीं है। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बताया था कि इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2.0 में वाहनों की उच्च लागत को देखते हुए रेट्रोफिटिंग को प्रोत्साहित किया जाएगा। दिल्ली ईवी नीति का लक्ष्य दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार और वाहनों के इस नए खंड के लिए



एक संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के व्यापक उद्देश्य को प्राप्त करना है। इसलिए दिल्ली सरकार ईवी वाहनों को बढ़ावा दे रही है। इसी के तहत दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रीमियम बस एग्रीगेटर स्कीम 2023 को मंजूरी दी है। दिल्ली सरकार ने अपनी लैंडमार्क इलेक्ट्रिक वाहन नीति को 7 अगस्त 2020 को अधिसूचित किया था। इसका उद्देश्य 2024 तक दिल्ली में नए वाहनों की बिक्री में 25 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी करना है। ईवी पॉलिसी दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से बढ़ाने की दिशा में व्यापक रणनीति तैयार करती है।

हरियाणा सरकार



# नव वर्ष 2024

## की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



"हरियाणा एक हरियाणवी एक" के मूल मंत्र को ध्यान में रखते हुए प्रदेश का समान विकास हमारी प्राथमिकता रही है और इन्हीं दो मूल-मंत्रों के आधार पर हम प्रदेश के चहुँमुखी विकास के लिए कटिबद्ध हैं।"
**– मनोहर लाल**

## योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया हरियाणा में अब हर वर्ग मुस्कुराया

"केंद्र और राज्य में डबल इंजन सरकार की ताकत हरियाणा को तेज़ी से आगे बढ़ा रही है। कोई भी सेक्टर हो, जैसे ही उसमें सामूहिक शक्ति जुटती है, सबका प्रयास नजर आने लगता है, तो परिवर्तन की गति भी बढ़ जाती है।"
**– नरेन्द्र मोदी**

## कुछ नई पहलें

- **दयालु योजना**- ₹1.80 लाख तक वार्षिक आय वाले परिवारों के परिजनों को किसी सदस्य की मृत्यु होने पर **₹5 लाख तक आर्थिक सहायता**
- **मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना**- ₹1.80 लाख तक वार्षिक आय वाले परिवारों के 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए
- **संशोधित मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति योजना**- व्यापारी व कारोबारियों को ₹20 लाख तक नुकसान की भरपाई
- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को **निःशुल्क 28,500 स्मार्टफोन** वितरित
- **पी.एम श्री स्कूल योजना**-प्रदेश में 124 पी.एम श्री स्कूलों की शुरुआत
- अन्त्योदय परिवारों की आय बढ़ाने के लिए हरियाणा **आय-वृद्धि बोर्ड का शुभारम्भ**
- **हरियाणा अन्त्योदय परिवार परिवहन योजना**- ₹1 लाख से कम वार्षिक आय वाले परिवारों को राज्य परिवहन की बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा
- **मुख्यमंत्री अन्त्योदय दुग्ध उत्पादन सहकारिता प्रोत्साहन योजना**-दुग्ध उत्पादक अन्त्योदय परिवारों के लिए
- **गुरु - शिष्य कौशल सम्मान योजना**-शिल्पकारों, कारीगरों व श्रमिकों की कौशल क्षमता को प्रमाणित करना
- **मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना**-शहरों में बेघर लोगों को आवास सुविधा देना
- **प्राण वायु देवता स्कीम**-पुराने वृक्षों की देखभाल हेतु 3819 वृक्षों के अभिरक्षकों को **₹2750 प्रति वृक्ष वितरित**
- **सांझा डेयरी योजना**-गांवों में पंचायती भूमि पर सांझी डेयरी खोलने की शुरुआत
- **One Time Settlement स्कीम**-2023 - व्यापारियों व कारोबारियों के कर बकायों के समाधान हेतु
- विधुरों व अविवाहितों को **₹2750 मासिक पेंशन**
- महिलाओं के लिए **33 प्रतिशत राशन डिपो आरक्षित**
- हरियाणा पुलिस को मिला **राष्ट्रपति निशान**
- नशा-मुक्ति अभियान के तहत 1 से 25 सितम्बर तक **साइकिल रैली आयोजित**
- सम्राट हेमचन्द्र विक्रमादित्य के नाम पर **डाक टिकट जारी**
- नगर निगमों के महापौर व नगर परिषदों/ पालिकाओं के अध्यक्ष पदों में पिछड़ा वर्ग 'क' को 8% आरक्षण
- रोहतक में देश के पहले एलिवेटिड रेलवे ट्रैक का उद्घाटन
- वर्ष 2023 में 14 टोल टैक्स बैरियर हटाये











## सुशासन ही आधार
## डबल इंजन हरियाणा सरकार

## अन्य महत्वपूर्ण फैसले

- ₹1.80 लाख तक वार्षिक आय वाले 42 लाख परिवारों का **घर बैठे बी.पी.एल. राशन कार्ड**
- **आयुष्मान-चिरायु योजना**- ₹3 लाख तक वार्षिक आय वाले परिवारों सहित 1.10 करोड़ लाभार्थियों को सालाना ₹5 लाख के इलाज की सुविधा
- सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन जनवरी, 2024 से **बढ़कर ₹3000 मासिक**
- **परिवार पहचान पत्र**- Pro-Active Mode पर दिव्यांग पेंशन, बुढ़ापा पेंशन व ओ.बी.सी. प्रमाण-पत्र की शुरुआत
- **शहरों में 1198 अनियमित कालोनियों को किया नियमित**
- गन्ने का भाव ₹372 से बढ़ाकर **₹386 प्रति क्विंटल**
- क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से बाढ़ नुकसान की भरपाई हेतु किसानों को **₹112 करोड़ का मुआवजा जारी**
- पराली प्रबंधन करने वाले किसानों को **₹138 करोड़ की प्रोत्साहन राशि** जारी
- आशा वर्कर्स का मानदेय ₹4,000 से **बढ़ाकर ₹6,100 मासिक** किया
- ग्रुप-डी कर्मचारियों के लिए **ऑनलाइन स्थानांतरण पोर्टल**
- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मासिक पारिश्रमिक **बढ़ाकर ₹14,000 तक किया**
- मातृभाषा सत्याग्रहियों, आपातकालीन पीड़ितों व उनकी विधवाओं तथा पत्रकारों की **मासिक पेंशन बढ़ाकर ₹15,000 की**
- औद्योगिक श्रमिकों के बच्चों की छात्रवृत्ति राशि ₹5,000 से **बढ़ाकर ₹16,000 तक की**
- महिला श्रमिकों को सिलाई मशीन खरीदने हेतु **₹4,500 की राशि**
- औद्योगिक श्रमिकों को साइकिल खरीदने हेतु **₹5,000 की राशि**
- पुलिस कर्मियों के भत्तों में अढाई गुणा बढ़ोतरी
- एशियन गेम्स-2022 में **हरियाणा के खिलाड़ियों ने 30 पदक जीते**
- हरियाणा में शत-प्रतिशत रेलवे विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण
- अम्बाला में प्रदेश के **दूसरे हवाई अड्डे का शिलान्यास**
- कैथल व यमुनानगर में **2 नये सरकारी मेडिकल कॉलेजों का भूमि पूजन**
- राशन डिपो धारकों का कमीशन **₹1.50 से बढ़ाकर ₹2 किया**
- सरपंच का मानदेय बढ़ाकर **₹5000 व पंच का ₹1600 मासिक** किया
- पालिकाओं के मेयर, प्रधान व सदस्यों के मानदेय **बढ़ाकर किए ₹30,000 मासिक** तक

**सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा**

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana



## युवा पीढ़ी को प्रेरणा देगी बलिदानी राजा की जीवन गाथा

# बल्लभगढ़ में गुजरात के राज्यपाल ने किया राजा नाहर सिंह की प्रतिमा का अनावरण

*बल्लभगढ़ के शासक राजा नाहर सिंह की प्रतिमा का अनावरण बल्लभगढ़ के दशहरा मैदान में गुजरात के राज्यपाल महामहिम देवव्रत आचार्य के कर कमल द्वारा किया गया।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद एवं बल्लभगढ़ के शासक राजा नाहर सिंह की प्रतिमा का अनावरण आज बल्लभगढ़ के दशहरा मैदान में गुजरात के राज्यपाल महामहिम देव व्रत आचार्य के कर कमल द्वारा किया गया। क्षेत्र के प्रमुख किसान नेता एवं समाजसेवी सत्यवीर डागर द्वारा निर्मित इस भव्य प्रतिमा के अनावरण के मौके पर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला, मथुरा की सांसद हेमा मालिनी, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओपी धनखड़, राजस्थान के राजघराने की राजकुमारी कृष्णेंद्र कौर दीपा, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी करण सिंह दलाल, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी उदयभान, पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल सहित क्षेत्र के तमाम 52 पाल की चौधर उपस्थित थे।

**खास बातें**

- दिल्ली के टाउन हॉल पर राजा नाहर सिंह को सार्वजनिक तौर अंग्रेजों ने फांसी पर लटका दिया था

**महान सपूतों ने कुर्बानी देकर देश को आजादी दिलाई**

गुजरात के राज्यपाल देवव्रत आर्य ने कहा कि राजा नाहर सिंह जैसे महान बलिदानी की जीवन गाथा जन-जन तक पहुंचनी चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को यह पता हो कि देश के इन महान सपूतों ने किस प्रकार से अपनी कुर्बानी देकर देश को आजादी दिलाई है उन्होंने राजा नाहर सिंह के इतिहास के विषय में विस्तार से बोलते हुए कहा कि छोटी सी उम्र में राजगद्दी संभालने वाले राजा नाहर सिंह ने जिस प्रकार से दिल्ली पर अंग्रेजों के कब्जे को लंबे समय तक रोक रखा, उसी का परिणाम है कि अंग्रेजों ने उनको दिल्ली के टाउन हॉल चांदनी चौक पर सार्वजनिक फांसी पर लटका दिया। राज्यपाल श्री आचार्य ने कहा कि राजा नाहर सिंह चाहते तो उसे समय भी अंग्रेजों से समझौता कर अपना जीवन बचा सकते थे लेकिन उन्होंने झुकाने की बजाय कटना ज्यादा उचित समझा और यह बात आज हमारे समाज को समझ नहीं होगी। उन्होंने कहा कि केवल राजा नाहर सिंह ही नहीं बल्कि चौधरी महेंद्र प्रताप, राजा सूरजमल सदी के अनेक को ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी हुए हैं जिनकी बदौलत हम आज आजादी की सांस ले रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### शोभा यात्रा में श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान



**गुरुग्राम** । अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देशभर में तैयारियां की जा रही हैं। अयोध्या से लाए गए पूजित अक्षत की रथ यात्राएं भी लगातार निकाली जा रही हैं। यहां सेक्टर-15 पार्ट-2 से शोभा यात्रा राधा कृष्ण मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा में भगवान श्रीराम के जयघोष से साइबर सिटी गुंजायमान हो गई।श्रद्धालुओं ने नाचते, गाते हुए शोभा यात्रा को यादगार बनाया।

### ट्रस्ट ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए



**फरीदाबाद**। चढ़दी कला सेवा समिति, पंजाबी समाज सभा एवं नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में कंबल वितरण समाजसेवी परविंदर राजपाल के कार्यालय में किया गया। मुख्य रूप से प्रमुख समाजसेवी अरुण मिश्रा, शिवमती धर्मार्थ चैरिटेबल ट्रस्ट की संस्थापक एवं मॉडल डॉ.विध्या गुप्ता, नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल शर्मा मौजूद रहे।

### फायरिंग की वारदात में शामिल आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद**। सुभाष कॉलोनी में 9 जुलाई को जैन किरयाना स्टोर पर की गई फायरिंग और स्नेचिंग की गई थी। वारदात में शामिल आरोपियों की धरपकड़ के संबंध में डीसीपी क्राइम हेमेंन्द्र कुमार मीणा के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वारदात में शामिल दो को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### प्लॉट बेचने के नाम पर ठगी करने वाली महिला काबू



**फरीदाबाद**। पुलिस चौकी सिकरोनी प्रभारी प्रदीप कुमार की टीम ने प्लॉट बेचने के नाम पर ठगी करने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला का प्रॉप्रटी डीलर का काम है। महिला ने वर्ष 2021 में 50 गज का प्लॉट बालाजी कॉलोनी में राजकुमारी को 6.90 लाख रुपए में बेचा था। राजकुमारी की शिकायत पर आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

### जुआ खेलते 12 आरोपियों को पुलिस ने किया काबू



**फरीदाबाद**। क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल की टीम ने जुआ खेलने वाले 12 आरोपियो को गिरफ्तार किया है।पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में राहुल, राहुल गुप्ता, मयूर, अरुण, विशाल, कार्तिक, इंद्रजीत, मंदीप, राजेश कुमार, मुकेश, सुनिल व संदीप का नाम शामिल है। गिरफ्तार 12 आरोपी फरीदाबाद, नोएडा, गाजियाबाद, बल्लबगढ़ के रहने वाले है।

## निर्माणाधीन मकान का लेंटर गिरा

# मालिक सहित राजमिस्त्री की मौत 1 घायल, मलबे में 2 मजदूर दबे

**घायलों को बादशाह खान सिविल अस्पताल पहुंचाया**

*मौके पर 4 फायर ब्रिगेड की गाड़ी, जेसीबी समेत पुलिस की कई गाड़ियां मौजूद हैं। मलबे को हटाकर मजदूरों का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



थाना आदर्श नगर अन्तर्गत मलेरना रोड स्थित हरि विहार में वर्कशॉप के ऊपर कमरे की छत का लेंटर गिरने से मालिक सहित राजमिस्त्री की मौत हो गई। वहीं एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। वहीं घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया दिया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोकचंद पहुंच गए।

जानकारी के अनुसार मलेरना रोड स्थित हरि विहार में वर्कशॉप मालिक लखनपाल की जेके ऑटो इंडस्ट्रीज नामक से वर्कशॉप है। उस वर्कशॉप के ऊपर मालिक द्वारा कमरों का निर्माण किया जा रहा था। रविवार की दोपहर दो बजे 6 श्रमिक सहित मालिक छत पर मौजूद थे। कमरे की छत डाली जा रही थी। गाटर पत्थर के ऊपर मिट्टी व अन्य मालवा डाला हुआ था। उस समय काम को रोक कर लेंटर के नीचे अलाव को जलाकर हाथ सेक रहे थे। तभी गाटर झुक गया और छत नीचे गिर गई। जिसमें मालिक, राज मिस्त्री और श्रमिक दब गए। वहीं अन्य श्रमिक दीवार कूद कर भाग गया। लेंटर के मलबे को हटाने के बाद तीनों को बाहर निकला गया। सभी को उपचार के लिए बीके अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने वर्कशॉप मालिक लखनपाल और राजमिस्त्री रविंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं श्रमिक वकील का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है।

**चार मंजिला भवन में फर्नीचर की दुकान में लगी आग**

**दमकल की दो गाड़ियों ने पाया काबू कोई हताहत नहीं**

**गाजियाबाद**। जिले के अंकुर विहार थाना क्षेत्र के डीएलएफ में एक चार मंजिला भवन के नीचे बनी फर्नीचर की दुकान में रविवार दोपहर अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाया। समय रहते लोग बाहर आ गए। इस कारण आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। लोनी फायर स्टेशन पर डीएलएफ अंकुर विहार लोनी में एक चार मंजिला भवन में आग लगने की सूचना मिली थी। लोनी फायर स्टेशन से दो गाड़ियां लेकर अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचे। यहां चार मंजिला भवन के भूतल पर डाबर तालाब के फैजान की फर्नीचर की दुकान में आग लगी हुई थी। अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। वहीं, दूसरी यूनिट ने भवन की ऊपरी मंजिलों पर फ्लैट्स सर्च अभियान शुरू किया। इस दौरान किसी भी फ्लैट में कोई व्यक्ति नहीं फंसा था। कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया। आग को फ्लैट और आसपास फैलने से पहले ही काबू कर लिया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि आग से कोई हताहत नहीं हुआ है।

## पूर्व विधायक शर्मा ने किया कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

# पृथला क्षेत्र की जनता के हकों के लिए फिर लड़ूंगा विधायक का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



नव वर्ष की पूर्व संध्या पर पृथला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा द्वारा गांव सीकरी स्थित कार्यालय पर कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में क्षेत्र के 104 गांवों से मौजिज लोगों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री करण सिंह दलाल तथा पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने शिरकत की। कार्यक्रम के आयोजन पूर्व विधायक पं. टेकचंद शर्मा ने अतिथियों का शॉल ओढाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया वहीं सम्मेलन में आए कार्यकर्ताओं को नीली पगड़ी बांधी।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्वमंत्री करण दलाल व विपुल गोयल ने संयुक्त रूप से कहा कि पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा मेहनती, कर्मठी और सच्चे जनसेवक है, जिन्होंने अपने विधायक कार्यकाल में पृथला क्षेत्र में करोड़ों रूपए के विकास कार्य करवाकर एक कीर्तिमान स्थापित किया और इसी कीर्तिमान की बदौलत ही क्षेत्र की जनता उनके एक बुलावे पर इतनी बड़ी संख्या में एकत्रित हो गई।

इस मौके पर पूर्व विधायक ने आभार जताते हुए कहा कि पृथला क्षेत्र उनका परिवार है और उन्होंने हमेशा एक लायक बेटे की तरह इस क्षेत्र की सेवा की है।

शर्मा ने कहा कि वह झूठे वायदे नहीं करते बल्कि काम करवाने में विश्वास करते है और उनके पांच साल के विधायक कार्यकाल का पूरा रिपोर्ट कार्ड देखा जाए तो जितने विकास कार्य उन्होंने अपने कार्यकाल में करवाए है, उतने विकास कार्य आज तक किसी विधायक ने इस क्षेत्र में नहीं करवाए। श्री शर्मा ने कहा कि वह क्षेत्र की जनता के हकों और उनकी मौलिक सुविधाओं के लिए आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे और उन्हें पूरा भरोसा है कि क्षेत्र की जनता उन्हें एक बार फिर भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा में भेजने का काम करेगी।

उन्होंने कार्यक्रम में आए सभी बुजुर्गो एवं युवा साथियों की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि वह चुनावों की तैयारियों में जुट जाए और अबकि पार पृथला क्षेत्र के विकास के नाम पर वोट दे, ताकि वह चंडीगढ़ पहुंचकर इस क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान कर सके।

## पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया शव

# पिकअप पलटने से बचा तो तेज रफ्तार बस ने कुचला, हेल्पर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

**पिकअप के साथ भिवाड़ी से चले थे मानेसर में गाड़ी पलट गई**

**सेक्टर-10 सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया**



मानेसर थाना एरिया में तेज रफ्तार बस ने एक पिकअप के हैल्पर को कुचल दिया। हेल्पर पिकअप के पलटने के बाद पिकअप से निकलकर वाहन के साथ होकर मोबाइल की लाईट से वाहनों को इंडीकेशन दे रहे थे। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात बस चालक पर केस दर्ज कर लिया।

पुलिस को दी शिकायत में यूपी के औरैया निवासी सतीश कुमार ने कहा कि वह राजस्थान के भिवाड़ी में परिवार सहित रहता है। वह वहां एक कंपनी में सुपरवाइजर है। उसका छोटा भाई गोबिंद एक पिकअप पर हेल्पर था। जिसको बिहार के मुंगेर मूल का अनुराग चलाता है। गोबिंद और अनुराग पिकअप के साथ भिवाड़ी से चले। करीब साढ़े पांच बजे वे मानेसर एरिया में पहुंचे तो उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। गोबिंद और अनुराग जैसे-तैसे गाड़ी से बाहर निकले।

दोनों अपने फोन की लाईट जलाकर पीछे से आने वाली गाड़ियों को साइड से निकलकर जाने का इशारा कर रहे थे। इसी दौरान जयपुर की तरफ से आई तेज रफ्तार बस ने गोबिन्द को कुचल दिया।

उसे गुरुग्राम के सेक्टर-10 सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## दो जगहों पर छापेमारी

# 14 महिलाएं व 8 पुरुष आपत्ति -जनक स्थिति में पकड़े गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद कमिशनर की पुलिस ने दिल्ली से सेट शालीमार गार्डन और जिला मोर थाना क्षेत्र में छापा मारकर 14 महिलाओं और 8 पुरुषों को आपत्तिजनक स्थिति में रंगे हाथों पकड़ा है पुलिस ने उनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री और 26100 की नगदी बरामद की है एसीपी शालीमार गार्डन ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि

मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि तुलसी निकेतन थाना टीला मोड़ क्षेत्र तथा डीएल एफ भोपुरा के सामने थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र में अनैतिक देह व्यापार किया जा रहा है। उन्होंने मौके पर पर्याप्त पुलिस बल के साथ बारी-बारी से छापेमारी की गयी तो तुलसी निकेतन थाना टीला मोड़ क्षेत्र से 5 महिलाएं व 1 पुरूष आपत्तिजनक अवस्था में तथा डीएल एफ भोपुरा के सामने थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र से 9 महिलाएं एवं 7 पुरुष एक मकान में आपत्तिजनक अवस्था में पकड़े गये। अभी इनसे विस्तृत पूछताछ की जा रही है

## तमंचा व एक मोबाइल बरामद

# जान से मार देने के नाम पर 50 हजार रंगदानी वसूलने वाला काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



वाट टीम ग्रामीण जोन व थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने ऑनलाइन कॉल पर जान से मारने की धमकी देकर 50 हजार की रंगदारी वसूलने के मामले में एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 46हजार नगद, एक तमंचा व एक मोबाइल बरामद किया है।

डीसीपी ग्रामीण विवेक यादव ने बताया कि लोनी बोर्डर पर इन्दिरपुरी निवासी दीपेश कुमार शर्मा ने 20 दिसम्बर को तहरीर दी कि एक अज्ञात व्यक्ति मोबाइल नंबर से कॉल कर 25 लाख की सुपारी लेकर मारने की धमकी दी है। थाना लोनी बोर्डर पुलिस द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना के अनावरण व अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि स्वाट टीम ग्रामीण जोन व थाना लोनी बोर्डर पुलिस ने मोबाईल नम्बर की सर्विलांस सेल से प्राप्त आईपी डाटा, आईपीडीआर, आईडी व अन्य तकनीकी माध्यम से प्राप्त अज्ञात अभियुक्त के फोटो आदि प्राप्त कर घटना का सफल अनावरण किया। थाना लोनी बोर्डर पुलिस द्वारा मैनुअल इन्पुट व सर्विलांस की मदद से अभियुक्त की लोकेशन ट्रैस कर आलोक निवासी ग्राम लोनार थाना लोनार जिला-हरदोई हाल पता-गायत्री विहार बेहटा हाजीपुर थाना लोनी बार्डर को गिरफ्तार किया गया।

## मेरठ प्रांत का विद्यार्थी समागम समुत्कर्ष आयोजित

# नई शिक्षा नीति की बारीकियों से अभिभावकों को अवगत कराया, 5 विषयों पर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान मेरठ प्रांत का विद्यार्थी समागम ₹समुत्कर्ष₹ में रविवार को कविनगर रामलीला मैदान में आयोजित किया गया। सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में गाजियाबाद जिले के सभी विद्यालयों ने भैया-बहिन सहभागिता की।इस कार्यक्रम के माध्यम से योगासन, व्यायाम -योग, तिष्ठ योग, लोक नृत्य, समूह गान व गीत, लघु नाटिका, घोष प्रदर्शन और सामूहिक समता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मंच से सभी विद्यार्थियों व आयोजकों को संबोधित करते हुए वीके सिंह ने वर्तमान भारत की छवि और नए व आधुनिक भारत की गति के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को शुभकामनाएं व बधाई दी।

**भावी पीढ़ी के निर्माण के लिए आवश्यक जानकारी दी**

कार्यक्रम के संयोजक विपिन राठी ने बताया कि कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति की बारीकियों से अभिभावकों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि समागम का उद्देश्य भैया बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जाने वाली गतिविधियों को समाज के सामने रखना है।। इस कार्यक्रम में विद्या भारती के पांच आधारभूत विषयों का प्रदर्शन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों व आने वाली भावी पीढ़ी को संगीत शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा के प्रति जागरूक करना है ताकि भावी पीढ़ी का निर्माण हो सके। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य दिनेश गोयल और मुख्य वक्ता डोमेश्वर साहू क्षेत्रीय संगठन मंत्री, विद्या भारती पश्चिम उ.प्र. व संगठन की स्वागत समिति उपस्थित रहीं।

## जिला अस्पताल के चिकित्सक को

# अश्लील चित्र वायरल की धमकी देकर रंगदारी वसूलने वाली महिला और युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जिला अस्पताल में तैनात त्वचा रोग विशेषज्ञ का वीडियो कालिंग के दौरान अश्लील चित्र के स्क्रीनशाट को वायरल करने व धमकी देकर गहरा आघात पहुँचाकर रंगदारी वसूलनेवाली एक महिला व एक युवक को गिरफ्तार किया है।

**वीडियो कॉलिंग में ली थी स्क्रीनशॉट**

एमएमजी जिला चिकित्सालय कम्पाउंड में रहने वाले त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. अजेंद्र कुमार दीक्षित ने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई थी कि एक महिला और उनके साथ एक पुरुष ने वीडियो कालिंग के दौरान अश्लील चित्र के स्क्रीनशाट को वायरल करने व धमकी देकर गहरा आघात पहुंचाया। इतना ही नहीं रंगदारी वसूलने और अतिरिक्त पैसों की मांग भी की। थाना साहिबाबाद पुलिस ने इस अभियोग में वांछित अभियुक्त आशीष ठाकुर निवासी चतुर्थ तल पंचबटी कालोनी का रहने वाला है।




**इलाज के दौरान डॉक्टर से मिलना-जुलना हुआ**

गिरफ्तार महिला ने बताया कि वर्ष 2018 में अपनी त्वंचा के इलाज के लिए एम.एम.जी चिकित्सालय गाजियाबाद गई थी। वहां मेरी मुलाकात डॉक्टर से हुई थी। इलाज के सिलसिले में लगातार मिलना जुलना रहा। मेरे पास कुछ फोटो वीडियो थी। जिसको डाक्टर को भेजकर पैसे लेने शुरू कर दिये। मुझे खर्चे के लिये डाक्टर पैसे देते थे।

# शीत लहर ने बढ़ाई दिल्ली में सर्दी, सामान्य से पांच डिग्री कम रहा अधिकतम तापमान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वर्ष 2023 के अंतिम दिन रविवार को दिल्ली वालों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ा। दिनभर शीत लहर ने लोगों को घरों में रहने को मजबूर किया। वहीं नए साल की पहली जनवरी की सुबह का स्वागत कड़ाके की ठंड व घने कोहरे के साथ होने की प्रबल संभावना बनी हुई है। प्रादेशिक मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार शीतलहर के चलते दिल्ली में अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री कम 15.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं दूसरी तरफ न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि नववर्ष की पहली सुबह कड़ाके की ठंड वाली हो सकती है। तापमान में सीधे चार से पांच डिग्री की गिरावट लोगों के नववर्ष के जोश पर ब्रेक लगा सकता है। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि एक जनवरी को दिनभर कोहरा छाया रह सकता है। हालांकि शीतलहर से मामूली राहत मिल सकती है लेकिन पारा गिरने से सर्दी बढ़गी। दिन में धूप निकलने की संभावना बेहद कम है, लेकिन बीच बीच में आसमान से झांकते हुए देखा जा सकता है।

### वायु प्रदूषण सूचकांक गंभीर श्रेणी में हुआ दर्ज

**नई दिल्ली।** वर्ष 2023 का अंतिम दिन यानी 31 दिसंबर भी दिल्ली वालों के लिए बेहद प्रदूषित रहा। वहीं नव वर्ष 2024 का पहला दिन यानी एक जनवरी की सुबह भी घने कोहरे व दमघोटू प्रदूषण से होगी। जानकारी अनुसार 2023 के अंतिम दिन रविवार को भी दिल्ली वालों को दोहरी मार झेलनी पड़ी। जहां एक तरफ सर्द हवाओं ने ठिठुरने पर विवश कर दिया वहीं दूसरी तरफ कई इलाको में वायु प्रदूषण सूचकांक (एक्यूआई) 400 पार मतलब गंभीर श्रेणी में दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को राजधानी में प्रदूषण के स्तर में बेशक आंशिक सुधार हुआ हो, लेकिन इसके बावजूद दिल्ली का ओवर ऑल एक्यूआई 382 बहुत खराब श्रेणी में दर्ज हुआ। लेकिन वही दूसरी तरफ दिल्ली के एक दर्जन से ज्यादा क्षेत्रों में एक्यूआई 400 पार गंभीर श्रेणी में रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार पहली जनवरी को भी प्रदूषण से राहत मिलने की संभावना नहीं है। इसलिए हवा की बेहद खराब गुणवत्ता के बीच ही नए वर्ष का आगाज होगा। सीपीसीबी के अनुसार दिल्ली के 37 प्रदूषण निगरानी केंद्रों में से 14 जगहों पर एक्यूआई 400 पार होने की वजह से हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में रही। इन क्षेत्रों में मुंडका 424, पंजाबी बाग 422, नेहरू नगर 422, आरके पुरम 421, द्वारका सेक्टर आठ 418 एक्यूआई शामिल है। सीपीसीबी का कहना है कि स्थानीय मौसमी परिस्थितियों के कारण एक से तीन जनवरी तक दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### डीयू : शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति पर फोरम ने दी कुलपति को बधाई

**नई दिल्ली।** फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस ने दिल्ली विश्वविद्यालय में चल रही पिछले डेढ़ साल से शिक्षकों की स्थायी भर्ती व पदोन्नति की प्रक्रिया जिसमें 75 फीसदी शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति पूर्ण होने पर नववर्ष की पूर्व संध्या पर कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह, डीन ऑफ कॉलेजिज प्रोफेसर बाला राम पाणि, कुलसचिव डॉ. विकास गुप्ता, डूटा के अध्यक्ष प्रोफेसर अजय कुमार भागी व कार्यकारी परिषद के सदस्य डॉ. सुनील शर्मा को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि इनके नेतृत्व में पहली बार विश्वविद्यालय में समाज के उपेक्षित वर्गो को सही से सामाजिक न्याय मिला है जिसके कारण आज कॉलेजों व सम्बद्ध विभागों में 50 फीसदी सीटें एससी /एसटी, ओबीसी, पीडब्ल्यूडी से भरी गई है। फोरम ने यह भी मांग की है कि दिल्ली सरकार से पूर्ण वित्त पोषित 12 कॉलेजों को अधिग्रहण कर इन कॉलेजों में भी शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कराई जाए।

### समाचार पत्र विक्रेताओं से मुलाकात कर प्रदेश अध्यक्ष ने उपहार में दिए गर्म कपड़े

**नई दिल्ली।** 2023 की आखिरी सुबह दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर और पटपड़गंज के समाचार पत्र विक्रेताओं से मुलाकात की और उन्हें सम्मान के रूप में गर्म कपड़े उपहार में दिए। इस दौरान जिला अध्यक्ष और स्थानीय पार्षद भी मौजूद रहें। सचदेवा ने कहा कि समाचार पत्र विक्रेताओं की हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका है जिसे अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है और मेरी आज की यात्रा उनके काम को मान्यता देने के लिए है। सचदेवा ने कहा है कि मोबाइल समाचार के इस डिजिटल युग में भी समाचारों की विस्तृत रिपोर्टिंग के अलावा स्थानीय महत्व की सैकड़ों खबरें हैं जो समाचार पत्रों द्वारा हम तक पहुंचाई जाती हैं और ये समाचार पत्र विक्रेता ही हैं जो इन समाचार पत्रों को हमारे दरवाजे पर पहुंचाते हैं तब जब हम में से अधिकांश सो रहे होते हैं।

### आम आदमी पार्टी की 12वीं नेशनल काउंसिल की मीटिंग को किया संबोधित

# 12 साल में हमने जो काम कर दिखाया, दूसरी पार्टियां 75 साल में नहीं कर पाईं : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पिछले 12 साल में आम आदमी पार्टी को अभूतपूर्व सफलता मिली है। हमने वो काम करके दिखाया है, जो 75 साल में भी दूसरी पार्टियां नहीं कर पाईं। यह बात रविवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी और 12 वीं राष्ट्रीय परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कही। वर्चुअल माध्यम से हुई दोनों बैठकों में देश भर के पार्टी पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में पंजाब के सीएम भगवंत मान और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. संदीप पाठक स्वयं मौजूद रहे।

केजरीवाल ने कहा कि 'आप' ने 10 साल में ही राष्ट्रीय राजनीति में बहुत प्रभावशाली दस्तक दी है। देश में पहली बार विरोधी दल स्कूल-अस्पताल पर बात करने को मजबूर हुए हैं। अब तो इन लोगों ने हमारा गारंटी शब्द और मैनिफेस्टो भी चुरा लिया है। अब ये लोग भी 'मोदी की गारंटी और कांग्रेसी की गारंटी कहने लगे हैं। इन लोगों ने जनता को गारंटियां तो दीं, लेकिन किसी ने पूरी नहीं की, क्योंकि इनकी नीयत ठीक नहीं है, जबकि हम अपनी सारी गारंटी पूरी कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने ये भी कहा कि हमारे जो पांच नेता जेल में हैं, वो हमारे हीरो हैं और हमें उन पर बहुत गर्व है। अगर आप बच्चों को अच्छी शिक्षा देने और गरीबों का मुफ्त में इलाज कराने की बात करेंगे तो जेल जाना ही पड़ेगा और हमें इसके लिए तैयार रहना होगा।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमें पूरे देश में अपने संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी लोगों को अपने-अपने राज्यों में मेहनत करनी पड़ेगी। लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। हमें सीट शेयरिंग में जो-जो सीटें मिलेंगी, उन सीटों पर हमें अच्छे से चुनाव लड़ना है और हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि हम वो सारी सीटें जीतें। जिन राज्यों में आम आदमी पार्टी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रही होगी, उन राज्यों के पार्टी के वालेंटियर्स जहां चुनाव लड़ेंगे, वहां आकर मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार बनाने के इरादे से हरियाणा का विधानसभा का चुनाव लेड़ेगी और उसमें हम अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे। अक्टूबर-नवंबर में हरियाणा का चुनाव होने की संभावना है।

### 'हमने जनता की भलाई के लिए जिन रास्तों को चुना है, उसमें जेल जाना पड़ेगा'

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम लोगों ने जनता की भलाई के लिए जिन रास्तों को चुना है, उसमें जेल जाना ही पड़ेगा। आप अगर बच्चों को अच्छी शिक्षा देंगे तो आपको जेल जाना पड़ेगा, गरीबों का मुफ्त में इलाज कराओगे तो जेल जाना ही पड़ेगा। इसलिए हम सभी के लिए यह तय करना जरूरी है कि हमें जेल जाना है या नहीं जाना। अगर जेल जाने के लिए तैयार हैं तो बच्चों को अच्छी शिक्षा देने और गरीबों का मुफ्त इलाज कराने के रास्ते पर चलते रहो। हमारे जो पांच नेता जेल में हैं, वो आज हमारे हीरो हैं। हमें उन सभी पर बहुत गर्व है। मैं लगातार वकीलों के संपर्क में हूं। यह बहुत ही अच्छी बात है कि जेल में रह रहे हमारे सभी नेताओं ने आज भी हौसले बहुत बुलंद हैं। जिस दिन मनीष सिसोदिया की जमानत रद्द हुई थी, उस दिन उनकी तरफ से संदेश आया था कि कोई बात नहीं है, मुझे जितने दिन तक जेल में रहना होगा, रह लूंगा। यह पूरा केस फर्जी है और मेरा संघर्ष जारी रहेगा।

### देश में पहली बार जनता को आ रही है काम की राजनीति पसंद

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमने जो काम किए, ऐसे काम किसी और पार्टी ने कभी करके ही नहीं दिखाए थे। हम शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, महंगाई और रोजगार की बात करने लगे, जो किसी और पार्टी ने कभी नहीं की थी। देश में पहली बार पहली बार लोगों को इन पार्टियों का एक सही विकल्प मिला और लोगों को काम की राजनीति पसंद आने लगी।

### एलजी और केंद्र ने काफी अड़चने लगाईं

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारे काम में एलजी और केंद्र सरकार से काफी अड़चनें लगाई और काफी जद्दोजहद के बाद आज दिल्ली 500 मोहल्ला क्लीनिक हैं, जबकि पंजाब में केवल डेढ़-दो सालों के अंदर 650 मोहल्ला क्लीनिक काम कर रहे हैं और 26 जनवरी तक इनकी संख्या 750 हो जाएगी। प्रिंसिपल को विदेश ट्रेनिंग के लिए भेजा जा रहा है और बिल्डिंग की मरम्मत की जा रही है।

# दिल्ली सरकार की पहचान बन गया है भ्रष्टाचार : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- विकास में दिल्ली सरकार पूरी तरह रही विफल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 2023 में दिल्ली को विकास के मामले में पूरी तरह से विफल कर दिया है और आज भ्रष्टाचार दिल्ली सरकार की पहचान बन गया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को दिल्ली सरकार को घेरते हुए आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि 2015 से 2022 तक हमने हमेशा अरविंद केजरीवाल को यह कहते हुए सुना है कि जिस दिन दिल्लीवासी मुझे दिल्ली नगर निगम में सत्ता देंगे, मैं दिल्ली को सर्वश्रेष्ठ दिल्ली में बदल दूंगा, लेकिन एक साल बाद दिल्ली भारत के सबसे खराब महानगर के रूप में सामने खड़ी है। दिल्ली वालों ने एमसीडी चुनाव में आम आदमी पार्टी के नारे "अच्छे होंगे 5 साल एमसीडी में भी केजरीवाल" पर भरोसा कर उन्हे नगर निगम चुनाव जिताया लेकिन दिल्ली सरकार और एमसीडी दोनों में केजरीवाल के सत्ता में आने के एक साल बाद दिल्ली शहर निराशाजनक स्थिति में है।

केजरीवाल ने एक साल में 3 लैंडफिल साइटों को साफ़ करने का वादा किया था, लेकिन आज ग़ाज़ीपुर लैंडफिल साइट पर कूड़े का एक नया पहाड़ खड़ा हो गया है, जबकि महरौली में संजय वन के कुछ हिस्सों को उन्होंने नई कूड़ा डंपिंग साइट में बदल दिया है। दिल्ली भर में स्वच्छता की स्थिति आज सबसे खराब स्थिति में है। पूरे शहर में सड़कों के किनारे कूड़े के ढेर देखे जा सकते हैं। धूल प्रदूषण के कारण प्रदूषण की स्थिति इतनी खराब है कि आज 31 दिसंबर को दिल्ली के विभिन्न अवलोकन केंद्रों पर एक्यूआई स्तर 390 से 422 के बीच दर्ज किया गया है। धूल प्रदूषण एक स्थानीय कारक है और यह खराब रखरखाव वाली लोक निर्माण विभाग और एमसीडी सड़कें हैं जो बढ़ते धूल प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं।

### अस्पतालों और क्लीनिकों की हालत है दयनीय

दिल्ली में दिल्ली सरकार और एमसीडी दोनों के स्कूल खराब स्थिति में हैं, न केवल शिक्षकों की कमी है, बल्कि वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर विज्ञान और वाणिज्य पढ़ाने की व्यवस्था भी नहीं है। दिल्ली सरकार और एमसीडी अस्पतालों और क्लीनिकों की हालत दयनीय है, मरीजों को बुनियादी परीक्षणों और ऑपरेशनों के लिए 12 से 18 महीने की तारीखें मिलती हैं और चौंकाने वाली बात यह है कि साल के आखिरी महीने में यह खुलासा हुआ है कि सरकारी अस्पताल नकली और चिकित्सा मानक से नीचे की दवाएं देते हैं।

### न्याय मिलने में देरी होने से न्यायिक प्रक्रिया से उठने लगता है भरोसा : प्रो. अनुज

**नई दिल्ली।** न्याय मिलने में देरी होने से लोगों का न्यायिक प्रक्रिया से भरोसा उठने लगता है। न्यायिक संस्थाओं को इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। आई पी यूनिवर्सिटी के विकसित भारत 2047 सेल के निदेशक प्रो. अनुज कुमार बख्श ने अपने लॉ के छात्रों ( एलएलएम वीकेंड) के साथ भारत 2047 पर आयोजित एक संवाद सत्र के दौरान यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि इस महाभियान का दारोमदार छात्रों पर है। हर छात्र-छात्र के मानस में अवश्य ही देश को विकसित करने का एक ब्लू प्रिंट होगा। इन ब्लू प्रिंटों के अवलोकन से देश के विभिन्न छेत्रों के विकास के रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा कि इन वरिष्ठ छात्र-छात्राओं को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना इसलिए भी जरूरी है कि वे अन्य छात्रों को मोबलाइज और मोटिवेट करेंगे। यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो. डॉक्टर महेश वर्मा ने कहा कि हमारी कोशिश हर छात्र को इस महाभियान से जोड़ना है। इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। आईपी यूनिवर्सिटी प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि द्वारका कैम्पस में आयोजित इस सत्र में लॉ प्रोग्राम के छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रोग्राम में ज़्यादातर वो छात्र- छात्राएँ हैं जो या तो विभिन्न न्यायालयों में प्रैक्टिस कर रहे हैं या न्यायिक सेवा से जुड़े हैं। इस सत्र में इस महाभियान से जुड़ी विभिन्न प्रस्तावित कार्य योजनाओं पर विस्तार से विमर्श हुआ। न्यायिक पहलुओं पर भी मंथन किया गया। छात्र- छात्राओं ने न्यायालयों, खास कर जिला न्यायालयों में वर्षों से लंबित मामलों पर चिंता जताई और फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर इनके निस्तारण का सुझाव दिया।

# पिछले 24 घंटों में कोरोना के 10 नए मामले, सतर्क रहे लोग : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- घबराने की जरूरत नहीं, सरकार की तैयारी पूरी

दिल्ली में बीते 24 घंटे में कोरोना के 10 नए मामले सामने आए हैं। इनमें छह मरीज अस्पताल भर्ती हैं। बहुत ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है। सरकारी पूरी तरह इससे निपटने के लिए तैयार है। मगर एहतियात बरतने की जरूरत है। इस बात की जानकारी दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रविवार को दी है। मंत्री सौरभ ने बताया कि नए आए मामलों में नए वेरिएंट जेएन-1 का कोई मामला प्रकाश में नहीं आया है। उन्होंने कहा कि ऐसा देखा गया है कि दक्षिण भारत में कोरोना के मामले बढ़ने के बाद इसका उत्तर भारत में विस्तार होता है। हालिया स्वास्थ्य रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में 599 टेस्ट किए गए जिसमें 10 नमूने पॉजिटिव पाए गए। सौरभ भारद्वाज ने लोगों को आश्वस्त किया कि दिल्ली के अस्पताल में सिर्फ छह मरीज ही भर्ती हैं और बाकी मामले अधिक घातक नहीं है। इससे चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि सतर्क रहने की जरूरत है। सौरभ ने कहा कि सभी पॉजिटिव मामले आरटी-पीसीआर टेस्ट में आए हैं। हमने इन नमूनों को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजा है। दिल्ली में नए सब-वेरिएंट का कोई मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि हालांकि टेस्ट की संख्या अधिक करने और निगरानी की जरूरत है। बता दें, दिल्ली में कुछ दिन पहले नए सब-वेरिएंट का एक नया मामला सामने आया था। हालांकि बाद में वह ठीक हो गया और उसे अस्पताल से छुट्टी मिल गई।

### किसी भी कीमत पर सफाई कर्मियों के मकान तोड़ने नहीं दिए जाएंगे : गहलोत

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात के कंझावला क्षेत्र के लाडपुर गांव में रविवार को वर्ष के अंतिम दिन सफाई कर्मचारी परिवारों के आह्वान पर उनकी अति ज्वलंतशील समस्या के मद्देनज़र दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष संजय गहलोत उनके बीच पहुंचे और बैठक में सफाई कर्मियों की व्यथा सुनने के बाद आयोग के अध्यक्ष संजय गहलोत ने बताया कि किसी भी कीमत पर सफाई कर्मियों के मकान तोड़ने नहीं दिए जाएंगे। अध्यक्ष संजय गहलोत ने लाडपुर निवासियों को आश्वस्त किया कि इस गम्भीर मामले में त्वरित कार्रवाई की जाएगी एवं सम्बंधित जिला अधिकारी को आयोग में तलब किया जाएगा। पूरी जानकारी ली जाएगी और हरसम्भव प्रयास करके कर्मियों को राहत प्रदान की जाएगी। इस मौके पर प्रमुख समाज सेवक सुरेंदर महरोलिया, डॉक्टर राजेश सूद, हरकेश लाड़पुरिया, स्वीटी हरकेश आदि भी शामिल रहे। गहलोत ने बताया कि लाड़पुर गांव के निवासी जो दिल्ली नगर निगम में सफाई कर्मचारी भी है, उन्होंने मुझे बताया कि 26 दिसम्बर को डी एम कंझावला कार्यालय द्वारा गांव की पैमाईश हो चुकी है जिसके तहत रोड़ चौड़ा करने के लिए सैंकड़ो कर्मियों के मकान गिराए जाएंगे जबकि यहां के निवासी वर्ष 1951-52 से पहले यहां निवास कर रहे हैं।

### भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सुना प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को फिट रहने का दिया संदेश : तरूण चुग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रों को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है और हमें प्रधानमंत्री के सपनो का भारत बनाने के लिए काम करना चाहिए। अपने मन की बात कार्यक्रम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को फिट रहने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश अलग-अलग क्षेत्र में जो लोग आगे बढ़े हैं वह लोग जीवन में फिटनेस को लेकर कितने सजग और गंभीर रहे हैं, इस बारे में बताया। इस काम के लिए शरीर की तंदुरुस्ती के साथ साथ मन की तंदुरुस्ती की भी आवश्यकता है।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं महामंत्री हर्ष मल्होत्रा की उपस्थिति में दिल्ली गेट वार्ड में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के 'मन की बात' सुनने के बाद उक्त बातें कहीं। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश अनुसार युवाओं को फिट इंडिया अभियान से जुड़ना चाहिए। बता दें कि प्रत्येक माह की भांति दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 108वें एपिसोड को हजारों संगठनात्मक बूथों पर सुना जिनमें से कुछ विशेष कार्यक्रमों में पार्टी के वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए। जनकपुरी विधानसभा के बूथ 29 में आयोजित एक अन्य विशेष कार्यक्रम में दिल्ली भाजपा के संगठन महामंत्री पवन राणा ने जम्मू-कश्मीर के सह प्रभारी आशीष सूद की उपस्थिति में बड़ी संख्या में युवाओं के साथ, केन्द्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी एवं करोलबाग जिलाध्यक्ष सुनील कक्कड़ की उपस्थिति में इन्द्रपुरी में आयोजित विकसित भारत यात्रा मेले के बीच, सांसद रमेश बिधूड़ी ने कालीचरण कैम्प, ओखला सब्जी मंडी में झुग्गी वासियों के साथ, जामा मस्जिद पार्क में दिल्ली भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मोर्चा अध्यक्ष अनीस अब्बासी एवं हज कमेटी अध्यक्ष कौसर जहाँ के साथ भाजपा के सैकड़ों मुस्लिम कार्यकर्ताओं एवं समाज सेवियों ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुना। अल्पसंख्यक समाज के भाजपा नेता इमरान इस्माइल एवं चांदनी चौक जिलाध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह ने कुरैश नगर में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के साथ, प्रदेश महामंत्री कमलजीत सहरावत ने मटियाला विधानसभा के बूथ 290 पर और महामंत्री योगेन्द्र चंदोलिया ने करोलबाग विधानसभा के बूथ 43 पर कार्यकर्ताओं के साथ पीएम की 'मन की बात' कार्यक्रम सुना। सांसद मनोज तिवारी ने घोंडा विधानसभा के करावल नगर वार्ड के बूथ नंबर 94 पर कार्यकर्ताओं के साथ उक्त कार्यक्रम देखा और इसके बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

### मुस्लिम समाज के लोगों का भरपूर सहयोग पीएम नरेंद्र मोदी के साथ रहेगा

अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अनीस अब्बासी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने एक बार फिर राजनीति से परे देश की प्रतिभाओं के विषय में बात की, उन्होंने फिटनेस पर फोकस करते हुए देशवासियों को संबोधित किया और प्रधानमंत्री ने जिस तरह से ऊर्जावान बातों से लोगों को प्रोत्साहित किया है उससे भी यह तय है कि आने वाला नया साल देशवासियों के लिए खुशी लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में इस बार मुस्लिम समाज के लोगों का भरपूर सहयोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रहेगा।

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण पर विवाद पैदा करना दुखद : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- सौरभ भारद्वाज के बयान से आ रही है राजनीतिक हताशा की बू

दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज का 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण पर विवाद पैदा करना दुखद है।

अधिकांश अन्य विपक्षी दलों की तरह, सौरभ भारद्वाज और उनकी पार्टी आम आदमी पार्टी भी 4 साल पहले तक श्री राम मंदिर के निर्माण का विरोध करती थी और यह देखकर आश्चर्य होता है कि इन दलों के नेता आज प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण पर विवाद पैदा कर रहे हैं। प्रवक्ता कपूर ने कहा है कि सौरभ भारद्वाज के बयान से राजनीतिक हताशा की बू आ रही है और हम भारद्वाज को याद दिलाना चाहते हैं कि यह भाजपा नहीं बल्कि श्री राम जन्म भूमि क्षेत्र ट्रस्ट है जो राजनीतिक नेताओं सहित प्रमुख हस्तियों को आमंत्रित कर रहा है। सौरभ भारद्वाज को तो यह पता होना ही चाहिए क्योंकि श्री राम जन्म भूमि क्षेत्र ट्रस्ट का कार्यालय उनके ही विधानसभा क्षेत्र ग्रेटर कैलाश में स्थित है, लेकिन दुर्भाग्य से भारद्वाज और उनकी पार्टी, जिन्होंने श्री राम मंदिर निर्माण के लिए कोई सकारात्मक योगदान नहीं दिया है, अब खुद को राम भक्त के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहे हैं।

### बीजेपी धर्म का कर रही है राजनीतिकरण

राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर सौरभ भारद्वाज ने बीजेपी के दृष्टिकोण की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी धर्म का राजनीतिकरण कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे धर्म को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान राम का मंदिर पूरे देश का है और भाजपा का रवैया इसको लेकर सवाल उठाता है।





# घर में विराजेंगे राम लला

**22 जनवरी** को दोपहर **12** बजकर **29** मिनट **8** सेकेंड पर मूल मुहूर्त

*पिछला साल जहां कई खट्टी मीठी यादों के लिए जाना जाएगा। वहीं नए साल 2024 में भी भारत कई उपलब्धियां हासिल करने के लिए तैयार है। सबसे बड़ा और धार्मिक अनुष्ठान तो 22 जनवरी को राम मंदिर में श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ होगा। इसके अलावा भारत अंतरिक्ष से समुद्र तक कई क्षेत्रों में देश दुनिया में गहरी छाप छोड़ने को तैयार है।*



## सुस्वागतम् 2024

# इस साल आकाश से पाताल तक बजेगा भारत का डंका

## अंतरिक्ष में लंबी उड़ान

### इसरो पर टिकी दुनिया की नजर



चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर ऐतिहासिक 'सॉफ्ट लैंडिंग' के बाद इसरो नए साल की शुरूआत एक और अहम लॉन्चिंग के साथ कर रहा है। इस साल मनुष्यों को अंतरिक्ष में भेजना और चंद्रमा की सतह से नमूने लेकर पृथ्वी पर लौटना भी शामिल है। 'एक्सपोसैट' के प्रक्षेपण के साथ नववर्ष की शुरुआत किए जाने की संभावना है। 'एक्स-रे पोलरिमीटर सैटेलाइट' (एक्सपोसैट) एक्स-रे स्रोत के रहस्यों का पता लगाने और 'ब्लैक होल' की रहस्यमयी दुनिया का अध्ययन करेगा। 'आदित्य एल-1' उपग्रह को 6 जनवरी को 'लैंग्रेजियन' बिंदु-1 में स्थापित होगा।

## समुद्र में मंथन

### 6,000 मीटर की गहराई में गोता



गहरे समुद्र में अन्वेषण को आगे बढ़ाने के लिए देश का 'समुद्रयान' के जरिए 'एक्वानॉट्स' (अन्वेषण गोताखोर) को भेजने का कार्यक्रम है। उन्हें पहले मार्च में 500 मीटर की गहराई में भेजा जाएगा और इसके बाद 6,000 मीटर की गहराई तक जाने का लक्ष्य है। समुद्र का तटीय क्षेत्रफल करीब 7500 किलोमीटर में फैला है। डीप शी मिशन के जरिए समुद्र में मौजूद खनिज, धातुओं और अन्य संपदा का पता लगाया जाएगा। समुद्र के दुर्लभ खनिजों का सर्वेक्षण किया जाएगा। इसका अनुमानित बजट 2823.4 करोड़ रुपये है।

## तेजी से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था

### 6.1 फीसदी की मिलेगी गति



वैश्विक रुझानों और अनुमानों के अनुसार 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जबकि चीन की वृद्धि दर 4.7 प्रतिशत रहेगी। वहीं दूसरी ओर अमेरिका, ब्रिटेन और जापान सहित कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में नए साल में आर्थिक वृद्धि दर में या तो गिरावट आ सकती है, या इनमें मामूली बढ़ोतरी हो सकती है। बेहतर कौशल और संपत्ति से 'लैस' करने से 2024 और उससे आगे भारत अच्छी वृद्धि हासिल कर सकता है।

## मजबूत आधारभूत ढांचा

### सड़कों का बिछेगा जाल



केंद्र सरकार देश के आधारभूत ढांचे को विकसित करने पर लगातार जोर दे रही है। गांवों को शहरों से जोड़ा जा रहा है। परिवहन सुगम बनाने के लिए देश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अकेले लद्दाख के लिए 29 सड़क परियोजनाओं के लिए 1170.16 करोड़ आवंटित किए गए हैं। भारत वित्त वर्ष 2023-24 से 2029-30 के बीच बुनियादी ढांचे पर लगभग 143 लाख करोड़ रुपये खर्च करेगा। समीक्षाधीन अवधि में कुल 36.6 लाख करोड़ रुपये का निवेश हरित परियोजनाओं में होगा।

## लोकसभा चुनाव : दिखेगा मोदी का जलवा



2024 लोकसभा के आम चुनाव होने हैं। ऐसे में सियासत का खेल चरम पर होगा। केंद्र में सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस समेत अन्य क्षेत्रीय राजनीतिक दल लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी में जुट गए हैं। इस बार इंडिया गठबंधन के बैनर तले कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी और समेत जनता दल यू समेत 26 से अधिक राजनीतिक दल एकजुट होकर केंद्र में सत्तासीन राष्ट्रीय जनतांत्रिक सरकार (एनडीए) को चुनौती देने में जुट गए हैं। ऐसे में एक बार फिर मोदी का जादू देखने को मिल सकता है। भाजप को पिछले आम चुनाव से भी ज्यादा सीटे जीतने का भरोसा है। वहीं विपक्ष भी मिलजुल का अपनी नैया पार लगाने की कवायद में जुटा है। वर्ष 2024 में सिर्फ लोकसभा चुनाव ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र, हरियाणा और ओडिशा समेत कुल 7 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं।

**हरियाणा:** उत्तर भारत के अहम राज्य हरियाणा की 90 सीटों पर नवंबर, 2024 तक विधानसभा चुनाव होने हैं। हरियाणा में अभी भारतीय जनता पार्टी और जननायक जनता पार्टी की गठबंधन सरकार है। हरियाणा विधानसभा चुनाव 2019 में भाजपा ने 90 में से 40 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि कांग्रेस को 31 सीटों पर संतोष करना पड़ा था।

**महाराष्ट्र :** वर्तमान में राज्य में भाजपा और शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजीत पवार गुट) की सरकार की है। राज्य की सभी 288 विधानसभा सीटों पर अक्टूबर के आसपास चुनाव होने की संभावना है। भाजपा ने दावा किया है कि पीएम मोदी की लहर और भाजपा के किए गए कार्यों से वह बहुमत की सरकार बनाएगी।

**ओडिशा :** ओडिशा में बीजू जनता दल की सरकार है। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि ओडिशा विधानसभा चुनाव 2024 में कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा, क्योंकि नवीन पटनायक की उम्र काफी हो चुकी है।


**आंध्रप्रदेश :** 175 सीटों वाले आंध्र प्रदेश में वर्तमान में वाईएसआर कांग्रेस की सरकार है। राज्य में 2024 में ही विधानसभा के चुनाव होने प्रस्तावित है।

**सिक्किम :** सिक्किम में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा की सरकार है, नए साल में यहां भी चुनाव होंगे। इसके इलावा अरुणाचल प्रदेश में भी विधानसभा के चुनाव होंगे। जम्मू-कश्मीर में भी सरकार चुनाव करवा सकती है।

## अंतरिक्ष में फिल्म प्रोडक्शन स्टूडियो

### दिसंबर 2024

दिसंबर 2024 तक इंटरनेशनल स्पेश स्टेशन के कॉमर्शियल विंग एक्जियोम स्टेशन पर दुनिया का पहला फिल्म प्रोडक्शन स्टूडियो और स्पोर्ट्स अरीना बनेगा। इसे स्पेस एंटरटेनमेंट एंटरप्राइज कंपनी तैयार कर रही है। स्टूडियो का नाम एसईई-1 होगा। धरती से 250 मील ऊपर अंतिरक्ष में कंटेंट प्रोडयूस, रिकॉर्ड, ब्रॉडकास्ट और लाइव स्ट्रीम कर सकते हैं। यहां फिल्म, टीवी, म्यूजिक और स्पोर्ट्स इवेंट्स आयोजित किए जा सकेंगे। एक साथ कितने दर्शक यहां जा सकेंगे, यह अभी तय नहीं हो पाया है।



### कुपोषण को खत्म करेगी दवा

कुपोषण को ठीक करने के लिए एक कदम समाधान नजदीक ही है। बिल गेट्स फाउंडेशन कुपोषण की दवा के लिए स्टेज-3 ट्रायल कर रहा है। 2024 में इस प्रोबायोटिक के इस्तेमाल के लिए डब्ल्यूएचओ ने मंजूरी दे दी है। इससे कम विकसित देशों को सबसे अधिक फायदा होगा। पूरी दुनिया में पांच साल के कम उम्र के 19.4 करोड़ बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। भारत में ऐसे बच्चों की संख्या करीब 43 लाख है। बच्चों में कुपोषण की मुख्य वजह सही से भोजन का नहीं पचा पाना है। ये दवाई खाने और दूध को पचाने में मदद करेगी।

### 3241 किलोग्राम का सबसे बड़ा स्पेश क्राफ्ट बनेगा

क्लीपर मिशन के लिए बनाया जा रहा स्पेश क्राफ्ट अब तक का सबसे बड़ा स्पेश क्राफ्ट होगा। यह 30 मीटर लंबा और बिना फ्यूल के 3241 किलोग्राम का होगा। पृथ्वी के मुकाबले जूपिटर सूरज से पांच गुना ज्यादा दूर है। इस कारण स्पेशक्राफ्ट पर पॉवर बैकअप के लिए सोलर एरे लगाए जाएंगे। इसमें 24 इंजन होंगे। सोलर एरे के साथ इसकी लंबाई करीब 30 मीटर यानी एक बॉस्केट बॉल कोर्ट जितनी होगी।

## ये भी रहेगा खास

### चर्च में महिला प्रीस्ट



साल 2024 में कैथोलिक नियमों में सुधार किया जाएगा। इसके तहत प्रीस्ट जैसे पदों पर महिलाओं की तैनाती सहित कई अहम फैसले लिए जाएंगे। समलैंगिक विवाह पर भी पोप फ्रांसिस आखिरी फैसला ले सकते हैं। कैनन लॉ में बदलाव किए जा सकते हैं। इसके तहत वे कानून आते है, जिससे कैथोलिक चर्च व्यवस्थित होती हैं।

### गणतंत्र दिवस पर मैक्रों मेहमान



साल 2024 के गणतंत्र दिवस समारोह में 25 मित्र देशों से आए बच्चे भी परेड का हिस्सा होंगे। वहीं, गणतंत्र दिवस परेड में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के दस्ते में महिला कैडेटों की संख्या सर्वाधिक होगी। परेड में शामिल हो रहे ये बच्चे युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 2024 गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

### पहली रैपिड रेल




दिल्ली और मेरठ के बीच देश की पहली रैपिड रेल (रैपिडेक्स) चलाई जाएगी। इसकी कुल लंबाई 82 किलोमीटर है। हालांकि, पहले फेज (प्रायोरिटी कॉरिडोर) दुहाई से जो साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक का है, 17 किलोमीटर का होगा। इसके इसी साल शुरू होने की उम्मीद है। वहीं, प्रोजेक्ट 2025 तक बनकर हो जाने का अनुमान है। इस पर ट्रेन 160 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम स्पीड से चलेगी।

### सबसे लंबा समुद्री रेलवे पुल



मुंबई हार्बर लिंक रेलवे पुल भारत का सबसे लंबा समुद्री पुल होगा जो मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ेगा। यह इस साल के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगा। 22 किलोमीटर लंबे इस पुल पर 18000 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसके बन जाने के बाद साउथ मुंबई से नवी मुंबई 2 घंटे की बजाय 20 मिनट में पहुंचा जा सकेगा।

### मुंबई में एक और एयरपोर्ट



मुंबई में एक और इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाया जा रहा है। वहां अभी केवल एक ही अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है जहां बहुत भीड़ होती है। इसके बोझ को कम करने के लिए नया हवाई अड्डा बनाया जा रहा है। इसके लिए जमीन अधिग्रहण पूरा हो गया और यह 2024 के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगा। इस पर कुल 16700 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

## इन चुनौतियों से लड़ना होगा

### महंगाई



*नए साल में बढ़ती महंगाई को लेकर भी सरकार को पर्याप्त कदम उठाने होंगे। पेट्रोल, रसोई गैस की कीमतें आम आदमी की जेब पर डाका डाल रही है। चुनावी साल होने के कारण अभी महंगाई पर कुछ लगाई लगाई गई है। हालांकि आम चुनाव होने के बाद फिर से महंगाई में तेजी आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।*

### कोरोना



*कोरोना महामारी से निपटना नए साल में चुनौती होगा। कोरोना का नया वायरस जेएन.1 स्वास्थ्य विशेषज्ञों की चिंता बढ़ा रहा है। भारत में इस वैरियंट के अभी बहुत कम केस आए हैं। हालांकि इसके फैलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।*

### साइबर ठगी



*देश के डिजिटल सिस्टम पर साइबर ठगों की पैनी नजर है। ऐसे में सरकार को अपने बैंकिंग सहित अन्य सर्वरों को बचाने के लिए नई रणनीति बनानी होगी। आए दिन हो रहे साइबर हमलों ने हमें सोचने पर मजबूर कर दिया है।*

### ग्लोबल वार्मिंग



*ग्लोबल वार्मिंग दुनिया के सामने एक बड़ी चुनौती है। साल 2023 में भारत सहित अन्य देशों को मिलकर वैश्विक तापमान के स्तर को पाने के लिए जंग लड़नी होगी।*

### प्रदूषण

*देश और दुनिया में बढ़ता प्रदूषण भी समस्या बनता जा रहा है। भारत में कई राज्यों में प्रदूषण के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। इसको लेकर सरकार को ठोस रणनीति पर काम करना होगा और कोई स्थाई समाधान निकाला ही होगा।*

## सुप्रीम कोर्ट के सुप्रीम फैसले जो बदलेंगे समाज की दशा और दिशा



**इलेक्टोरल बांड योजना :** चुनावी बांड के गड़बड़ी वाले मामले की सुनवाई पूरी हो चुकी है। इस पर भी इसी साल में फैसला आना है। चुनौती चुनावी बांड योजना की संवैधानिक वैधता थी, जिसने राजनीतिक फंडिंग को बेहद अपारदर्शी बना दिया है और मतदाताओं के जानने का अधिकार खत्म कर दिया गया है। यह निर्णय भारत के चुनावी लोकतंत्र के भाग्य के लिए निर्णायक होगा।


**राजनीतिक दलों के मुफ्त के वादे (फ्रीबीज):** राजनीतिक दल लोगों का वोट सुरक्षित करने के लिए मुफ्त बिजली/पानी की आपूर्ति, बेरोजगारों, दिहाड़ी मजदूरों और महिलाओं को मासिक भत्ता के साथ-साथ लैपटॉप, स्मार्टफोन जैसे गैजेट देने का वादा करना फ्रीबीज राजनीति कहलाता है। इस मुद्दे सुप्रीम कोर्ट 2024 में सुनवाई करेगा।

**सीएए की धारा 60 की संवैधानिकता :** सीएए की धारा 60 की संवैधानिकता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। सुप्रीम कोर्ट के 5 जजों की संविधान पीठ ने 12 दिसंबर 2023 को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली 17 याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा था। कोर्ट इस पर नए साल में फैसला सुनाएगी।

**ज्ञानवापी विवाद:** ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर हिंदू पक्ष का दावा है कि इस विवादित ढांचे के नीचे ज्योतिर्लिंग है। यही नहीं ढांचे की दीवारों पर देवी देवताओं के चित्र भी प्रदर्शित है। इलाहाबाद हाईकोर्ट मंदिर पक्ष के मामले को निचली अदालत में सुनवाई के लिए हरी झंडी देते हुए मस्जिद पक्ष की पांच याचिकाएं खारिज कर दी थीं। इस मामले में मंदिर पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर की है। जनवरी 2024 में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई संभव।

**दागी नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध:** दागी या दोषी ठहराए जा चुके नेताओं के संसद या विधानसभा चुनाव लड़ने, राजनीतिक पार्टी बनाने या किसी पार्टी का पदाधिकारी बनने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। केंद्र सरकार ने आजीवन प्रतिबंध लगाने पर विरोध जताया था। आरोपी सांसदों और विधायकों के मामलों की सुनवाई अगले साल 2024 में होने की संभावना है।

## फ्रांस में 100 साल बाद ओलंपिक



### 26 जुलाई से 11 अगस्त

फ्रांस की राजधानी पेरिस में ओलंपिक खेलों का आयोजन होगा। इससे पहले **1900** और **1924** में फ्रांस में ओलंपिक का आयोजन हुआ था। पेरिस ओलंपिक में **32** खेलों में **306** इवेंट होंगे। पहली बार ब्रेक डांस को भी शामिल किया गया है। ओलंपिक आयोजन में करीब **76** हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### टी-20 वर्ल्ड कप

वेस्टइंडीज और यूएसए की मेजबानी में टी-20 वर्ल्ड कप खेला जाना है। पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में भारत को सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों शिकस्त मिली थी। साल 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में भारत से जीत की उम्मीद रहेगी। वहीं, बांग्लादेश की मेजबानी में महिला टी-20 वर्ल्ड कप का भी आयोजन किया जाएगा।

### हॉकी वर्ल्ड कप

ओमान के मस्कट में हॉकी वर्ल्ड कप का आयोजन होगा। पुरुष टीम की कमान सिमरनजीत और महिला टीम की कप्तानी रजनी इतिमारपु करेंगी। महिला टीम **24** से **27** जनवरी के बीच अपने मुकाबले खेलेगी, जबकि पुरुष अपने अभियान का आगाज **28** जनवरी से करेगी।

## खबर संक्षेप

### वात्सल्य ग्राम में षष्ठी पूर्ति महोत्सव आयोजित

**मथुरा।** तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन स्थित वात्सल्य ग्राम में षष्ठी पूर्ति महोत्सव आयोजन किया गया।



इसमें उप मुख्यमंत्री केसव प्रसाद मौर्य, केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, स्वामी परमानंद गिरी महाराज और साध्वी ऋतम्भरा सहित बड़ी संख्या में साधु-संत पहुंचे। महोत्सव में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भी आना था। लेकिन, खराब मौसम के कारण वह नहीं पहुंच सके।

### शुआट्स विवि के कुलपति आरबी लाल गिरफ्तार

**प्रयागराज।** शुआट्स विवि के कुलपति प्रो. आरबी लाल को पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप



में गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने हड़ताल पर चल रहे शिक्षकों को बातचीत के लिए विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस बुलाया था। यहां वह शिक्षकों से बातचीत कर ही रहा था कि पुलिस ने पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उन्हें कचहरी में रिमांड मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया।

### चेकिंग के दौरान उतारा हेलमेट तो चौंक गई पुलिस

**हरदोई।** कोहरा और शीतलहर के बीच आधी रात बाद सड़क पर घूम रहे बाइक सवारों को सीओ सिटी ने



रोक लिया। पुलिसकर्मियों ने उनसे घूमने का कारण पूछा। तो जैसे ही उन लोगों ने हेलमेट उतारा सभी पुलिसकर्मी चौंक गए। दरअसल बाइक पर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी सवार थे उनके स्टेनो अमन कुमार सिंह बाइक चला रहे थे। एसपी रात में गश्त चेक करने को निकले थे।

---

दिसंबर 2018 में यूपी साइंस एंड टेक्नोलाजी से पेटेंट करा रखा है

# राममंदिर के लिए आठवीं पास व्यापारी ने बनाई 'वर्ल्ड क्लॉक, दिखाती है भारत समेत आठ देशों का समय

*हसवा ब्लाक के सखियांव गांव के अनिल कुमार साहू ने भारत समेत नौ देशों का समय बताने वाली एक घड़ी तैयार की है। उन्होंने 76 सेंटीमीटर ऊंची इस घड़ी को वर्ल्ड क्लॉक के नाम से तैयार किया है। इसे धर्मनगरी अयोध्या में नवनिर्मित रामलला मंदिर में लगाया जाएगा। उन्होंने अपने उत्पाद को दिसंबर 2018 में यूपी साइंस एंड टेक्नोलाजी लखनऊ से पेटेंट करा रखा है।*

एजेंसी ▶▶ फतेहपुर

हसवा ब्लाक के सखियांव गांव के अनिल कुमार साहू ने भारत समेत नौ शहरों का समय बताने वाली एक घड़ी तैयार की है। उन्होंने 76 सेंटीमीटर ऊंची इस घड़ी को वर्ल्ड क्लाक के नाम से तैयार किया है। इसे धर्मनगरी अयोध्या में नवनिर्मित रामलला मंदिर में लगाया जाएगा। उन्होंने अपने उत्पाद को दिसंबर 2018 में यूपी साइंस एंड टेक्नोलाजी लखनऊ से पेटेंट करा रखा है।

51 वर्षीय अनिल कुमार ने कक्षा आठ तक नियमित पढ़ाई की। इसके बाद पहले बिजली मैकेनिक बने और इसके बाद लखनऊ के गोमती नगर में लहसुन का व्यापार शुरू किया। वह थोक और फुटकर दोनों काम करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'लोकल फार वोकल' संदेश से प्रेरित होकर उन्होंने ऐसी घड़ी का निर्माण किया, जिसमें वाशिंगटन डीसी, न्यूयार्क, मैक्सिको सिटी, बीजिंग, सिंगापुर, मास्को, टोक्यो, दुबई और भारत का समय देखा जा सकता है।



### चंपतराय को सौंपी घड़ी

पेटेंट आइटम को उन्होंने 25 दिसंबर को श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय को सौंपा है। इसके साथ ही छोटी वर्ल्ड क्लाक अयोध्या के हनुमान गढ़ी और अयोध्याधाम रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर को भेंट की है। घड़ी की खास बात यह है कि इसमें दो सुइयां हैं, जिसमें एक सेकेंड और दूसरी घंटा और मिनट बताएगी।

---

सियासी गलियारे में हलचल हुई तेज

# राजद सुप्रीमो लालू यादव से मिलने पहुंचे बिहार विधानसभा के अध्यक्ष अवध बिहारी

*बिहार की सियासत इन दिनों गरमाई हुई है। राज्य में कई राजनीतिक बदलाव देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी लालू प्रसाद यादव से मुलाकात करने पहुंचे है। आज साल का आखिरी दिन है और बीते दिन भी कई विधायक लालू यादव से मुलाकात करने पहुंचे थे। वहीं अब अवध बिहारी चौधरी पहुंचे हैं।*

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार की राजनीति में इन दोनों लगातार हलचल का दौर जारी है। नीतीश कुमार के जेडीयू राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद कहा जा रहा है कि राजद और जदयू के बीच खटास की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसी बीच विधानसभा स्पीकर अवध बिहारी चौधरी ने राबड़ी देवी आवास जाकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की है। इस दौरान मंत्री तेज प्रताप यादव भी मौजूद रहे। इस मुलाकात को लेकर सियासी गलियारे में एक बार फिर सरगर्मी बढ़ गई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि इंडिया गठबंधन और खासकर महागठबंधन सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है।

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद से मिलने उनके आवास पहुंचे। दस सर्कुलर रोड स्थित पूर्व सीएम राबड़ी देवी के आवास पर दोनों के बीच मुलाकात हुई। बीते दिन भी कई विधायक लालू से मुलाकात करने पहुंचे थे। राबड़ी आवास में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के 1 जनवरी को जन्मदिन को लेकर तैयारियां चल रही है। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष के वहां मिलने को राजनीतिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विधि मंत्री शमीम अहमद भी लालू यादव से मिलने पहुंचे थे। पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद भी आए थे। जानकार बताते हैं कि राज्य के बदलते सियासी दौर में इस मुलाकात के बड़े मायने हैं।

**खास बातें**

- कयास लगाए जा रहे हैं कि महागठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है
- पहले भी कई विधायक लालू से मुलाकात करने पहुंचे थे



### बिहार में चढ़ा राजनीतिक पारा

भाजपा लगातार आरोप लगा रही है कि ललन सिंह जेडीयू को आरजेडी में विलय करने वाले थे और वो चाहते थे कि तेजस्वी यादव जल्द बिहार के सीएम बने। इस आरोप के बाद बिहार की राजनीति में भूचाल मचा हुआ है। जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में ललन सिंह ने पद से इस्तीफा दे दिया और नीतीश कुमार एक बार फिर जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। सीएम नीतीश की आरजेडी से नाराजगी की बात कही जा रही है। इस बीच विधानसभा स्पीकर की लालू यादव से मुलाकात को लेकर बिहार में राजनीतिक पारा चढ़ते दिख रहा है।

---

जेडीयू के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा-

# राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से वे खुद हटे, नीतीश उन्हें रोक रहे थे



एजेंसी ▶▶ पटना

लोकसभा चुनाव 2024 के कुछ माह पहले ललन सिंह के पद छोड़ने के बाद नीतीश कुमार जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। इधर भाजपा समेत एनडीए के घटक दल ललन सिंह की नाराजगी व जदयू में टूट का दावा कर रहे हैं। इन सबके बीच उनका बड़ा बयान सामने आया है। ललन सिंह ने कहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से वे खुद हटे हैं। नीतीश कुमार अध्यक्ष बने रहने के लिए उनपर भावनात्मक दवाब बना रहे थे लेकिन प्रयास करके उन्हें मनाया।

चुनाव से ठीक पहले जेडीयू में हुए बड़े बदलाव को समय की मांग बताते हुए कहा उन्होंने कि सब कुछ उनकी सहमति से हुआ। उन्होंने जेडीयू में किसी गुटबाजी से इनकार किया। लालू से मिलकर पार्टी तोड़ने के आरोपों को ललन सिंह ने खारिज किया। कुछ मीडिया पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनका स्क्रिप्ट भाजपा के दफ्तर में तैयार होता है। इंडिया गठबंधन में नीतीश कुमार को रोल नहीं दिए जाने पर भी अपनी राय दी।

ललन सिंह ने कहा कि पिछले दिनों मैंने अकेले में एक दिन मुख्यमंत्री से विनती किया कि चुनाव आ गया है और क्षेत्र में जाने का समय नहीं मिलता है। इससे मेरा चुनाव प्रभावित हो जाएगा। ना पार्टी को समय दे पा रहा हूं और ना क्षेत्र में। दोनों के साथ अन्याय हो रहा है इसलिए मुझे अब इस पद से मुक्त कर दीजिए। इस पर उन्होंने कहा कि जब आप आग्रह करते हैं और चुनाव हैं तो हट जाइए लेकिन, हम किसी और को अध्यक्ष नहीं बनाएंगे बल्कि खुद यह जिम्मेदारी संभालेंगे। इस्तीफे की टाइमिंग के सवाल पर ललन सिंह ने कहा कि सब कुछ मेरी सहमति व नीतीश कुमार की इच्छा से हुआ।

लोकसभा चुनाव के नजदीक आने पर फेरबदल के सवाल पर कहा कि चुनाव के लिए ही तो यह काम किया गया, क्योंकि मुझे भी तो चुनाव लड़ना है। अध्यक्ष पद पर रहते हुए मुझे कई राज्यों का दौरा करना पड़ता।

---

## पेज एक का शेष

### अंतरिक्ष में...

पीएसएलवी रॉकेट के चौथे चरण पर रखा जाएगा जिसे पृथ्वी की निचली कक्षा में रखा जाएगा। ये माइक्रोसैटेलाइट सबसिस्टम, थ्रस्टर या छोटे इंजन को दर्शाएंगे, जो उपग्रहों को लक्षित कक्षाओं और रेडिएशन शील्ड कोटिंग में रखते हैं। इसरो का पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल (पीओईएम) एक कक्षीय प्लेटफॉर्म के रूप में पीएस4 चरण का उपयोग करके कक्षा में वैज्ञानिक प्रयोगों की अनुमति देता है।

### ब्लैक होल की ...

पोलारिमेट्रिक अवलोकनों और स्पेक्ट्रोस्कोपिक मापों के साथ मिलकर काम करते हुए वर्तमान सैद्धांतिक मॉडल की सीमाओं के पार जाने के लिए तैयार है। ऐसा करने से, शोधकर्ताओं को आकाशीय पिंडों के उत्सर्जन तंत्र को नियंत्रित करने वाली जटिल भौतिक प्रक्रियाओं से उत्पन्न चुनौतियों पर काबू पाने की उम्मीद है।

### लोकसभा चुनावः मोदी...

जीत 2019 के मुकाबले बड़ी रहने वाली है। उधर, विपक्षी गठबंधन में शामिल दल चुनाव के लिए ताल तो ठोंक रहे हैं पर उनके बीच आपसी एका अभी तक उस लेवल पर सिरे नहीं चढ़ पाया है कि वे मोदी को चुनौती देने की स्थिति में दिखाई पड़ें। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्ता गंवाने के बाद कांग्रेस अपने सहयोगी दलों के बीच इस कदर कमजोर पड़ गई है कि ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, अखिलेश यादव, स्टालिन और केजरीवाल से लेकर उद्धव ठाकरे फिलहाल प्रधानमंत्री पद के लिए किसी कांग्रेस नेता को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। विपक्षी खेमे की अपसी अड़ंगेबाजी सीधे तौर पर भाजपा को फायदा पहुंचा रही है। अयोध्या में राम मंदिर बनकर तैयार है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंदिर का उद्घाटन करेंगे। पिछले कई दशकों से राम मंदिर निर्माण भाजपा का बड़ा चुनावी मुद्दा रहा है। लोकसभा चुनाव से तत्काल पहले राम मंदिर निर्माण का वादा पूरा हो रहा है। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में यह बड़ा फैक्टर बनने वाला है।

**राज्यों के क्षत्रप और कांग्रेसः** अगर बड़े राज्यों में कांग्रेस और गठबंधन में शामिल अन्य दलों की सीट शेयरिंग को लेकर असहमति देखें तो कोई हल निकलता फिलहाल दिखाई नहीं पड़ रहा। कांग्रेस जितनी सीटें महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बंगाल, बिहार, तमिलनाडु, पंजाब में चाहती है उतनी देने को कोई तैयार नहीं। महाराष्ट्र का उदाहरण देखें तो वहां शिवसेना (उद्धव), एनसीपी (पवार) और कांग्रेस तीनों ही खुद को एक दूसरे से बड़ा बताते हुए ज्यादा से ज्यादा सीटों पर दावा कर रहें हैं। सपा के अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को पांच सात सीटों से ज्यादा देने को तैयार नहीं। बिहार में जदयू और राजद का मानना है कि कांग्रेस यहां अपना आधार लगभग खो चुकी है। ममता बनर्जी बंगाल में कांग्रेस को कोई तव्वजो नहीं दे रही। अरविंद केजरीवाल पंजाब और दिल्ली में कांग्रेस को सीट तो देना चाह रहे हैं पर सत्ता में होने के चलते दोनों राज्यों में खुद को बड़ा बता रहे हैं जबकि कांग्रेस यहां फिफ्टी फिफ्टी की सीट शेयरिंग चाहती है।

### भाजपा की इन...

लड़ते हुए भाजपा ने 17, जदयू ने 16 और लोजपा ने छह सीट जीती थी। इस बार जदयू और राजद साथ हैं। जदयू ने पिछले चुनाव में 21.81 प्रतिशत और राजद ने 15.36 प्रतिशत मत हासिल किये थे। कर्नाटक में भाजपा सत्ता में थी। बंगाल में भाजपा ने 2019 के चुनाव में 18 सीटें जीती थी। भाजपा इस बार इस आंकड़े को बढ़ाना चाहती है। अमित शाह और जेपी नड्डा की सक्रियता यहां लगातार तेज हो रही है। झारखंड की 14 सीटों में से भाजपा ने पिछले लोकसभा चुनाव में 12 सीटें जीती थी। असम की 14 सीटों में से भाजपा ने 9 सीट जीतने में सफल रही थी। ओडिसा की 21 लोकसभा सीट में से भाजपा ने 8 सीटें जीती थी, बीजद ने 12 और कांग्रेस के हिस्से एक सीट आयी थी। उधर, आंध्रप्रदेश में पिछले चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के हाथ कुछ नहीं लगा था। केरल में कांग्रेस 20 में 15 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। तमिलनाडु की 39 सीटों में से स्टालिन की डीएमके अकेली ही 38 सीटें जीत ले गई थी। वहां भाजपा और कांग्रेस को कोई खास उम्मीद नहीं है।

### उत्तर भारत में...

हैं। हालांकि भाजपा कर्नाटक में बेहतर करने को लेकर आशान्वित है। यूपी की 80, मध्यप्रदेश की 29, राजस्थान की 25, गुजरात की 26, हरियाणा की 10, हिमाचल की 4 और उत्तराखंड की 5 सीटों पर भाजपा बेहद मजबूत है। पंजाब में अगर भाजपा और अकाली दल साथ आते हैं तो फायदा हो सकता है। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने पिछले चुनाव में 11 सीटों में से 9 जीती थी।

### मोदी के मुकाबल...

से ही कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल इस सवाल पर माथापच्ची ही कर रहे हैं। खड़गे का नाम जब सामने किया गया तो इसे सिरे से खारिज करने में गठबंधन के कई नेताओं ने देर नहीं लगाई। ये भी कहा गया कि पहले चुनाव जीता जाए फिर तय किया जाए कि प्रधानमंत्री कौन बनेगा। मतलब साफ है विपक्षी खेमा इस मोर्चे पर पस्त है।

### विपक्ष का प्लान...

दल दो चार सीट से ज्यादा देने को तैयार नहीं है। इसमें कोई दो राय नही कि अगर हर सीट पर विपक्षी गठबंधन एक मजबूत उम्मीदवार उतारे तो चुनावी मुकाबला कांटे का हो सकता है पर फिलहाल तो ऐसा होता दिखाई पड़ नहीं रहा है।

### इन विषयों पर राय ...

उपायों पर अपनी सिफारिश देगा। इसके अलावा 16वां वित्त आयोग आपदा प्रबंधन के उपायों पर भी अपनी सिफारिश देगा। साथ ही डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट, 2005 के हिसाब से फंड बंटवारे पर भी निर्णय लेगा। 16वें वित्त आयोग को निर्देश दिए गए हैं कि वह 31 अक्टूबर, 2025 तक अपनी सिफारिशें प्रस्तुत कर दे ताकि 1 अप्रैल, 2026 से 5 साल के लिए उनको लागू किया जा सके।

### फैक्ट्री में लगी आग...

दवा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद आग लगने से 7 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य कर्मचारी भी घायल हो गए थे। तब राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ने बचाव कार्य के लिए मोर्चा संभाला था और महाराष्ट्र सरकार के उद्योग मंत्री उदय सामंत भी राहत-बचाव कार्य का जायजा लेने मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को घटना के जांच के आदेश भी दिए थे।

**मृतकों की नहीं हो पाई शिनाख्तः** बताया गया कि फैक्ट्री में आग से जलकर जिन 6 मजदूरों की मौत हुई है, अभी तक उन मजदूरों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। आग लगने के सही कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। आग की चपेट में आकर झुलसे मजदूरों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**दमकलकर्मियों को मिले 6 मजदूरों के शवः** मीडिया से बात करते हुए दमकल विभाग के अधिकारी मोहन मुंगसे ने कहा, हमें 2:15 बजे आग लगने की सूचना मिली। जब हम साइट पर पहुंचे तो आग पूरी फैक्ट्री में फैल चुकी थी। उन्होंने कहा, हमारे दमकलकर्मी फैक्ट्री के अदंर पहुंचे, लेकिन तब तक सभी लोग दम तोड़ चुके थे। हमने 6 शव बरामद किए हैं। आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पाया गया।

### म्यांमार से भागकर...

**भेजा जाएगा वापसः** अधिकारी ने कहा कि म्यांमार के सैनिकों को कुछ दिनों में उनके देश वापस भेज दिया जाएगा। भारत के विदेश मंत्रालय और म्यांमार की सैन्य सरकार के बीच बातचीत चल रही है। इससे पहले नवंबर में म्यांमार-भारत सीमा पर उनके सैन्य शिविरों पर पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) द्वारा कब्जा किए जाने के बाद कुल 104 म्यांमार सैनिक मिजोरम भागकर आ गए थे। उन्हें भारतीय वायुसेना द्वारा हवाई मार्ग से मणिपुर के मोरेह ले जाया गया। इसके बाद उन्हें यहां से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर म्यांमार के निकटतम सीमावर्ती शहर तमू भेजा गया।

---

गर्भगृह में स्पर्श दर्शन प्रतिबंधित कर दिया

# नए साल पर काशी विश्वनाथ का केवल झांकी दर्शन

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

नए साल के पहले दिन श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में भीड़ को देखते हुए मंदिर के गर्भगृह में स्पर्श दर्शन प्रतिबंधित कर दिया गया है। सभी दर्शनार्थियों को झांकी दर्शन की ही सुविधा उपलब्ध होगी।

इसके साथ ही लोगों की सुविधा के लिए विश्वनाथ मंदिर के दोनों तरफ करीब दो किलोमीटर तक नो वेहिकल जोन घोषित कर दिया गया है। इससे मैदागिन और गोदौलिया से वाहन गेट नंबर 4 यानी चौक की तरफ नहीं आएंगे। वीआईपी की गाड़ियां भी मैदागिन या गोदौलिया से आगे नहीं जाने दी जाएंगी। इन लोगों के लिए ई-रिक्शा या गोल्फ कार्ट की सुविधा होगी। वहीं दिव्यांगजनों के लिए भी ये व्यवस्था लागू रहेगी। बाकी सभी लोग गेट नंबर-4 तक पैदल ही आएंगे। वाराणसी के



मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने विश्वनाथ धाम में बैठक कर भीड़ को देखते हुए तैयारियों की समीक्षा की। इसके साथ ही अधिकारियों को कई निर्देश दिए। आयुक्त ने मेडिकल टीम तैनात करने को कहा । मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि जो दर्शनार्थी मैदागिन की ओर से गेट नंबर 4 से मंदिर परिसर में प्रवेश करेंगे, वे गर्भगृह के उत्तरी द्वार से दर्शन करेंगे।

---

हरियाणा के सीएम मनोहर ने गुरुग्राम में दिया तोहफा

# वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लागू कर विवादों का होगा समाधान

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के व्यापारी और कारोबारी वर्ग की जीएसटी लागू होने से पहले करों सम्बधी अदायगी के मामलों के समाधान की मांग को पूरा करते हुए आबकारी एवं कराधान विभाग के माध्यम से एक मुश्त व्यवस्थापन-2023 (ओटीएस) यानी वन टाइम सेटलमेंट योजना का रविवार को गुरुग्राम से शुभारंभ किया। इस स्कीम के शुरू होने के बाद अब डिस्प्यूटेड टैक्स में अगर 50 लाख रुपये का अमाउंट है तो उसका 30% और अगर 50 लाख से अधिक है तो उसका 50 प्रतिशत तक भुगतान करना होगा। मुख्यमंत्री ने स्कीम की शुरुआत करते हुए कहा कि लोगों के सहयोग के लिए विवादों से समाधान योजना की शुरुआत की गई, जिसके तहत अब तक एक दर्जन से अधिक योजनाओं पर काम होगा।



### संतों से मिलती है व्यवस्थित जीवन जीने की प्रेरणा : सीएम

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को वृंदावन में स्थित वात्सल्य गांव में पहुंचे और साध्वी ऋतंभरा को उनके 60वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि संत परंपरा अनंत है और संतों के मार्गदर्शन से हमें व्यवस्थित जीवन जीने और निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। संतों द्वारा आदिकाल से ही समाज को अच्छे संस्कार दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृंदावन का बृज क्षेत्र भगवान श्री कृष्ण की जन्मभूमि है, जहां श्री कृष्ण ने अनेक लीलाएं रची। भगवान कृष्ण ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र में गीता उपदेश युद्ध के बीच दिया, जिसमें उन्होंने जीवन कैसे जिया जाए और संपूर्ण जीवन का सार भी बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के समय गीता के संदेश के अनुसार ही विश्व को कर्म व शांति के संदेश को आत्मसात करने की आवश्यकता है। भगवान श्री कृष्ण ने कुरुक्षेत्र में गीता उपदेश देते हुए अर्जुन को कर्म करने का संदेश दिया।

---

### जमशेदपुर में 200 महिलाओं से 20 करोड़ की ठगी

**जमशेदपुर।** मिनी फाइनेंस कंपनियों के एजेंटों ने जमशेदपुर की 200 महिलाओं से लगभग 20 करोड़ की ठगी कर ली। इन महिलाओं के दस्तावेज लेकर उनके नाम पर लोन लिया गया। लोन की रिकवरी के लिए जब बैंकों व मिनी फाइनेंस कंपनियों के अधिकारियों ने दबाव बनाना शुरू किया, तब महिलाओं को ठगी का पता चला। पिछले 15 दिनों में 200 महिलाओं ने अलग-अलग थानों में इसकी शिकायत की है, जिसके बाद जांच का आदेश दिया गया है।

महिलाओं ने घटना की शिकायत कांग्रेस के अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष पूर्वी सिंहभूम सोहेल खान से की। उसके बाद सभी मानगो थाना पहुंचे और घटना की शिकायत की। अलग-अलग शिकायतों के बाद एसएसपी के आदेश पर इसकी जांच कराई जा रही है।

---

पार्षदों की पिटाई का मामला

# एसएसपी कार्यालय पहुंचे सपा विधायक प्रधान, बोले- शिक्षा माफिया एमएलसी व मंत्री की संपत्ति की हो जांच

एजेंसी ▶▶ मेरठ

मेरठ नगर निगम मारपीट प्रकरण में विधायक अतुल प्रधान और पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा एसएसपी से उनके कार्यालय में मिले। इस दौरान उन्होंने एसएसपी से इस मामले में आरोपी एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज और मंत्री सोमेंद्र तोमर समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। एसएसपी ने उन्हें निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

एसएससी से मिलकर बाहर निकले अतुल प्रधान ने कहा कि इस मामले को लेकर पूरा विपक्ष एकजुट है और अगर पुलिस कार्रवाई नहीं करेगी तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। भाजपाइयों की ज्यादती बढ़ गई है इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।



उन्होंने कहा भाजपा के एमएलसी और मंत्री ने सदन की गरिमा को तार-तार कर दिया। इस दौरान पुलिस के हाथ बांधे मूकदर्शक बनी रही और पार्षद सदन से लेकर सड़क तक पीटते रहे। पूरी घटना कैमरों में कैद है। पार्षदों पर छेड़छाड़ का आरोप बेबुनियाद हैं। शिक्षा और भू माफिया एमएलसी व मंत्री की संपत्ति की जांच होनी चाहिए। पार्षद इनके खिलाफ पोल खोल अभियान चलाएंगे।

### नगर निगम बवाल मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

निगम की बैठक में शनिवार को हुए बवाल और दो पार्षदों को दौड़कर पीटने के मामले में दिल्ली गेट थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने तहरीर पर आईपीसी की धारा 147, 323, 504, 506 और एससी-एससी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की है।

एसएसपी रोहित सिंह सजवान ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर भी जांच की जाएगी। इसके अलावा नगर आयुक्त से भी रिपोर्ट मांगी गई है कि वे कमेटी से जांच कराकर पूरे घटना की वजह का पता करें।

## चिंतन

# नए वर्ष में चुनौतियों से पार पाना होगा

भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है, विकसित भारत संकल्प से ओत-प्रोत है। आज जब नव वर्ष शुरू हो रहा है तो ये आत्मविश्वास और संकल्प वर्ष भर दिखाई देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम की 108वीं कड़ी में कहा है कि देश विकसित भारत व आत्मनिर्भरता की भावना से भरा हुआ है, वर्ष 2024 में भी गति बनाए रखनी है। देश के लिए नव वर्ष खास है। इस वर्ष लोकसभा चुनाव होने हैं, जिसमें एक तरफ राजग होगा तो दूसरी तरफ इंडि गठबंधन। भाजपा नीत राजग नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता पर सवार होकर राम मंदिर, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, हिंदुत्व व विकास के एजेंडे के साथ मैदान में होगा तो नव गठित इंडि गठबंधन राजग को शिकस्त देने के लक्ष्य के साथ चुनाव में होगा। राष्ट्रीय स्तर पर इंडि गठबंधन की यह पहली परीक्षा होगी। नए वर्ष में राजनीति में बड़ा परिवर्तन दिखाई देगा। भारत अभी सबसे अधिक जीडीपी दर से बढ़ने वाला देश है, नए साल में भी यह स्थिति बनी रहेगी। सड़क, रेल, विमानन, पोर्ट आदि सभी इन्फ्रा क्षेत्र में देश तेजी से नवनिर्माण कर रहा है, नए वर्ष में इन क्षेत्रों में गति बनी रहने की संभावना है। अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र में खास कर डिजिटल, इलेक्ट्रिकल, ग्रीन हाइड्रोजन, ऑटो, फार्मा, बायोटेक, नैनोटेक, अंतरिक्ष, सेमीकंडक्टर आदि क्षेत्र में प्रगति के नए आयाम दिखाई देंगे। इसरो नव वर्ष में नया इतिहास रचने जा रहा है। भारत ने बीते वर्ष में वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियों का 'निर्णायक' तरीके से सामना किया। बढ़ती मांग, घटती महंगाई, स्थिर ब्याज दर परिदृश्य और मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार की वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था की चमक बनी रही। दुनिया के विकसित देशों में व्यापक निराशावाद और बिगड़ती भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद मार्च तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही। जून तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जबकि सितंबर तिमाही में वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। जीडीपी दर में भारत चीन से आगे रहेगा। वर्ष 2023 में प्रौद्योगिकी का विकास अभूतपूर्व रफ्तार से हुआ। भारत ने डेटा गोपनीयता और भंडारण पर नए कानून बनाए। कृत्रिम मेधा (एआई) को लेकर उत्साह के बीच ओपनएआई के चैटजीपीटी की लोकप्रियता और डीपफेक पर भारत की कार्रवाई ने सभी का ध्यान खींचा। भारत ने डिजिटल संप्रभुता पर जोर दिया और सोशल मीडिया तथा बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर सख्ती की। डिजिटल सेक्टर में नए वर्ष में भी भारत की प्रगति दिखाई देगी, खासकर एआई में। भू-राजनीतिक उथल-पुथल से भरे इस वर्ष में, भारत ने जी-20 के सदस्य देशों को प्रमुख वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए एक महत्वाकांक्षी रूपरेखा सर्वसम्मति से अपनाने के वास्ते तैयार करने में अपनी कुशल रणनीति का प्रदर्शन किया। चीन के बढ़ते आक्रामक रवैये के बीच अपनी रणनीतिक ताकत से भारत ने अपनी ग्लोबल साख बढ़ाई। नए वर्ष में भी भारत वैश्विक परिदृश्य में चमकता सूर्य साबित होगा। इसके साथ ही गरीबी दूर करने, सामाजिक व सांप्रदायिक विभाजन मिटाने, व्यापार घाटा शून्य करने, महंगाई-बेरोजगारी से निपटने, युद्ध व भूराजनीतिक संकट के बीच आपूर्ति तंत्र दुरुस्त रखने की चुनौतियों से नव वर्ष में पार पाना होगा।

## नववर्ष

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर



# आगामी वर्ष में असंभव को सिद्ध करने का स्वप्न देखें

हम सभी इस वसुंधरा पर कुछ आश्चर्यजनक और अतुलनीय करने के लिए आए हैं। यह सुनिश्चित करना आपका काम है कि आप इस अवसर को हाथ से न जाने दें। नए साल में कुछ न कुछ सृजनात्मक अवश्य करें। कुछ सृजन किए बिना कोई वर्ष नहीं बीतना चाहिए। जब तक आपके मन में कोई स्वप्न नहीं जन्मता, आप उसे साकार नहीं कर सकते। हर आविष्कार एक स्वप्न से उपजा है। स्वयं को विराट स्वप्न देखने और चिंतन करने की स्वतंत्रता दें और पूरे समर्पण के साथ उन्हें पूर्ण करने का साहस रखें। अक्सर विराट स्वप्नदर्शियों का उपहास उड़ाया जाता रहा है, किंतु उन्होंने इसकी परवाह किए बिना अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। आपकी जीवन-ऊर्जा को प्रवाहित होने के लिए निश्चित दिशा की आवश्यकता होती है। यदि आप इसे सही दिशा नहीं देते, तो आप किसी न किसी भ्रम का शिकार हो सकते हैं। जीवन-ऊर्जा को एक दिशा में ले जाने के लिए प्रतिबद्धता आवश्यक है। आज अधिकांश लोग भ्रमित हैं क्योंकि उनका जीवन दिशाहीन हैं। जब आप प्रसन्न होते हैं, तो आपके भीतर अत्यधिक जीवन-ऊर्जा होती है; लेकिन जब यह जीवन-ऊर्जा इस बात से अनभिज्ञ होती है कि उसका लक्ष्य कहाँ है, तो यह अटक जाती है। जब इसे आगे बढ़ने का मार्ग नहीं मिलता तो यह इसमें सड़न पैदा हो जाती है।

रहस्य यह है कि आप जितने अधिक प्रतिबद्ध होंगे, उस प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए उतनी ही अधिक ऊर्जा का उपयोग होगा। प्रतिबद्धता जितनी अधिक होगी, चीजें आपके लिए उतनी ही आसान होंगी। छोटी-छोटी प्रतिबद्धताएँ आपके लिए दम घोंटने वाली हो सकती हैं क्योंकि आपके पास क्षमता तो अधिक है, लेकिन आप एक सीमित दायरे में फँसे हुए हैं। जब आप समाज की, अपने आस-पास के लोगों की भलाई के लिए काम कर रहे हैं, भले ही आपके पास करने के लिए दस काम हों और अगर एक काम गलत भी हो जाता है, तो आप शेष काम करना जारी रख सकते हैं; जो कार्य ग़लत हो गया है वह अपने आप ठीक हो जाएगा! साधारणतया कृपा इसी तरह काम करती है। हम सोचते हैं कि हमारे पास पर्याप्त संसाधन होने चाहिए और फिर हम प्रतिबद्ध होंगे। आप जितनी अधिक ज़िम्मेदारी लेंगे, संसाधन उतनी ही आसानी से आपके पास आएंगे। आप जिस चीज के लिए भी प्रतिबद्ध हैं, वह आपको शक्ति प्रदान करती है। यदि आप अपने परिवार के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो आपका परिवार आपका सहयोग करता है; यदि आप समाज के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो आप समाज के सहयोग का आनंद लेते हैं। आपके माँगने से पहले ही आपको सहायता मिल जाएगी। प्रतिबद्धता का परिणाम लाने के लिए हमें सही विचारों और सही कार्यों की आवश्यकता है। उन सभी इच्छित वस्तुओं की सूची न बनाएं जिन्हें आप हासिल करना चाहते हैं; बल्कि एक विशाल दृष्टिकोण रखें और कुछ ऐसी वस्तुएँ चुनें जो वास्तव में मायने रखती हैं। यदि हम ऐसी बातों का ध्यान रखते हैं जो हमें अधिकतम संतुष्टि प्रदान करती हैं, और दीर्घ काल तक वे दूसरों के जीवन को ऊपर उठाने में भी सहायक है, तो सामान्य वस्तुएँ अपने आप सही स्थान पर आ जाएंगी। जब मन पूर्ण रूप से वर्तमान में होता है, तो आपके पास संगत विचार आते हैं। आपको न केवल अपने लक्ष्यों की योजना बनानी चाहिए, बल्कि उन पर काम करने के साधनों और तरीकों की भी योजना बनानी चाहिए। तीन साल बाद आप खुद को कहां देखना चाहेंगे? 20 साल बाद 40 साल बाद परिणामों को लेकर उत्तेजित न हों। अपना 100 प्रतिशत दें।

आमतौर पर, हम मस्तिष्क को तो तेज दौड़ाते हैं लेकिन काम धीरे करते हैं। सफलता का सही सूत्र है मन में धैर्य और कर्म में गतिशीलता। उत्साह और वैराग्य दोनों को अपनाएं। अपने लक्ष्यों के लिए प्रयास करने के साहस के साथ आगे बढ़ें और आवश्यकता पड़ने पर हार भी मानें। समृद्धि स्वाभाविक रूप से आएगी। जब आप ध्यान करते हैं तो निरीक्षण की क्षमता बढ़ती है। आप पूरी तरह से निश्चिंत हो जाते हैं, लेकिन साथ ही, आपके पास बौद्धिक शक्ति, जागरूकता और अंतर्ज्ञान की तीव्रता भी होती है। जब आप जागरूक होकर कार्य करते हैं, तो कार्य ठीक होता है। अटूट मनोयोग और सहज मन आपको अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता करेगा। तनावमुक्त ऊर्जा से भरे जीवन का मार्ग 'ध्यान' है, जिसमें अपने लक्ष्य के प्रति दृष्टि स्पष्ट होती है। प्रतिबद्धता भविष्य में सदा सुखद अनुभूति लाएगी। निवास के लिए इस दुनिया को एक सुंदर स्थान बनाने की ज़िम्मेदारी उठायें। असंभव को संभव बनाने का प्रण लें!



स्वागतम 2024

अरविंद जयतिलक

# संकल्प सिद्धि का बने नव वर्ष

यह नया वर्ष निराशाओं के भंवर से पार पाने, भविष्य के नए सपने गढ़ने-बुनने और उसे आयाम देने की प्रेरणा व संकल्प की ताकत दे, ऐसी हम कामना करेंगे। क्योंकि यह संकल्प ही जीवन को उत्सवधर्मी और अपराजेय बनाता है। नई ऊंचाइयों को छूने और विफलताओं को विस्मृत करने की ऊर्जा देता है। वैमनस्यता, कटुता, दुर्भावना और हीनता को पीछे ढकेल सहजता, उदारता और नवीनता को आत्मसात कर आगे बढ़ने की ताकत देता है। हम नए वर्ष में भारत राष्ट्र व समाज को एक समृद्ध, शक्ति संपन्न, समरस और महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लें उसके लिए सिद्धि में जुटें।

नए वर्ष की हार्दिक मंगलमय शुभकामनाओं के साथ आइए हम संकल्प लें कि राष्ट्र व समाज निर्माण की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेंगे। ऊर्जा और उल्लास के साथ चतुर्दिक खुशहाली, समृद्धि और समरसता का वातावरण रचेंगे। जन-जन के मन में शुभकामनाएं प्रस्फुटित हों ऐसी कामना करेंगे। यह नया वर्ष निराशाओं के भंवर से पार पाने, भविष्य के नए सपने गढ़ने-बुनने और उसे आयाम देने की प्रेरणा व संकल्प की ताकत दे, ऐसी हम कामना करेंगे। क्योंकि यह संकल्प ही जीवन को उत्सवधर्मी और अपराजेय बनाता है। नई ऊंचाइयों को छूने और विफलताओं को विस्मृत करने की ऊर्जा देता है। वैमनस्यता, कटुता, दुर्भावना और हीनता को पीछे ढकेल सहजता, उदारता और नवीनता को आत्मसात कर आगे बढ़ने की ताकत देता है। चैतन्यता से भरपूर संकल्प ही स्वयं के जीवन को समुन्नत बनाने के साथ-साथ समाज व देश की भाषा, संस्कृति, विविधता, सर्वधर्म समभाव और लोकमान्यताओं को संवारने और सहेजने का आत्मबल देता है।

आइए हम समवेत प्रयास के जरिए आशान्वित हों कि यह नया साल भी उत्सवधर्मी भारतीय जनमानस को एक नया संकल्प, नई ऊंचाई और नया विचार देगा। विचारों के इस संकल्प को उर्वरता और मुखरता प्रदान करने के साथ उत्थान व विकास की नई लकीर खिंचेगा। ऐसा इसलिए कि राष्ट्र व समाज के उत्थान में ही स्वयं के उत्थान व विकास के बीज निहित होते हैं। भारतीय जनमानस को इस नए साल में इसी उत्थान व विकास के बीज के प्रकीर्णन का संकल्प लेना होगा। इस बीज के प्रस्फुटन से ही देश में तरक्की का अमृत रस छलकेगा और सौहार्द का वातावरण निर्मित होगा।

तरक्की व सौहार्द के जुड़ाव से ही राष्ट्र व समाज की चेतना मजबूत होगी। नए संकल्पों के जरिए ही मनोकामनाओं की पूर्ति होगी। राष्ट्र का मान और शान बढ़ेगा। कामना करें कि यह नया साल इन्हीं संकल्पों को पूरित करने का एक सात्विक क्षण बनें। इसी क्षण के संकल्पों के जरिए ही भारतीय समाज में व्याप्त सामाजिक-आर्थिक गैर बराबरी और धार्मिक-सांस्कृतिक टकराव को मिटाया जा सकता है। इसी क्षण में भारत राष्ट्र के सनातन मूल्यों को सहेजा जा सकता है। इसी क्षण में लोककल्याण के मार्ग के विघ्न-बाधाओं को दूर किया जा सकता है। बस संकल्पों को साधने और मूर्त रुप देने की जरुरत है। यह कार्य हम छोटे-छोटे प्रयासों के जरिए कर सकते हैं। बस सिर्फ अपने आसपास सकारात्मक विचारों को प्रसारित करने की जरुरत है। हमारे आसपास अभावग्रस्त लोगों की कमी नहीं है। हम चाहें तो इन्हें मदद पहुंचाकर और जागरूकता के जरिए नए साल का उपहार दे सकते हैं। इस समय भीषण ठंड है। ऐसे हजारों लोग हैं जिनके पास गरम कपड़े नहीं हैं। वे ठंड से ठिठुर रहे हैं। गौर करें तो हर वर्ष ठंड और भूख से हजारों लोग मरते हैं। हम इन्हें कपड़े और भोजन उपलब्ध कराकर उनकी सुरक्षा और सेवा का व्रत ले सकते हैं। सेवा परमोधर्म है। इसी सेवा भाव से हम स्कूल जाने वाले गरीब बच्चों की मदद कर सकते हैं।



अंतिम हाशिए पर खड़े-पड़े अभावग्रस्त लोगों के होठों पर मुस्कान व मिठास बिखेरती है। हम भी ऐसा कर गांधी जी के रामराज वाले सपने को साकार कर सकते हैं। अच्छी बात है देश की तकरीबन सभी सरकारें इस दिशा में सकारात्मक पहल कर रही हैं। वह रैन बसेरों के जरिए बेघर लोगों को सुरक्षा प्रदान कर रही है। केंद्र व राज्य सरकारें गरीबों और जरुरतमंदों के कल्याण के लिए कई लाभकारी योजनाएं चला रही हैं। लेकिन बढ़ती आबादी की चुनौतियों को देखते हुए यह पर्याप्त नहीं है। बढ़ती जनसंख्या से निपटने के लिए जन-जन की भागीदारी और सहभागिता बेहद आवश्यक है।

हम हर वर्ष लाखों टन भोजन बर्बाद बर्बाद हकर देते हैं।घर में बचे भोजन को इधर-उधर फेंक देते हैं। अगर हम इसी भोजन को जरुरतमंदों तक पहुंचा दें तो उनका भला हो सकता है। वैसे भी भारत की सनातन संस्कृति और मूल्य-विचार मिलजुलकर रहने और मिल-बांटकर खाने की प्रेरणा देती हैं। हमें उन आजमाए मूल्यों पर आगे बढ़ना चाहिए। हमारे आसपास हजारों ऐसे लोग हैं जो बीमार और अस्वस्थ हैं। उनके पास धन का अभाव और जागरुकता की कमी है। हम चाहे तो उन्हें आसानी से सहयोग कर अस्पताल पहुंचा सकते हैं। विचार करें तो इस कार्य में देश के लाखों चिकित्सक अहम भूमिका निभा सकते हैं। वे अपने आसपास रहने वाले गरीब लोगों का निःशुल्क इलाज व दवा प्रदान कर उनकी सेवा कर सकते हैं। चिकित्सकों को दूजा भगवान की संज्ञा दी गयी है। लिहाजा उन्हें भगवान जैसा आदर्श विचार का संकल्प लेना चाहिए। इसी तरह देश के वकील, नौकरशाह, सरकारी कर्मचारी और उद्योगपति भी देश को संवारने में अपना सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। देश प्रदूषण की समस्या से कराह रहा है। हर वर्ष लाखों लोग प्रदूषण से जान गंवा रहे हैं। उनकी उम्र कम हो रही है। इस प्रदूषण के लिए कहीं न कहीं हम खुद जिम्मेदार है।

आइए हमलोग संकल्प लें कि इस वर्ष प्रदूषण न कर पर्यावरण की रक्षा करेंगे। प्रदूषण की तरह गंदगी भी एक भीषण समस्या है। गंदगी के कारण विभिन्न किस्म के रोग उत्पन होते हैं। इन रोगों से निपटने के लिए सरकार हर वर्ष हजारों करोड़ रुपए खर्च करती हैं। गंदगी मिटाने के लिए देश में स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। हमलोग नए साल में समूहबद्ध होकर अपने आसपास की गंदगी को साफ करने और वातावरण को स्वच्छ बनाने का संकल्प ले सकते हैं। अगर ऐसा करते हैं तो बीमारियो पर खर्च होने वाली धनराशि को शिक्षा-स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मदों में खर्च किया जा सकता है।

देश में नशाखोरी भी एक भयावह समस्या है। युवाओं में धूम्रपान की प्रवृत्ति बढ़ी हैं। कहा जाता है कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। इस वर्ष युवाओं को संकल्प लेना होगा कि वह शराबखोरी और धूम्रपान का परित्याग करेंगे। गांधी जी ने नशामुक्त भारत का सपना देखा था। उस सपने को देश के युवाओं को पूरा करना चाहिए। भारत एक विविधतापूर्ण बहुधर्मी व संस्कृति संपन्न देश है। लेकिन जब देश में धार्मिक-सांस्कृतिक टकराव होते हैं तो देश की एकता और अखंडता को चोट पहुंचती है। हिंसा से हजारों लोगों की जान जाती है। हजारों करोड़ की संपत्ति का सर्वनाश होता है। दुर्भाग्यपूर्ण यह कि इन हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम देने के लिए युवाओं का इस्तेमाल होता है। यह ठीक नहीं है। युवा वर्ग ही देश में बदलाव का सबसे बड़ा संवाहक है। देश को बदलने, संवारने और सहेजने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी युवाओं के कंधे पर है। हम नए वर्ष में भारत राष्ट्र व समाज को एक समृद्ध, शक्ति संपन्न, समरस और महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लें व सिद्धि में जुटें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित

**दर्शन**

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें। *-अम्मा अमृतानंदमयी देवी*

# भक्ति का मतलब ये नहीं कि दुख नहीं आएंगे



संकलित

**प्रेरणा**

महाभारत युद्ध के बाद का किस्सा है। पांडवों ने कौरवों को हरा दिया था और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। उस समय भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे और प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। भीष्म के पूरे शरीर पर तीर लगे हुए थे। एक दिन श्रीकृष्ण पांडवों के साथ भीष्म से मिलने पहुंचे। श्रीकृष्ण ने भीष्म से कहा कि आप पांडवों को राजधर्म का ज्ञान दें, ताकि ये अपना राज-पाठ अच्छी तरह चला सके। बातचीत करते समय पांडवों ने देखा कि भीष्म पितामह की आंखों में आंसू आ गए थे। पांडवों को इस बात की हैरानी हुई कि भीष्म पितामह जैसे महारथी को भी मृत्यु का डर सता रहा है, इस वजह से इनकी आंखों में आंसु आ गए हैं। जबकि इन्हें तो इच्छामृत्यु का वरदान मिला हुआ है। पांडवों के मन की बात समझकर श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह से पूछा कि आपकी आंखों में आंसू क्यों हैं? श्रीकृष्ण का प्रश्न सुनकर भीष्म ने कहा कि आप तो सब कुछ जानते हैं, मैं पांडवों को भी बता देता हूं। मेरी आंखों में आंसू पांडवों को देखकर आ गए। पांडवों पुत्रों के साथ स्वयं श्रीकृष्ण साथ हैं। फिर भी इनके जीवन में लगातार दुख आते रहे। कदम-कदम पर पांडवों के जीवन में मुश्किलें आईं। इन्हें देखकर मुझे समझ आया कि अगर हमारे भगवान हैं, तब भी इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे जीवन में दुख नहीं आएंगे। दुख तो आएंगे, लेकिन भगवान की मदद से हम दुखों का सामना पूरे साहस के साथ कर पाते हैं। भक्ति करेंगे तो भगवान हमें दुखों से लड़ने का साहस देंगे।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### अपराधियों को सजा देने में हिचकिचाहट क्यों?

अर्जुन अवार्डी विनेश फोगाट और अन्य खिलाड़ियों के साथ बृजभूषण शरण सिंह का क्या व्यवहार है? महिला खिलाड़ियों को उत्पीड़न का शिकार क्यों बनाया जा रहा है? अगर महिला खिलाड़ियों की इज्जत और आबरू दाव पर लगती है, तो जरा सोचिए, क्या भविष्य में खेल के मैदान में कोई महिला उतरेगी? कौन अभिभावक अपने बच्चों को ऐसी जगह भेजेगा जहां उनकी इज्जत नहीं होती। एक तो खिलाड़ियों की ड्रेस ही ऐसी होती है कि अभिभावक दिल पर पत्थर रखकर ही उसे खिलाड़ियों को पहनाते हैं। फिर अपने देश के लिए मैदान में उतरें और वहां रक्षक ही भक्षक बने हुए हैं, तो यह घोर निंदा का विषय है। ये लोग क्यों यहां-वहां महिला खिलाड़ियों को छेड़ते हैं? इस तरह के अपराधियों को सजा देने में सरकार को हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। *-शरद साहू, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# मेक्सिको व वेनेजुएला में शरणार्थियों वापसी शुरू

मेक्सिको और वेनेजुएला ने शनिवार को घोषणा की कि उन्होंने मेक्सिको में वेनेजुएला के शरणार्थियों को वापस लाने के लिए उड़ानें फिर से शुरू कर दी हैं। यह कदम लोगों को बड़ी संख्या में अमेरिका में प्रवेश करने से रोकने के लिए उठाया गया है। प्राधिकारियों का कहना है कि हर दिन कम से कम 10,000 शरणार्थी अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर पहुंच रहे हैं ,जिनमें से बड़ी संख्या में लोग शरण पाने के इच्छुक हैं। वापसी उड़ानें शुरू करने का फैसला तब लिया गया जब इस सप्ताह मुख्यत: वेनेजुएला के हजारों लोगों का काफिला दक्षिण मेक्सिको से आगे बढ़ा। लोगों को वापस लाने संबंधी ये उड़ानें अक्टूबर में मेक्सिको में हुई एक शिखर वार्ता के दौरान क्षेत्रीय नेताओं के बीच बने एक समझौते का हिस्सा हैं जिसका मकसद प्रवास का समाधान तलाशना है। मेक्सिको के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों ने शुक्रवार को एक उड़ान और शनिवार को दूसरी उड़ान के साथ स्वदेश वापसी शुरू की है। यह 'प्रवास के मुद्दों पर सहयोग मजबूत करने' का प्रयास है। मेक्सिको सरकार ने कहा कि उसने गत 20 जनवरी को भी 110 लोगों के साथ ऐसी ही उड़ान का संचालन किया था।



## ऑफ बीट

# एमआरआई स्कैनर में सावधानी क्यों है जरूरी

विस्कॉन्सिन की एक 57 वर्षीय महिला को हाल ही में चोट लग गई। वह एमआरआई (चुंबकीय अनुनाद इमेजिंग) स्कैन के लिए अस्पताल गई और छुपे हुए हथियार के साथ मशीन में दाखिल हो गई। मशीन के शक्तिशाली चुंबक के कारण बंदूक चल गई। कई वर्षों के अध्ययन और अनुकूलन के परिणामस्वरूप 1977 में पहला रोगी स्कैन हुआ। हर साल लगभग 9 .5 करोड़ एमआरआई स्कैन किए जाते हैं। यह एक प्रभावी और मूल्यवान निदान उपकरण है, जो रोगियों के लिए अविश्वसनीय रूप से सुरक्षित है जो नैदानिक छवियों में उत्कृष्ट ऊतक रिज़ॉल्यूशन देता है और प्राप्तकर्ता को किसी भी हानिकारक आयनकारी विकिरण के संपर्क में नहीं लाता है। हालांकि यह सुरक्षित है, लेकिन मशीनों से निकलने वाले शोर (इयरप्लग की पेशकश) के बारे में मरीजों की कुछ चिंताएं हैं, जो 100 डेसिबल तक पहुंच सकती हैं। और क्लौस्ट्रफ़ोबिया से पीड़ित कुछ लोग मशीन में लंबे समय तक इसे सहन करने के लिए परेशान होते हैं। एमआरआई जो कुछ भी चित्रित किया जा रहा है उस पर शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र लागू करके काम करता है। ये चुम्बक पृथ्वी से 30,000 अधिक शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करते हैं।



## ट्रेंड

### स्वस्थ चिंतन से संकल्प पूर्ति



स्वस्थ चिंतन से ही विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा और इसके लिए स्वस्थ शरीर एवं मस्तिष्क आवश्यक है। शरीर के स्वस्थ रहने पर ही जीवन के सारे कार्य संभव हो पाएंगे। हम शारीरिक रूप से जितना स्वस्थ होंगे, मानसिक रूप से भी मजबूत होंगे। **- योगी आदित्यनाथ, सीएम**

### सद्भाव से मनाएं नव वर्ष



नए साल का जश्न सद्भाव, धर्मनिरपेक्षता, प्रेम, भाईचारे और दोस्ती की घोषणा के रूप में मनाया जाना चाहिए। आइए हम शांति, खुशी और समानता से भरे बेहतर कल के लिए अपनी आशाएं साझा करें।
**-पिनराई विजयन, मुख्यमंत्री, केरल**

### आक्रामकता से बचें गिल



मुझे लगता है कि शुभमन गिल टेस्ट क्रिकेट में कुछ ज्यादा ही आक्रामकता से खेल रहा है। जब आप टेस्ट क्रिकेट में खेलते हो तो टी-20 अंतरराष्ट्रीय और वनडे की तुलना में इसमें थोड़ा अंतर होता है। अपनी आक्रामकता पर लगाम लगाएं।
**-सुनील गावस्कर, क्रिकेटर व कमेंटेटर**

### फिट रहने का लें संकल्प



लोगों को फिल्मी सितारों से प्रेरित 'दिखावटी' जीवन जीने पर नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन जीने पर ध्यान देना चाहिए। मैं प्राकृतिक तरीके से फिट रहने के बारे में भावुक हूं। मुझे फैंसी जिम से ज्यादा तैराकी, बैडमिंटन खेलना, सीढ़ियां चढ़ना, 'मुदगर' के साथ व्यायाम करना पसंद है। **-अक्षय कुमार**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# सावधान... क्यूआर कोड दिखाकर 'फर्जी' लोग मांग रहे राम मंदिर का चंदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व हिंदू परिषद ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले भक्तों को अलग-अलग घोटालों से सतर्क रहने के लिए कहा है। विहिप ने रविवार को एक चेतावनी जारी कर भक्तों को अयोध्या मंदिर के लिए दान मांगने वाले ऐसे फर्जी सोशल मीडिया संदेशों से सावधान रहने की चेतावनी दी है जो लगातार लोगों को लूटने की कोशिश में हैं।



विहिप ने कहा है कि सभी लोग ऐसे अनधिकृत ग्रुप्स या व्यक्तियों को फंड न दें। विहिप प्रवक्ता विनोद बंसल ने इस मुद्दे को गृह मंत्रालय और दिल्ली और उत्तर प्रदेश के पुलिस प्रमुखों के सामने भी रखा है। साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ से जालसाजों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का भी आग्रह किया गया है।

## विहिप ने ऐसे दान मांगने वाले संदेशों से सतर्क रहने को कहा

### ये क्यूआर कोड के स्क्रीनशॉट भेज रहे

बंसल ने कहा कि फ्रॉड में शामिल ऐसे लोग अनधिकृत तौर पर क्यूआर कोड के स्क्रीनशॉट भेज रहे हैं और राम मंदिर के नाम पर चंदा मांग रहे हैं। बंसल ने कहा कि उन्हें अवैध धन इकट्ठा करने के ऐसे प्रयासों के बारे में सूचित किया गया है।



### अलग समिति और रसीद नहीं छपवाएं

*विहिप महासचिव मिलिंद परांडे ने यह भी बताया कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर के अभिषेक समारोह के लिए धन एकत्र करने के लिए किसी को भी अलग समिति बनाने और रसीदें छापने की अनुमति नहीं दी गई है।*

### किसी को धन इकट्ठा करने की इजाजत नहीं

उन्होंने कहा कि न्यास ने किसी को भी धन इकट्ठा करने के लिए अधिकृत नहीं किया है। मैंने गृह मंत्रालय, उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक और दिल्ली के पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि लोग ऐसी धोखाधड़ी का शिकार न हों। उन्होंने आगे बताया कि विहिप ने इस मामले में तत्काल कदम उठाने के लिए उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक और आईजी रेंज लखनऊ को एक औपचारिक शिकायत भी भेजी है।

### रिकॉर्डेड फोन कॉल का क्लिप शेयर किया

वीएचपी ने रिकॉर्डेड फोन कॉल का एक ऑडियो क्लिप शेयर किया है। कॉल में वीएचपी कार्यकर्ता खुद को ऐसे व्यक्ति के रूप में पेश करता है जो मंदिर को दान देना चाहता है। जब कॉल करने वाला व्यक्ति कहता है कि वह 11,000 रु. दान करना चाहता है तो जालसाज व्हाट्सएप नंबर मांगता है जिस पर वह क्यूआर कोड भेज सके।

---

## विकसित भारत संकल्प यात्रा



# जन-जन को मिले सरकार की सभी योजनाओं का लाभ

### नड्डा ने गिनाई योजनाएं

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा यूपी में विशेष फोकस कर रही है। रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित कर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है, कोई भी लाभार्थी छूट न जाए। केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचे। इसलिए सरकार जन-जन के द्वार पहुंच कर केंद्र सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचा रही है। एक समय था, जब एक पंचायत में सिर्फ 2 इंदिरा आवास मिलता था। आज पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ आवास मिल चुके हैं।

### करोड़ों महिलाएं जला रहीं गैस

इस मौके पर उन्होंने कहा कि गांव में पहले महिलाएं सुबह 5 बजे उठती थीं, जंगल जाती थीं, लकड़ी काटकर लाती थीं, उसे सुखाती थीं... तब चूल्हा जलाती थीं और दिनभर में लगभग 200 सिगरेट का धुआं अपने फेफड़ों में सोखती थीं। मोदी जी ने इन महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई और आज 9.60 करोड़ से अधिक महिलाएं लाइटर से गैस जलाकर 5 मिनट में चाय बना लेती हैं।

### योगी के साथ सुनी 'मन की बात'

नड्डा ने लखनऊ में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी की मन की बात भी सुनी। पीएम मोदी 2014 से लगातार मन की बात कार्यक्रम कर रहे है। कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना भी मौजूद रहे।

---

### चेस ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन, एक्टर अक्षय और क्रिकेटर हरमनप्रीत से टिप्स भी सुनवाई

# मेंटल-फिजिकल हेल्थ पर जोर आनंद ने दी 7 घंटे सोने की राय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम मोदी ने एपिसोड की शुरुआत 108 अंक के महत्व के बारे में बताते हुए की। यहां 108 अंक का महत्व, उसकी पवित्रता एक गहन अध्ययन का विषय है। 108 बार मंत्र जपा जाता है। इसलिए ये एपिसोड मेरे लिए और खास हो गया है। साथ ही कई विषयों पर प्रकाश डाला

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 108वें एपिसोड पर देश को संबोधित किया। मोदी ने मुख्य रूप से फिट इंडिया अभियान पर चर्चा की।

उन्होंने चेस ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद, एक्टर अक्षय कुमार और क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर से मेंटल और फिजिकल हेल्थ की टिप्स सुनवाईं। पीएम मोदी ने एपिसोड की शुरुआत 108 अंक के महत्व के बारे में बताते हुए की।



हमारे यहां 108 अंक का महत्व, उसकी पवित्रता एक गहन अध्ययन का विषय है। 108 बार मंत्र जपा जाता है। ये एपिसोड मेरे लिए और खास है। मोदी ने फिट इंडिया, फिजिकल हेल्थ, मेंटल हेल्थ और न्यूट्रीशिन को लेकर लंबी चर्चा की। आखिर में अपील की कि हैशटेग श्रीराम भजन के साथ रचनाएं भी शेयर करें।

### कार्यक्रम के 108वें एपिसोड पर देश को संबोधित किया, 108 का महत्व भी बताया

इसके पहले एपिसोड की टाइम लिमिट 14 मिनट थी

23 भाषाओं और 29 बोलियों में हो रहा प्रसारण




### भारत की 2023 की उपलब्धियां भी गिनाई

पीएम ने 2023 की चर्चा करते हुए कहा कि इसी साल नारी शक्ति वंदन बिल भी पारित हुआ। नाटू-नाटू गाने को ऑस्कर मिला। इस साल खिलाड़ियों ने भी देश का नाम बढ़ाया चाहे एशियन गेम्स हों, एशियन पैरा गेम्स या टी 20 महिला कप हो सभी खेलों में खिलाड़ियों ने देश का नाम रोशन किया है। एआई टूल्स के जरिये भारत की सिनेमा में काफी बदलाव आने की संभावना जताई।

### अब भारत बन रहा इनोवेशन का हब

पीएम ने कहा कि भारत का इनोवेशन हब बनना इस बात का प्रतीक है कि हम रुकने वाले नहीं हैं। 2015 में हम ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 81वें रैंक पर थे। आज हमारी 40वीं रैंक है। क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में इस बार सबसे अधिक संख्या में भारतीय यूनिवर्सिटीज शामिल हुई हैं।

### मेंटल हेल्थ के लिए दिया मंत्र

पीएम मोदी ने कहा कि फिजिकल हेल्थ को लेकर दिलचस्पी जिस तरह से बढ़ रही है, उससे इस क्षेत्र से जुड़े कोचेस और ट्रेनर्स की डिमांड भी बढ़ रही है। शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी चर्चा की। आध्यात्मिक गुरू जग्गी वासुदेव ने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूक किया, उन्होंने योगिक क्रिया से मानसिक स्वास्थ्य को फिट रख सकते है। वहीं शतरंज के ग्रैंडमास्टर ने लोगो को कम से कम सात-आठ घंटे की नींद की सलाह दी । महिला क्रिकेटर हरमनप्रीत ने भी ने स्वास्थ्य को फिट रहने के लिए एक्सरसाइज करने की सलाह दी। अभिनेता अक्षय कुमार ने फिटनेस के लिए डॉक्टर से सलाह लेने की बात कही , उन्होंने योग मेडिटेशन, हेल्दी खाना खाने के लिए सलाह दी।

***2023 इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स के रूप में मना:*** *पीएम मोदी ने कहा कि भारत के प्रयास से 2023 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स के रूप में मनाया गया था। इससे इस क्षेत्र में काम करने वाले स्टार्टअप्स को बहुत सारे अवसर मिले हैं।*

### झारखंड के गांव की चर्चा

पीएम ने झारखंड के आदिवासी गांव के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले के मंगलों गांव के बच्चों को स्कूल में कुड़ुख भाषा में शिक्षा दी जा रही है। यहां 300 आदिवासी बच्चे पढ़ते हैं। कुड़ुख उरांव आदिवासी समुदाय की मातृभाषा है। कुड़ुख की अपनी लिपि भी है, जिसे तोलंग सिकी नाम से जाना जाता है। भाषा विलुप्त ना हो इसलिए समुदाय ने बच्चों को इसी भाषा में शिक्षा देने का फैसला किया है।

***2014 में इसका पहला एपिसोड प्रसारित हुआ:*** *मन की बात का पहला एपिसोड 3 अक्टूबर 2014 को प्रसारित हुआ था। पहले एपिसोड की टाइम लिमिट 14 मिनट थी। जून 2015 में इसे बढ़ाकर 30 मिनट कर दिया गया था। 30 अप्रैल 2023 को 100वां एपिसोड प्रसारित किया गया था।*

---

## खबर संक्षेप

### उत्तर भारत के कई राज्यों में घना कोहरा

**नई दिल्ली।** साल 2023 के आखिरी दिन राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत उत्तर भारत के 7 राज्यों में घना कोहरा देखने को मिला। असम के जोरहाट, पंजाब के पठानकोट-बठिंडा, जम्मू और आगरा में जीरो विजिबिलिटी रिकॉर्ड की गई।



### दर्द में हैं राउत, इसलिए प्रभु राम को घसीट रहे

**अयोध्या।** राम मंदिर का उद्घाटन होने वाला है। शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने कहा कि उनकी पार्टी को इस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रण नहीं भेजा गया है। इस पर रामलला के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने कहा, राउत को दर्द है। वे प्रभु को घसीट रहे।



### रेव पार्टी पर छापा,100 युवक-युवतियां अरेस्ट

**ठाणे।** नए साल के जश्न से ठीक पहले मुंबई से सटे ठाणे में पुलिस ने एक रेव पार्टी का भंडाफोड़ कर 100 से ज्यादा युवकों को हिरासत में लिया है। उनका मेडिकल भी कराया। लोगों पर ड्रग्स सेवन करने का आरोप है। रात तकरीबन दो बजे छापेमारी में एलएसडी, चरस, गांजा जैसे ड्रग्स भी बरामद किए गए हैं।



---

# दुग्ध-उत्पादन में देश विश्व में पहले स्थान पर, 24 फीसदी का योगदान दे रहा भारत

### एनसीडीएफआई मुख्यालय की शाह ने रखी नींव

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात के गांधीनगर में नेशनल कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एनसीडीएफआई) लिमिटेड के मुख्यालय की आधारशिला रखी।

इस दौराम सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में भारत दुग्ध उत्पादन में विश्व में पहले स्थान पर है। वैश्विक दुग्ध उत्पादन में भारत का योगदान 24 प्रतिशत है और पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 8 वर्षों में इसमें लगभग 51 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो विश्व की सर्वाधिक बढ़ोतरी है।

### पूरा देश हो रहा लाभान्वित



दूध उत्पादन में सहकारी मॉडल भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि सहकारी दृष्टिकोण से समाज, कृषि, गांवों, दूध उत्पादकों और पूरे देश को लाभ होता है। पिछले 50 वर्षों की सफलता की कहानी डेयरी उद्योग के विभिन्न पहलुओं पर सहकारी मॉडल के सकारात्मक पहल को दिखाती है।

### यह सहकारिता की दिशा में अहम कदम

शाह ने आनंद जिले में एनसीडीएफआई मुख्यालय की आधारशिला रखते हुए बताया कि इसे लगभग 7000 वर्ग मीटर फैले क्षेत्र में 32 करोड़ की लागत आई है। मुख्यालय को पर्यावरण के अनुकूल पूर्णतया सौर ऊर्जा से संचालित होगा। गृहमंत्री शाह ने कहा कि स्वास्थ्य और पोषण पर सहकारी क्षेत्र ने अहम योगदान दिया है। बनासकांठा डेयरी और अहमदाबाद डेयरी सहित सहकारी डेयरियों ने स्वास्थ्य पहल, खासकर बच्चों में कुपोषण को दूर करने और गर्भवती महिलाओं के लिए काफी अहम है।

---

## पुल को तोड़कर रोड पर पहुंची ट्रेन



***भागलपुर में ट्रेन हादसा:*** *भागलपुर। यहां एक हैरान करने वाला हादसा सामने आया है। एक ट्रेन की बोगी लोहिया पुल को तोड़ते हुए मुख्य बाजार में जा घुसी। जहां यह घटना हुई वह स्टेशन का ही एरिया माना जाता है। एक ट्रॉली, ट्रेन की बोगी को लोड करके स्टेशन की ओर जा रही थी। टर्न लेते वक्त ट्रक चालक का कंट्रोल हाथ से छूट गया। चालक ने कोशिश की लेकिन वह संभाल नहीं पाया। ट्रक लोहिया पुल की रेलिंग को तोड़ते हुए आगे निकल गया। हताहत की कोई सूचना नहीं है।*

---

## आम आदमी को प्रभावित करने वाले नियम बदलेंगे

### आज से कई लॉकर लापरवाही पर किए जा सकते हैं फ्रीज




# नए साल में बैंकिंग, सिम कार्ड के साथ आधार से जुड़े नियमों में होगा बदलाव

जिन लोगों ने रिटर्न अब तक दाखिल नहीं किया है उन्हें 31 दिसंबर की मध्य रात्रि से पहले हर हाल में उक्त अवधि के लिए अपना रिटर्न दाखिल कर लेना था।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ष 2023 अब समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। नए साल 2024 में आम आदमी को प्रभावित करने वाले नियमों में कई महत्वपूर्ण बदलाव होने वाले हैं। इनमें सिम कार्ड से लेकर आयकर रिटर्न (आईटीआर) से जुड़े नियम शामिल हैं।

### इन पर भी पड़ेगा प्रभाव

**1. बैंक लॉकर समझौते**

बैंकों में लॉकर रखने वाले व्यक्तियों के लिए, एक महत्वपूर्ण समय सीमा है- 31 दिसंबर 2023। इस दिन तक जिन लोगों ने संशोधित बैंक लॉकर समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं उनके लॉकर एक जनवरी से फ्रीज किए जा सकते हैं।

**2. बीमा पॉलिसी**

भारतीय बीमा नियामक व विकास प्राधिकरण (इरडा) ने एक जनवरी से सभी बीमा कंपनियों के लिए पॉलिसीधारकों को ग्राहक सूचना पत्र देना अनिवार्य कर दिया है। इस दस्तावेज का उद्देश्य बीमा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी को सरल शब्दों में समझाना है।

**3. बीमा ट्रिनिटी प्रोजेक्ट**

नए साल में बीमा ट्रिनिटी प्रोजेक्ट लॉन्च करने के लिए तैयार है। बीमा सुगम, बीमा विस्तार और बीमा वाहक उत्पादों को शामिल करते हुए, यह परियोजना विविध लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए है। बीमा सुगम के माध्यम से उत्पादों या सेवाओं की खरीद को सरल बनाने का प्लान है। वहीं बीमा विस्तार के माध्यम से सस्ती बीमा सुरक्षा प्रदान करने का लक्ष्य है। वहीं, बीमा वाहक के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण में योगदान देना है। इन उत्पादों की आधिकारिक लॉन्चिंग जनवरी या आगे के महीनों में की जा सकती है।

**4. आयकर रिटर्न दाखिल करना**

एक जनवरी से जो करदाता वित्त वर्ष 2022-23 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने में विफल रहे हैं, उनके पास अब बिलेटेड रिटर्न दाखिल करने का विकल्प नहीं होगा। लोग 31 दिसंबर की मध्य रात्रि से पहले हर हाल में उक्त अवधि के लिए अपना रिटर्न दाखिल कर सकते थे।

---

## आईआईटी बीएचयू का मामला

# छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपी गिरफ्तार



**वाराणसी।** आईआईटी बीएचयू की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। बृज एनक्लेव कॉलोनी सुंदरपुर का कुणाल पांडेय और जिवधीपुर बजरडीहा का आनंद उर्फ अभिषेक चौहान व सक्षम पटेल को वाराणसी पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। वारदात में प्रयोग बाइक बरामद हुई है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपी भाजपा से जुड़े हैं।

***साथी युवक को भगा दिया था...*** *आईआईटी बीएचयू की एक छात्र अपने एक सहयोगी के साथ एक नवंबर की रात में करीब 1:30 बजे टहलने के लिए निकली थी। दोनों कर्मन वीर बाबा मंदिर के पास पहुंचे थे इसी दौरान एक बुलेट पर सवार तीन युवक पहुंचे और उन्हें रोक लिए। आरोप है की छात्रा को रोकने के बाद उन लोगों ने उसके साथ के युवक को डरा धमका कर भगा दिया।*

---



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने नई दिल्ली में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की मेजबानी की।



**यूएस।** जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ के साथ पीएम मोदी ने भारतीय पान का स्वाद लिया।



**चेन्नई।** पीएम मोदी ने तमिलनाडु के चेन्नई में एक दिव्यांग कार्यकर्ता के साथ सेल्फी ली।



**शहडोल।** पीएम मोदी मध्यप्रदेश के शहडोल के पकरिया गांव में बच्चों से बातचीत करते हुए।



**यूएई।** कॉप 28 शिखर सम्मेलन में इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के साथ पीएम मोदी ने सेल्फी ली।



**मुंबई।** मुंबई के मरोल में सैफ़ी अकादमी के नए परिसर के उद्घाटन पर पीएम मोदी का अलग नजारा।



**बेंगलुरु।** वंदे भारत ट्रेन में युवाओं से पीएम मोदी बातचीत करते हुए।



**केदारनाथ।** उत्तराखंड के पार्वती कुंड में पूजा-अर्चना करते प्रधानमंत्री मोदी।



**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद इसरो चेयरमैन एस.सोमनाथ भावुक हो गए। इसके बाद पीएम मोदी ने उन्हें गले लगा लिया।



**बेंगलुरु।** एचएएल में पीएम मोदी ने तेजस विमान से उड़ान भरी थी।

## खबर संक्षेप

### बीते सप्ताह मूंगफली तेल में रहा सुधार

नई दिल्ली। बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में मूंगफली तेल कीमत में आये सुधार को छोड़कर बाकी सभी (सरसों,



सोयाबीन तेल-तिलहन, मूंगफली तिलहन, कच्चा पामतेल, पामोलीन दिल्ली एवं एक्स-कांडला तथा बिनौला तेल) के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि दाम ऊंचे होने की वजह से बाजार में मूंगफली तेल की लिवाली कम है इसके चलते मूंगफली दाने की खरीद भी कम है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने एफडी की ब्याज दरें 1.25% बढ़ाईं

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने विभिन्न अवधि की सावधि जमाओं (एफडी) की ब्याज दरों को 1.25 प्रतिशत तक बढ़ाया है।



इससे पहले, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने भी सावधि जमाओं पर ब्याज दरें बढ़ाई थीं। बीओबी ने एक बयान में कहा, 'विभिन्न अवधि की दो करोड़ रुपये तक की सावधि जमाओं पर ब्याज दर 0.01 प्रतिशत से 1.25 प्रतिशत तक बढ़ाई गई है।'

### शीर्ष आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,29,899.22 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। बीते कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,133.3 अंक या 1.59 प्रतिशत के लाभ में रहा। सेंसेक्स 28 दिसंबर को 72,484.34 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा।

# नए वर्ष में निवेशकों को तोहफा, यूपीआई से खरीद सकेंगे सेकेंडरी मार्केट में शेयर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) एक जनवरी 2024 को सेकेंडरी मार्केट के लिए यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी यूपीआई लांच करेगा। इसके बाद निवेशक यूपीआई के जरिए पेमेंट करके शेयर्स खरीद सकेंगे। अभी आईपीओ की बिडिंग में यूपीआई के जरिए पेमेंट कर पाते हैं। जब आईपीओ के लिए अप्लाई करते हैं, तो उसका पैसा इन्वेस्टर्स के अकाउंट में ही ब्लॉक हो जाता है और जब शेयर्स इश्यू होते हैं, तब अमाउंट डेबिट होता है। इसी तरह सेकेंडरी मार्केट यानी शेयर बाजार में यह सर्विस शुरू होने के बाद स्टॉक्स खरीदने पर उसका जितना भी अमाउंट होगा, वह आपके अकाउंट में ब्लॉक हो जाएगा। इसके बाद जब उसी दिन सेटलमेंट होगा, तो इन्वेस्टर्स के अकाउंट से पैसा डेबिट हो जाएगा। सेकेंडरी मार्केट में यूपीआई से खरीद-फरोख्त शुरू करने वाला भारत दुनिया का पहला देश होगा।

## दुनिया में पहली बार भारत में शुरू होगी यह सुविधा, एक जनवरी से सीमित ग्राहकों के लिए शुरू होगी सेवा

### ट्रांजैक्शंन की स्पीड बढ़ेगी

एनसीपीआई ने बताया कि क्लियरिंग कॉरपोरेशन, स्टॉक एक्सचेंज, डिपॉजिटरी, स्टॉकब्रोकर, बैंक और यूपीआई ऐप सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों के साथ मिलकर इक्विटी कैश सेगमेंट के लिए बीटा वर्जन में पेमेंट सर्विस पेश की जाएगी। शुरुआत में यह सर्विस सीमित ग्राहकों के लिए ही होगी। इस कदम से ट्रांजैक्शंस की स्पीड बढ़ जाएगी और भारत के स्टॉक एक्सचेंजों के लिए सेम डे सेटलमेंट करने में मदद मिलेगी।

### किसे होगा फायदा

शेयर बाजार में यह सर्विस शुरू होने के बाद स्टॉक्स खरीदने पर जितने पैसे लगेंगे, वह राशि निवेशक के अकाउंट में ब्लॉक हो जाएगी। इसके बाद जब उसी दिन सेटलमेंट होगा तो इन्वेस्टर्स के अकाउंट से पैसा कट जाएगा। अभी तक आईपीओ की बिडिंग में यूपीआई के जरिए पेमेंट करने की सुविधा है। एनपीसीआई ने बताया कि इस बीटा लांच को ब्रोकरेज ऐप 'ग्रो' फैसिलिटेट कर रहा है।




### फंड ब्लॉक करने की सुविधा ऑप्शनल है

फंड ब्लॉक करने की फैसिलिटी इन्वेस्टर्स के लिए ऑप्शनल है। यह सुविधा स्टॉकब्रोकर देगा। अगर इन्वेस्टर ने इस सुविधा का चयन किया तो ब्रोकर निवेशक के अकाउंट की डिटेल एक्सचेंजेज के साथ शेयर करेगा। बीएसई और एनएसई उस निवेशक के डेटा को क्लीयरिंग कॉरपोरेशन के साथ साझा करेंगे। यूपीआई गाइडलाइन्स के मुताबिक एक निवेशक अधिकतम पांच लाख रुपए ब्लॉक कर सकता है।

# सोने में चमक कायम, नए साल में 70,000 तक पहुंच सकता है दाम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पीली धातु की चमक नए साल 2024 में भी बनी रहेगी। अगले साल सोना 70,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि रुपये की स्थिरता, भू राजनीतिक अनिश्चितता और धीमी वैश्विक आर्थिक वृद्धि के कारण नए साल में भी सोने का आकर्षण कायम रहेगा। फिलहाल जिंस एक्सचेंज एमसीएक्स में सोना 63,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह 2,058 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के आसपास है। वहीं रुपया इस समय 83 प्रति डॉलर के पार पहुंच चुका है। दिसंबर की शुरुआत में वैश्विक तनाव की वजह से पश्चिम एशिया में सोने के दाम एक बार फिर चढ़ गए।

**नए साल में भी सोने का आकर्षण कायम रहेगा**

## वैश्विक तनाव की वजह से सोने के दाम एक बार फिर बढ़े

### सोना रिकॉर्ड 61,914 रुपए का भाव छू चुका

उभरते बाजार के कारोबारियों का अनुमान है कि ब्याज दर में बढ़ोतरी का चक्र कमोबेश समाप्त हो चुका है। घरेलू बाजार में चार मई को पीली धातु का भाव 61,845 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में यह 2,083 डॉलर प्रति औंस की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। बाद में 16 नवंबर को सोना 61,914 रुपये प्रति 10 ग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गया।



### सुरक्षित निवेश के रूप में सोना बना रहेगा

कॉमट्रेंड्ज रिसर्च के निदेशक ज्ञानशेखर त्यागराजन ने कहा, 'निवेश के सुरक्षित विकल्प के रूप में सोने का आकर्षण बरकरार है। यही वजह है कि इस साल चार दिसंबर को सोने का भाव 64,063 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया। वैश्विक बाजार में यह 2,140 डॉलर प्रति औंस के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।'

### चुनावी साल में रुपया हो सकता है कमजोर

त्यागराजन ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि 2024 में अंततः यह अंतरराष्ट्रीय बाजार में 2,400 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच जाएगा। वहीं घरेलू बाजार में सोना 70,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर जा सकता है।' उन्होंने कहा कि चुनावी साल में रुपया कमजोर हो सकता है। इससे घरेलू स्तर पर सोने के दाम बढ़ेंगे।

### केंद्रीय बैंकों की मांग हो सकती है अधिक

कोटक सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष - प्रमुख जिंस शोध रविंद्र राव ने कहा कि खुदरा आभूषण खरीदारी को भारत और चीन में उच्च घरेलू कीमतों से प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। यदि मौजूदा रफ्तार जारी रहती है, तो केंद्रीय बैंकों की मांग पिछले साल के रिकॉर्ड से अधिक हो सकती है।

### हेजिंग के लिए सोने की भूमिका बढ़ी

इससे महंगाई के खिलाफ 'हेजिंग' के लिए सोने की भूमिका बढ़ी है। उन्होंने कहा कि सितंबर तिमाही में सोने की कीमत पिछले साल से 12 प्रतिशत कम रही। वर्ष 2023 में सोने की मांग पिछले साल से थोड़ी कम 700-750 टन रहेगी।

### कारोबार कमोबेश 2022 जैसा ही रहेगा

ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) के चेयरमैन संयम मेहरा ने कहा कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव से बिक्री पर असर पड़ा है और 30-35 लाख शादियों के बावजूद इस साल पीली धातु का कारोबार कमोबेश 2022 जैसा ही रहेगा।

# अदाणी ने इस साल इक्विटी व बांड से 15 अरब डॉलर जुटाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी के समूह ने इस साल इक्विटी से पांच अरब अमेरिकी डॉलर (41,500 करोड़ रुपये) जुटाए और करीब इससे दोगुनी राशि बांड के जरिए हासिल की।



अदाणी 2023 के शुरुआत में दुनिया के दूसरे बड़े अमीर

अमेरिकी शॉर्टसेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में समूह पर लगाए गए गंभीर आरोपों से उबरते हुए अदाणी ने निवेशकों का भरोसा साबित किया। अडाणी 2023 की शुरुआत में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर आदमी थे, हालांकि 24 जनवरी को आई हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में उन पर आरोप लगाए जाने के बाद उनकी निजी संपत्ति लगभग 60 अरब ड़ॉलर घट गई।

समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया और अपनी रणनीति पर काम करते हुए वापसी की। अदाणी एक साल पहले अपनी संपत्ति से करीब 36 अरब अमेरिकी डॉलर पीछे हैं। वह अपने प्रतिद्वंद्वी अरबपति मुकेश अंबानी से 12 अरब अमेरिकी डॉलर पीछे हैं।

## अदाणी ग्रीन ने 1.36 अरब डॉलर जुटाए

अदाणी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) ने अंतरराष्ट्रीय बैंकों के एक संघ से 1.36 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। एजीईएल के अनुसार मार्च 2021 में प्रारंभिक परियोजना वित्तपोषण के बाद से 1.36 अरब अमेरिकी डॉलर के वित्त पोषण से कंपनी का कुल कोष बढ़कर तीन अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

# इस साल 59 में से 54 आईपीओ ने दिया 45 फीसदी रिटर्न

मुंबई। इस साल यानी 2023 में सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाई पर पहुंच गए और इनमें लगभग 20 प्रतिशत की तेजी आई। इससे शेयर बाजार के निवेशकों की पूंजी 82 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ गई। शेयर बाजार में तेजी के इस रुख के बीच 2023 में कुल 59 आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) आए। इनमें से 55 ने निवेशकों को औसतन 45 प्रतिशत का प्रतिफल (रिटर्न) दिया है। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, 2023 का साल आईपीओ निवेशकों के लिए अप्रत्याशित वर्ष साबित हुआ। इस साल 59 कंपनियां सूचीबद्ध हुईं और उन्होंने 54,000 करोड़ रुपये जुटाते हुए निर्गम मूल्य से औसतन 45 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया। इसका मतलब है कि दो-तिहाई से ज्यादा कंपनियों ने शेयर बाजार से बेहतरीन प्रदर्शन किया। आए सभी 59 आईपीओ औसतन लगभग 26.3 प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुए। 29 दिसंबर तक इन आईपीओ पर रिटर्न लगभग 45 प्रतिशत रहा।

### 2023 में 76 खनिज ब्लॉकों की नीलामी की गईः सरकार

नई दिल्ली। इस साल 76 खनिज ब्लॉकों की नीलामी की गई है। सरकार ने एक बयान में बताया कि इनमें से 30 खनिज ब्लॉकों की खनन पट्टे के लिए नीलामी की गई और शेष 46 को समग्र लाइसेंस के रूप में बेचा गया।

## जॉब

☞ FRAUD कॉल से सावधान RELIANCE JIO 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे SMS JOB करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां, कमाए (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नामपता WHATSAPP करें 6296026501.

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# नए साल में ब्याज दर व चुनाव तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

## निवेशकों के लिए वर्ष 2023 एक यादगार साल रहा, अगले 3 से 6 माह में सेंसेक्स व निफ्टी सात फीसदी चढ़ सकते हैं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक यादगार साल और निवेशकों को मिले शानदार मुनाफे के बाद भारतीय शेयर बाजार महत्वपूर्ण घटनाक्रमों से भरे 2024 में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं। नए साल में शेयर बाजार की निगाह ब्याज दरों के साथ लोकसभा चुनाव और भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर रहेगी।

विश्लेषकों का मानना है कि घरेलू शेयर बाजार में तेजी जारी रहेगी और अगले 3-6 माह में प्रमुख शेयर सूचकांक - सेंसेक्स और निफ्टी सात प्रतिशत तक चढ़ सकते हैं। वर्ष 2023 में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 11,399.52 अंक या 18.73 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी में 3,626.1 अंक या 20 प्रतिशत की तेजी हुई।

विश्लेषकों की राय है कि लोकसभा चुनाव, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव, अमेरिका और भारत में ब्याज दरों की चाल, मुद्रास्फीति के रुझान और भू-राजनीतिक हालात शेयर बाजार के लिए प्रमुख कारक होंगे। उन्होंने कहा कि बाजार 2024 के आम चुनावों में बहुमत के साथ भाजपा सरकार की वापसी चाहता है। मोतीलाल ओसवाल ब्रोकिंग एंड डिस्ट्रिब्यूशन ने एक टिप्पणी में कहा कि लोकसभा चुनाव और उसके बाद पहले आम बजट पर सभी की नजर रहेगी। ब्याज दर में किसी भी कटौती से बाजार को अतिरिक्त बढ़ावा मिलेगा। इस साल यानी 2023 में शेयर बाजार के निवेशकों की पूंजी में 81.90 लाख करोड़ रुपये की भारी बढ़ोतरी हुई।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के चेयरमैन राकेश मेहता ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है और हाल में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा की बढ़त ने निवेशकों की भावना को और बल दिया है।




### विदेशी कोषों की खरीदारी बढ़ी

मेहता ने कहा, एक बार फिर भारतीय बाजारों में विदेशी कोषों की लिवाली बढ़ी है। उन्होंने उम्मीद जताई की मौजूदा तेजी अगले 3-6 महीनों में बनी रहेगी। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी में 5-7 प्रतिशत की बढ़ोतरी तथा मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में 10-15 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी जा सकती है।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार के चार वर्ष पूरे

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार ने आज अपने कार्यकाल के सफल चार वर्ष पूरे कर लिए। इन चार वर्षों में विकास के कई नए आयाम स्थापित हुए, जो आज झारखंड की तकदीर और तस्वीर बदलने का काम कर रही है। इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए मुख्यमंत्री ने सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मोरहाबादी मैदान, रांची में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में राज्य वासियों को कई सौगातें दी। इन तोहफों में कई योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास, लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण और युवाओं को नियुक्ति पत्र मिलना शामिल है, जो इस राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के अवसर पर रांची में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने 323 योजनाओं की नींव रखी। इन योजनाओं पर 3698.32 करोड़ रुपए होंगे खर्च होंगे। इनमें कृषि विभाग की 2 , खाद्य आपूर्ति विभाग की 2, परिवहन विभाग की 1, स्वास्थ्य विभाग की 23, कल्याण विभाग की 7 , जल संसाधन विभाग की 3, नगर विकास एवं आवास विभाग की 8, ग्रामीण विकास विभाग की 1, आरइओ की 211, पाक निर्माण विभाग की 58 और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 7 योजनायें हैं। इनमें जिन महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास हुआ, उसमें रिम्स रांची, गिरिडीह, हजारीबाग, लातेहार, देवघर, साहिबगंज, दुमका और गढ़वा में क्रिटिकल केयर ब्लॉक अस्पताल, रांची पलामू और देवघर में धनवंतरी आयुष अस्पताल, रांची के धुर्वा में चिल्ड्रेन ट्रैफिक पार्क, गढ़वा में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय, लातेहार में कोल्ड स्टोरेज, रांची के सोनाहातु में स्वर्णरेखा नदी पर उच्च स्तरीय पुल, लातेहार सरायकेला और पलामू स्थित एकलव्य विद्यालय में मल्टीपरपज ऑडिटोरियम शामिल है। सरकार के 4 साल पूरे होने के अवसर पर रांची में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने 849.37 करोड़ रुपए की लागत वाली 20 विकास योजनाओं का लोकार्पण किया । इसमें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 3, स्वास्थ्य, जल संसाधन, पर्यटन और श्रम विभाग की 1-1, पथ निर्माण विभाग की 6 , आरईओ की 4 और नगर विकास एवं आवास विभाग की 3 योजना है। इनमें जिन महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन हुआ, उसमें रांची स्मार्ट सिटी के एरिया बेस्ड डेवलपमेंट के तहत इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास कार्य और खूंटी के कर्रा में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शामिल है।

■ रांची में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने 323 योजनाओं की नींव रखी

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5381



**बाएँ से दाए-**

1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -5380 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5391

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5390 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

# वर्ष 2024 : भारतीय खिलाड़ी दुनियाभर में फहराएंगे तिरंगा

## क्रिकेट में इतिहास रचेंगे खिलाड़ी

### इंग्लैंड का भारत दौरा

- 5 मैचों की टेस्ट सीरीज (25 जनवरी-11 मार्च)
- मेंस अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप (19 जनवरी-11 फरवरी 2024)
- वुमेंस प्रीमियर लीग (22 फरवी से 17 मार्च 2024)
- आईपीएल 2024 (23 मार्च से शुरू हो सकता है)
- मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 (4-30 जून 2024)
- वुमेंस टी20 वर्ल्ड कप ( सितंबर-अक्टूबर 2024)

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वर्ष 2024 भारतीय खेल प्रशंसकों के लिए रोमांचक होने वाला है। बैडमिंटन, हॉकी, टेबल टेनिस से लेकर क्रिकेट तक, भारत इस साल कई तरह के खेल आयोजनों की मेजबानी करने के लिए तैयार है। इस साल पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए विभिन्न खेलों में क्वालीफाइंग दौर चलेंगे।

देश के बाहर भी बड़े खेल इवेंट होंगे। 2024 क्रिकेट के लिहाज से अहम रहने वाला है। इस साल पुरुष और महिला दोनों वर्गों में टी20 वर्ल्ड कप होगा। इतना ही नहीं, ये साल ओलंपिक वाला भी है। 2024 में पेरिस में खेलों के महाकुंभ का आयोजन होगा। इसके अलावा बैटमिंटन, टेनिस, फुटबॉल के भी बड़े टूर्नामेंट खेले जाएंगे।

### टेनिस के इवेंट्स

ऑस्ट्रेलियन ओपन (14-28 जनवरी 2024)
फ्रेंच ओपन (26 मई-9 जून 2024)
विंबलडन (1-14 जुलाई 2024)
यूएस ओपन (26 अगस्त-8 सितंबर 2024)
एटीपी फाइनल्स (10-17 नवंबर 2024)
डब्लूटीए फाइनल्स (3-10 नवंबर 2024)

### हॉकी इवेंट

एफआईएच मेंस हॉकी 5s (24-27 जनवरी 2024)
एफआईएच वुमेंस हॉकी 5s (28-31 जनवरी 2024)
एफआईएच वुमेंस हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर्स (13-19 जनवरी 2024)
एफआईएच ओलंपिक क्वालिफायर्स (13-21 जनवरी 2024)




### बैडमिंटन के टूर्नामेंट

इंडिया ओपन (16-21 जनवरी 2024)
सैयद मोदी इंटरनेशनल टूर्नामेंट (26 नवंबर-1 दिसंबर 2024)
थॉमस और उबेर कप (27 अप्रैल-5 मई 2024)
BWF वर्ल्ड टूर फाइनल्स (11-15 दिसंबर 2024)

### दूसरे बड़े खेल आयोजन

2024 पेरिस ओलंपिक ( 26 जुलाई-11 अगस्त)
फॉर्मूला-1 2024 (29 फरवरी-9 दिसंबर)
मोटो जीपी 2024 (10 मार्च-17 नवंबर)
टूर डे फ्रांस (29 जून-21 जुलाई 2024)

### क्रिकेट टीम का कार्यक्रम। (पुरुष)

- 1 टेस्ट बनाम साऊथ अफ्रीका (विदेश)
- 3 टी-20 बनाम अफगानिस्तान (घरेलू)
- 5 टेस्ट बनाम इंग्लैंड (घरेलू)
- टी20 वर्ल्ड कप 2024 (विदेश)
- श्रीलंका में 3 टी-20 और 3 वनडे बनाम श्रीलंका (विदेश)
- 2 टेस्ट और 3 टी20 बनाम बांग्लादेश (घरेलू)
- 3 टेस्ट बनाम न्यूजीलैंड (घरेलू)
- 4 टेस्ट बनाम ऑस्ट्रेलिया। (विदेश)

### 2024 में फुटबॉल के टूर्नामेंट

- एएफसी एशियन कप (12 जनवरी-10 फरवरी 2024)
- अफ्रीका कप ऑफ नेशंस (13 जनवरी-11 फरवरी 2024)
- यूरोपियन फुटबॉल चैंपियनशिप (14 जून-14 जुलाई 2024)
- कोपा अमेरिका 2024 (20 जून-14 जुलाई 2024)
- इंग्लिश प्रीमियर लीग (17 अगस्त-25 मई 2024)
- यूफा चैंपियंस लीग (17 सितंबर-31 मई 2024)

# नडाल ने की कोर्ट पर वापसी, गर्मजोशी से हुआ स्वागत, लेकिन मैच में मिली हार



एजेंसी ▶▶ ब्रिसबेन

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने करीब एक साल के बाद प्रोफेशनल टेनिस में वापसी की। वे जनवरी 2023 में चोटिल हुए थे और इसके बाद पहली बार रविवार 31 दिसंबर को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में एक्शन में लौटे। उनको इस डबल्स मैच में हार मिली, लेकिन अच्छी बात ये थी कि जिस चोट (हिप इंजरी) ने उनको एक साल खेल से दूर रखा, उसने कोई परेशानी पैदा नहीं की। वे जल्द ही ऑस्ट्रेलियन ओपन में नजर आने वाले हैं। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन, जो 14-28 जनवरी को होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी कर रहे हैं, 2023 की शुरुआत में मेलबर्न पार्क में अपने दूसरे दौर में हार के बाद कूल्हे की समस्या से जूझ रहे थे और जून में सर्जरी के बाद उनका साल का सीजन खत्म हो गया था।

### युगल में मिली हार

नडाल ने अपनी वापसी के लिए रिटायर्ड अनुभवी मार्क लोपेज के साथ अपनी साझेदारी को फिर से शुरू किया, जिनके साथ उन्होंने 2016 में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन यह जोड़ी खचाखच भरे पैट राफ्टर एरिना में ऑस्ट्रेलियाई मैक्स परसेल और जॉर्डन थॉम्पसन से 6-4, 6-4 से हार गई।

### हराकर अच्छा लगा

थॉम्पसन ने राफेल नडाल की वापसी को लेकर कहा, राफा को वापस देखकर बहुत अच्छा लगा। मैं सिंगल्स में कई बार हार का सामना कर चुका हूं, इसलिए उन्हें डबल्स के कोर्ट पर हराकर अच्छा लगा।

*शानदार व्हिप शॉट्स : 37 वर्षीय नडाल का प्रशंसकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया, जिन्होंने हाथों में स्पेनिश झंडे और समर्थन संदेश लिए हुए थे, जबकि सबसे जोरदार जयकार उनके ट्रेडमार्क व्हिप शॉट्स के लिए देखने को मिली।*

## यूनाइटेड कप : फर्नांडीज की दोहरी जीत

# कनाडा ने चिली और अमेरिका ने ग्रेट ब्रिटेन को 2-1 से हराया

एजेंसी ▶▶ सिडनी

अमेरिकी ओपन की पूर्व फाइनलिस्ट लेयला फर्नांडीज के शानदार प्रदर्शन के दम पर कनाडा ने रविवार को यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले में चिली पर 2-1 से जीत दर्ज की। फर्नांडीज ने डेनिएला सेगुएल को 6-3, 6-2 से हराया। इसके बाद निकोलस जेरी ने स्टीवन डिएज़ को सीधे सेटों में हराकर चिली को ग्रुप बी के इस मुकाबले में बराबरी पर ला दिया। इसके बाद मिश्रित युगल के निर्णायक मैच में फर्नांडीज और डिएज़ ने सेगुएल और टॉमस बैरियोस वेरा के खिलाफ 7-5, 4-6, 10-8 से जीत हासिल की।

उधर पर्थ में खेले गए ग्रुप सी के मुकाबले में अमेरिका ने शुरू में पिछड़ने के बाद ग्रेट ब्रिटेन को 2-1 से हराया। ब्रिटेन की केटी बोल्टर ने विश्व में पांचवीं रैंकिंग की खिलाड़ी जेसिका पेगुला को एक सेट से पिछड़ने के बाद लगभग तीन घंटे में 5-7, 6-4, 6-4 से हराया। अमेरिका के विश्व में 10वीं रैंकिंग के टेलर फ्रिट्ज़ ने कैमरून नोरी को 7-6 (5), 6-4 से हराकर मुकाबला को बराबरी पर ला दिया। मिश्रित युगल में पेगुला और फ्रिट्ज़ ने बोल्टर और नील स्कूपस्की पर 1-6, 7-6 (4), 10-7 से जीत हासिल करके अमेरिका की जीत सुनिश्चित की।



### आस्ट्रेलिया के खिलाफ क्षेत्ररक्षण काफी खराब



**मुंबई।** भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने स्वीकार किया कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में क्षेत्ररक्षण काफी लचर रहा और इस विभाग में सुधार के लिए काम जारी है। भारतीय महिला टीम को इससे आस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार नौवीं श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा। भारत ने शनिवार को यहां क्षेत्ररक्षण में कई गलतियां की और सात कैच छोड़े। इसके बाद बल्लेबाजों के जूझने से टीम को तीन रन से हारकर श्रृंखला गंवानी पड़ी। आस्ट्रेलिया ने भारत में कभी भी वनडे श्रृंखला नहीं गंवाई है।

### ऋषभ पंत की सफल वापसी की उम्मीद

**दुबई।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन को 2024 में भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की सफल वापसी की उम्मीद है जो एक साल पहले हुई कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे और इससे उबर रहे हैं।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने हुसैन के हवाले से कहा, 'वो बहुत गंभीर दुर्घटना थी। पूरी दुनिया की सांसें थम गयी थीं और उनकी उबरने की प्रक्रिया भी धीमी रही। सोशल मीडिया पर उनके उबरने के बाद शुरूआती कदम और फिर जिम में ट्रेनिंग करते हुए और क्रिकेट खेलते हुए तथा रिकी पोंटिंग के साथ उनकी फोटो देखीं।'



## खबर संक्षेप



### बैनक्रॉफ्ट की निगाह वार्नर की जगह पर

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कैमरून बैनक्रॉफ्ट ने डेविड वार्नर के टेस्ट संन्यास के बाद सलामी बल्लेबाज के लिए अपना दावा पेश करते हुए कहा कि इस स्थान के लिए किसी विशेषज्ञ को ही चुना जाना चाहिए। वार्नर ने पहले ही घोषणा कर रखी है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ 3 जनवरी से सिडनी में शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के बाद खेल के इस प्रारूप को अलविदा कह देंगे। ऑस्ट्रेलिया की टीम में उनकी जगह लेने के लिए बैनक्रॉफ्ट, मार्कस हैरिस, मैट रेनशा के अलावा कैमरन ग्रीन को भी दावेदार माना जा रहा है।

### योजना टर्निंग पिच के लिए तैयारी करने पर

**मुंबई।** आस्ट्रेलिया महिला टीम ने भले ही दूसरे वनडे में भारत पर तीन रन की करीबी जीत हासिल की हो लेकिन कप्तान एलिसा हीली ने कहा कि वे स्पिनरों के लिए मददगार पिच के लिए तैयार नहीं थी। तीसरे मैच से पहले उन्हें अपनी योजनाओं पर दोबारा विचार करना होगा। भारत ने अपनी स्पिनर दीप्ति शर्मा के 10 ओवर में 38 रन देकर पांच विकेट झटकने के प्रदर्शन से लगाम कसी।

# सिमरनजीत को पुरुष हॉकी टीम की कमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने ओमान के मस्कट में होने वाले आगामी एफआईएच हॉकी फाइव्स विश्व कप के लिए रविवार को भारतीय टीम की घोषणा की जिसमें सिमरनजीत सिंह और रजनी इतिमारपु क्रमशः पुरुष और महिला टीम की कमान संभालेंगे।

हॉकी फाइव्स महिला विश्व कप 24 से 27 जनवरी तक आयोजित होगा जबकि पुरुषों की प्रतियोगिता 28 जनवरी से 31 जनवरी तक खेली जाएगी। अनुभवी गोलकीपर



रजनी की मदद के लिए डिफेंडर महिमा चौधरी उप कप्तान होंगी जबकि मनदीप मोर पुरुष टीम के उप कप्तान होंगे। महिला टीम में बंसारी सोलंकी दूसरी गोलकीपर होंगी जिसमें अक्षता अबासो ढेकाले और ज्योति छत्री डिफेंडर होंगी।

# अनहत ने जीता स्कॉटिश जूनियर ओपन स्क्वाश अंडर-19 का खिताब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की प्रतिभाशाली युवा अनहत सिह ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत एडिनबर्ग में हुए 2023 स्कॉटिश जूनियर ओपन स्क्वाश में बालिका अंडर-19 खिताब अपने नाम किया। अनहत ने शनिवार को फाइनल में घरेलू प्रबल दावेदार रोबिन मैकअल्पाइन पर 11-6, 11-1, 11-5 से जीत हासिल की। दिल्ली की इस खिलाड़ी के लिए यह शानदार वर्ष रहा जिसमें उन्होंने अंडर-19 और सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का दोहरा खिताब जीता तथा एशियाई खेलों और शुरुआती एशियाई मिश्रित



युगल चैंपियनशिप दोनों में अभय सिंह के साथ मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीता। भारत के सुभाशीष चौधरी ने लड़कों के अंडर-15 फाइनल में हमवतन शिवेन अग्रवाल को 5-11, 11-4, 6-11, 11-8, 11-5 से मात दी जबकि श्रेष्ठ अय्यर ने लड़कों के अंडर-13 फाइनल में श्रेयांश जाह को 11-8, 11-8, 3-11, 11-8 से पराजित किया। शीर्ष वरीय भारतीय आद्या बुधिया ने बालिका अंडर-13 फाइनल और शीर्ष वरीय प्रभव बजोरिया ने लड़कों के अंडर-11 फाइनल में जीत हासिल की। दिव्यांशी जैन अंडर-11 वर्ग में उप विजेता रहीं।

## भारत के मुख्य कोच स्टिमक ने बताई योजना

# विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में पहुंचना लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ दोहा

भारतीय फुटबॉल टीम आगामी एशियाई कप के ग्रुप में सबसे निचली रैंकिंग पर है और मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने रविवार को कहा कि टीम का मुख्य लक्ष्य 2026 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में पहुंचने का है। स्टिमक एएफसी एशियाई कप में मिलने वाली चुनौती के आधार पर अपना आकलन कर रहे थे जिसमें उन्हें मुश्किल ग्रुप में महाद्वीप की मजबूत टीम आस्ट्रेलिया और शारीरिक रूप से मजबूत उज्बेकिस्तान से भिड़ना है। भारत को ग्रुप बी में विश्व कप की नियमित टीम आस्ट्रेलिया, मजबूत मध्य एशियाई टीम उज्बेकिस्तान और सीरिया के साथ रखा गया है जो फीफा रैंकिंग में स्टिमक की टीम से ऊपर हैं।

### भारत निचली रैंकिंग की टीम

स्टिमक ने कहा, 'निश्चित रूप से हम अपने ग्रुप में सबसे निचली रैंकिंग पर हैं। उज्बेकिस्तान छुपीरुस्तम टीम है और उसके खिलाड़ियों की कद काठी परेशान कर सकती है। आस्ट्रेलिया फुटबॉल के शीर्ष स्तर पर खेल रहा है और हम सभी जानते हैं कि उनकी टीम क्या करने की क्षमता रखती है, वे विश्व कप में नियमित तौर पर खेलते हैं और ग्रुप चरण की बाधा पार कर लेगा।' भारत टूर्नामेंट के लिए शनिवार को कतर की राजधानी पहुंच गया।



### एशियाई कप की तुलना में यह कठिन ग्रुप

यह पूछने पर कि उनकी योजना क्या होगी तो स्टिमक ने कहा, 'यह ग्रुप पिछले एशियाई कप की तुलना में ज्यादा कठिन है। हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज है अच्छा प्रदर्शन और सुनिश्चित करना कि हम खेलते हुए स्थिर रहें और चोटिल नहीं हों। मैं नतीजों को लेकर खिलाड़ियों को दबाव में नहीं ला रहा हूं। हमें स्थिरता लाने की जरूरत है, हम भले ही किसी भी टीम के खिलाफ खेलें, हम निर्भीक होकर फुटबॉल खेलने की कोशिश करेंगे। मुझे अंतिम नतीजे से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हमारा अंतिम लक्ष्य विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करना है।'

## टी20 श्रृंखला 1-1 से बराबर

# न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 17 रन से हराया



एजेंसी ▶▶ माउंट मोनगानुई

मिशेल सैंटनर और जिम्मी नीशाम के बीच 46 रन की साझेदारी से न्यूजीलैंड ने रविवार को तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस पद्धति से 17 रन से हरा दिया। इससे बांग्लादेश की न्यूजीलैंड में पहली श्रृंखला जीतने की उम्मीद टूट गई और तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर रही। बांग्लादेश की पूरी टीम 19.2 ओवर में 110 रन पर सिमट गई थी। कप्तान नजमुल शांटो 17 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। केवल पांच बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच पाये थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड का शीर्ष क्रम फिर चरमरा गया और नौवें ओवर में टीम का स्कोर पांच विकेट पर 49 रन था। पर नीशाम (नाबाद 28 रन) और सैंटनर (नाबाद 18 रन) ने मिलकर 15वें ओवर तक न्यूजीलैंड को पांच विकेट पर 95 रन के स्कोर तक पहुंचाया। इसके बाद बारिश आ गयी और मैच खत्म हो गया। न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से 14.4 ओवर में 79 रन चाहिए थे और टीम इस स्कोर से आगे थी। बांग्लादेश ने पहला मैच पांच विकेट से जीता था जबकि दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

## खबर संक्षेप

### नए साल पर वैष्णो देवी के दर पर उमड़ा हुजूम



जम्मू। नए साल पर मां वैष्णो देवी के दर पर हाजिरी लगाने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा है। 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचे है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड सहित जिला पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं। बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग ने बताया कि अब तक 94.35 लाख श्रद्धालु दरबार में हाजिरी दे चुके हैं, जो पिछले साल के मुकाबले तीन लाख ज्यादा हैं। 31 दिसंबर को भी 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचे हैं। कटड़ा से भवन तक क्षेत्र को 6 सेक्टर में बांटा गया है।

### सेना को मिले 50 और अरमाडो वाहन



**जम्मू।** भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) से सटे राजोरी और पुंछ जिलों में हाल ही में सैन्य वाहनों पर हुए हमलों को देखते हुए 50 और एडवांस बुलेट प्रूफ वाहन भेजे गए हैं। इससे सैन्य जवानों को जंगल में छिपे आतंकियों का सफाया करने में मदद मिलेगी। सीमावर्ती राजोरी और पुंछ जिलों में एडवांस बुलेट प्रूफ अरमाडो वाहनों की संख्या बढ़ने से सेना अब पहले से और सुरक्षित हो जाएगी। ये बुलेट प्रूफ लाइट स्पेशलिस्ट वाहन (एएलएसवी) विशेष रूप से भारतीय सशस्त्र बलों के लिए बनाए गए हैं।

### नौसेना ने डेस्ट्रॉयर और फ्रिगेट से लैस टास्क ग्रुपों की समुद्र में तैनाती की

# जहाजों पर हमलों के बाद नौसेना ने समुद्र में बढ़ाई निगरानी, की जा रही विशेष सुरक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लाल सागर और अरब सागर में हाल के समय में कई व्यापारिक जहाजों हमलों के बाद भारतीय नौसेना ने निगरानी बढ़ा दी है। खासकर ईईजेड इलाके में विशेष तौर पर निगरानी की जा रही है। नौसेना ने बयान जारी कर बताया कि 'हाल के समय में लाल सागर, अदन की खाड़ी और सेंट्रल और उत्तरी अरब सागर में व्यापारिक जहाजों पर हमलों की कई घटनाएं हुई हैं। ऐसे में इस अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट की सुरक्षा और निगरानी के लिए भारतीय नौसेना ने कई कदम उठाए हैं।

*नौसेना ने बताया 'हवाई निगरानी के लिए लंबी दूरी के मेरीटाइम एयरक्राफ्ट पेट्रोलिंग कर रहे हैं। ईईजेड इलाके की प्रभावी तौर पर निगरानी की जा रही है। नौसेना, तटरक्षक बल के साथ समन्वय करके ऑपरेशन चला रही है।*

**खास बातें**

- लंबी दूरी के मेरीटाइम एयरक्राफ्ट पेट्रोलिंग कर रहे
- जहाजों पर हमले की 23 घटनाएं हो चुकी हैं



### नौसेना ने समुद्र में तैनात किए अपने युद्धक जहाज

*नौसेना ने बताया 'डेस्ट्रॉयर और फ्रिगेट से लैस टास्क ग्रुपों की समुद्र में तैनाती की गई है। किसी भी जहाज पर हमले की स्थिति में ये टास्क ग्रुप तुरंत प्रतिक्रिया देंगे। साथ ही हवाई निगरानी के लिए लंबी दूरी के मेरीटाइम एयरक्राफ्ट पेट्रोलिंग कर रहे हैं। ईईजेड इलाके की प्रभावी तौर पर निगरानी की जा रही है। नौसेना, तटरक्षक बल के साथ समन्वय करके ऑपरेशन चला रही है। नौसेना ने बताया कि हाल ही में भारत के ईईजेड इलाके के नजदीक जहाजों पर हमले हुए थे। एमवी रुएन जहाज भारतीय तट से करीब 700 नॉटिकल मील था, जब उसे समुद्री लुटेरों ने कब्जाने की कोशिश की। वहीं जब एमवी केम प्लूटो जहाज पर ड्रोन हमला हुआ तब वह भारत के पोरबंदर तट से करीब 220 नॉटिकल मील दूर था। नौसेना क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा के लिए समर्पित है।'*

### हूती विद्रोहियों द्वारा जहाजों को बनाया जा रहा निशाना

इस्राइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद से लाल सागर और अरब सागर में हूती विद्रोहियों द्वारा कई व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया गया है। फलस्तीनियों के समर्थन में हूती विद्रोही इन हमलों को अंजाम दे रहे हैं। अमेरिकी सेना ने शनिवार को ही लाल सागर में एक सिंगापुर के झंडे लगे व्यापारिक जहाज पर हमले की कोशिश को नाकाम किया। अमेरिकी सेना ने बताया कि 19 नवंबर से अब तक लाल सागर और अरब सागर के इलाकों में व्यापारिक जहाजों पर हमले की 23 घटनाएं हो चुकी हैं। जहां हमले हो रहे हैं, वह अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट का हिस्सा है। खतरे को देखते हुए भारतीय नौसेना ने लाल सागर और अरब सागर में अपने पांच युद्धक जहाज तैनात कर दिए हैं।

#### डकैती की घटनाएं आई थी सामने

*दरअसल कुछ समय पहले भारतीय तट से लगभग 700 समुद्री मील दूर एमवी रुएन पर समुद्री डकैती की घटना सामने आई है और इसके बाद पोरबंदर से लगभग 220 समुद्री मील अरब सागर में 'एमवी केम प्लूटो' पर ड्रोन से हमला हुआ था। जिस समय यह हमला हुआ उस समय इस जहाज में 21 भारतीय और वियतनाम का एक नागरिक सवार था। इन घटनाओं के बाद भारतीय नौसेना ने अदन की खाड़ी क्षेत्र में समुद्री डकैती को रोकने के प्रयासों को बढ़ाने की दिशा में इस इलाके में एक और स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक पोत तैनात कर दिया था।*

#### क्या होता है ईईजेड

ईईजेड समुद्र में एक एक्सक्लूसिव इकॉनोमिक जोन होता है, जो आमतौर पर किसी भी देश की समुद्री सीमा से 230 नॉटिकल मील का इलाका माना जाता है। ईईजेड की समुद्री सीमा के प्रत्येक संसाधन पर उस देश का हक होता है। इस इलाके में घुसपैठ या हमला उस देश की संप्रभुता पर हमला माना जाता है।

### यूएपीए के तहत कार्रवाई

# मुस्लिम लीग के बाद अब तहरीक-ए-हुर्रियत पर बैन

- भारत विरोधी प्रचार फैला रहा है,आतंकी गतिविधियों में लिप्तता
- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर में मुस्लिम लीग पर प्रतिबंध के बाद अब 'तहरीक-ए-हुर्रियत पर भी बैन लगा दिया गया है। इस संगठन को यूएपीए के तहत 'गैरकानूनी एसोसिएशन' घोषित किया गया है। यह संगठन जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने और इस्लामिक शासन स्थापित करने की निषिद्ध गतिविधियों में शामिल है।

यह समूह जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए भारत विरोधी प्रचार फैला रहा है और आतंकवादी गतिविधियां जारी रख रहा है। गृह मंत्रालय ने यूएपीए के तहत पार्टी को गैरकानूनी संघ' घोषित किया है। इसकी जानकारी गृह मंत्री अमित शाह ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा की है।



#### आतंक के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस

अमित शाह ने एक्स हैंडल पर लिखा है कि पीएम मोदी की आतंकवाद के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति है, इसलिए भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन को तुरंत विफल कर दिया जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा था कि मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर (मसरत आलम गुट)/एमएलजेके-एमए को यूएपीए के तहत एक 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया गया है। यह संगठन और इसके सदस्य जम्मू-कश्मीर में राष्ट्र-विरोधी और अलगाववादी गतिविधियों में शामिल हैं, आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करते हैं और लोगों को जम्मू-कश्मीर में इस्लामी शासन स्थापित करने के लिए उकसाते हैं।

### पीएम मोदी को सप्रेम भेंट



नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपनी पुस्तक 'व्हाई भारत मैटर्स' की पहली प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट की।



### घरेलू रक्षा औद्योगिक तंत्र को मजबूत कर रही केंद्र सरकारः राजनाथ सिंह

एजेंसी ▶▶ तेजपुर

तेजपुर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि असम ने देश को ऐसे प्रतीक दिए हैं जिन्होंने कला, वीरता, धर्म, राजनीति और लगभग सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जहां तक मैं समझ पाया हूं, मैं कह सकता हूं कि युवा छात्रों में शिक्षकों की तुलना में अधिक नयापन है। समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार देश को एक रणनीतिक अर्थव्यवस्था बनाने के लिए घरेलू रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का एक मजबूत आधार विकसित कर रही है। मंत्रालय रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि हथियारों के आयात को प्रतिबंधित किया गया है, क्योंकि अब कई हथियार अपने देश में ही बनेंगें। उन्होंने कहा, हमने पांच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियां जारी कीं, जिसके तहत 509 ऐसे रक्षा उपकरणों की पहचान की गई है, जिनका निर्माण अब स्वदेशी रूप से किया जाएगा। इसके अलावा, हमने रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की 4 सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची भी जारी की है, जिसमें 4,666 वस्तुओं की पहचान की गई है जिनका निर्माण अब हमारे देश में किया जाएगा।




*Terms & conditions apply. Product shown in the picture may vary from the actual product available in the market. Accessories shown in the product are not part of the standard equipment.

Down Payment 5999* | Low ROI @ 9.99%* | 100 Pe100* | No Hypothecation*

For dealer details, WhatsApp or missed call on 7230032200 or scan the QR Code

1. Connect earphones
2. Scan QR code
3. Enjoy the video

CLICK BOOK RELAX Honda 2Wheelers

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda2wheelersindia.com

Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI: Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-29963627/28, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; WEST DELHI: One Honda (Meenakshi Garden) - 9120100400, 8448071888; Punjabi Bagh - 8448080272; Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; CENTRAL DELHI: Smooth Honda (Daryaganj) - 011-48119999, 8010209992, 9873069992; J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 955500730; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; EAST DELHI: Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Ill Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; NORTH DELHI: Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; BALLABGARH: Kabir Honda - 9312655454; GAUNCHI BALLABGARH: Kabir Honda - 9599396896; FARIDABAD: Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; GREATER FARIDABAD: Pick up Honda - 9873820000; GURUGRAM: Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; KHANDSA ROAD GURUGRAM: Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; BADSHAHPUR GURUGRAM: 9773548811; PALAM VIHAR GURUGRAM: Ganpati Honda - 9910894234; GURUGRAM RAILWAY ROAD: Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; SEC- 52 GURUGRAM: Yume Honda - 8130364222, 9266668820; MANESAR: Ganpati Honda - 9910894239; PATAUDI: Yume Honda - 8222840011; GAUTAM BUDDHA NAGAR: Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; GHAZIABAD: JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; GREATER NOIDA: Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; HODAL: Mukund Honda - 8814003484; PALWAL: Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; SOHNA: Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; BULANDSHAHR: Shri Masha Honda - 281455, 09568519999; Shri Masha Honda (Sikandrabad) - 8477004028; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 9837098515, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 7536810266; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; BAHADURGARH: Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; JHAJJAR: Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; ROHTAK: Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; KALANAUR: Kamakshi Honda - 9034655187; SAMPLA: Rama Honda - 8684840808, 8684840505; GOHANA: Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; SONEPAT: Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT): Triumph Honda - 9254015901; GANNAUR: Triumph Honda - 9254015908; KHARKHODA: Ashirwad Honda - 9017190979; KUNDLI: Triumph Honda - 9254015904; BAHALGARH: Triumph Honda - 9034015921.

For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com